सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 44.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-349 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 31 मई 2024
22 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



## जम्मू-कश्मीर में भीषण सड़क हादसा, यात्रियों से भरी बस गिरी

# खाई में समाई 22 सांसे

**हादसा**

- शिवखोड़ी जा रहे थे यात्री 40 ज्यादा लोग घायल
- सामने से आ रही बस से बिगड़ा संतुलन



**जम्मू।** जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर अखनूर के टूंगी मोड़ क्षेत्र में गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त हुई बस में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है। 40 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। यात्रियों से भरी बस जिस खाई में गिरी वह करीब 150 फीट गहरी बताई जा रही है। अभी तक की पड़ताल में हादसे की जो बड़ी वजह सामने आई है उसके मुताबिक, रास्ते में टूंगी मोड़ क्षेत्र के पास एक तीखा मोड़ पड़ा और अचानक सामने से दूसरी बस आ गई। इससे दुर्घटनाग्रस्त हुई बस के चालक का संतुलन बिगड़ गया। चालक जब तक बस पर नियंत्रण पाता, उससे पहले ही गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत राहत और बचाव अभियान चलाया गया। गुरुवार दोपहर लगभग 12.00 बजे उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत बस (यूपी 86 ईसी 4078) हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालुओं को शिवखोड़ी ले जा रही थी। शिवखोड़ी धाम रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 75 से अधिक यात्री सवार थे। बस जिस खाई में गिरी वहां गहराई होने से लोगों को घायलों तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हादसे में बस इस कदर क्षतिग्रस्त हो गई कि शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। लोगों ने किसी तरह रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया।

### राष्ट्रपति, उपराज्यपाल व सीएम ने जताया दुख

जम्मू के अखनूर में हुए सड़क हादसे को लेकर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुख प्रकट किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू के निकट अखनूर में हुई बस दुर्घटना में लोगों की मौत की खबर सुनकर उन्हें बहुत दुख हुआ। एलजी ने कहा कि जम्मू के अखनूर में हुई बस दुर्घटना हृदय विदारक है। उन्होंने इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू एवं कश्मीर में बस दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री जी ने मृतकों के परिजनों को 02-02 लाख रुपये तथा गम्भीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# सीएम केजरीवाल की अर्जियों पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**मनी लॉन्ड्रिंग**

- केजरीवाल जमानत मांगने पहुंचे कोर्ट
- अब एक जून को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम और नियमित जमानत की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसी को शनिवार तक केजरीवाल की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल, केजरीवाल की ओर से दो अर्जी दायर की गई है। एक अर्जी में उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग केस में नियमित जमानत की मांग की है। दूसरी अर्जी में उन्होंने सात दिनों के लिए अंतरिम जमानत दिए दिए जाने की मांग की है। कोर्ट ने दोनों अर्जियों पर ईडी को नोटिस जारी किया है। एक जून को दोपहर दो बजे आगे सुनवाई होगी। केजरीवाल फिलहाल इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर एक जून तक हैं। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इन्कार कर दिया। रजिस्ट्री ने कहा, चूंकि जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत के साथ ही नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट में जाने की छूट दी है, इसलिए यह याचिका स्वीकार्य नहीं है। रजिस्ट्री की ओर से यह भी कहा गया कि चूंकि गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखा जा चुका है, इसलिए उनके तत्काल आवेदन का अदालत के समक्ष मामले से कोई संबंध नहीं है।

# महोबा में लू और बुखार से मासूम समेत 14 की मौत

**जानलेवा हुई गर्मी**



**महोबा।** महोबा जिले में भीषण गर्मी और लू के थपेड़े जानलेवा बन गए हैं। गुरुवार को लू व बुखार की चपेट में आने से मासूम समेत 14 लोगों की मौत हो गई। तीन दिन के अंदर गर्मी से 28 लोगों की जान चुकी है। वहीं 14 मरीजों की हालत गंभीर होने पर उनका जिला अस्पताल के वार्डों में चल रहा है। डॉक्टर दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।बुंदेलखंड की पठारी धरती पर आग उगलती सूर्य की किरणों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जरा सी लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। थाना श्रीनगर के पिपरामाफ निवासी अनंता विश्वकर्मा (25) गुरुवार की जानवरों को पानी पिलाने पशुबाड़े गया था। पानी पिलाते समय वह अचानक गश खाकर गिर गया। जब परिजन पशुबाड़े पहुंचे तो अचेत अवस्था में उसे अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## विपक्षी दलों पर राजनाथ सिंह ने किया कड़ा प्रहार

# डायनासोर की तरह विलुप्त हो गई है कांग्रेस

**तंज**

- अब सपा की बारी है
- ये लोग जनता को गुमराह करते है

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी कुछ ही दिनों में समाप्त हो जाएगी और कांग्रेस की हालत इतनी पतली है कि जैसे डायनासोर धरती से विलुप्त हो गया वैसे ही कांग्रेस भी विलुप्त होने वाली है। कहा कि ये लोग (विपक्षी दल) झूठ बोल कर जनता को गुमराह करते हैं जबकि भाजपा जनता की आंखों में आंखें डालकर राजनीति करती है। भारतीय जनता पार्टी अकेली ऐसी पार्टी है जो कहती है वो करती है। हमने कहा धारा 370 हटाएंगे तो हटाया, हमने कहा राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे तो डंके की चोट पर बनाया।

अब राम लला झोपड़ी से निकलकर अब अपने महल में पहुंच चुके हैं। जो रामराज्य की शुरुआत है। हमनें कहा कि तीन तलाक़ समाप्त करेंगे तो किया। हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई जो भी भारतवासी हैं उन्हें हम भाई मानते हैं इसलिए सरकार रहे या भाड़ में जाए भारतीय जनता पार्टी किसी की बहन बेटी के साथ जुल्म नहीं करने देगी।



### यूपी में बदमाशों की गर्मी को योगी ने ठंडा किया

मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तपती गर्मी में भी बदमाशों को शिमला की ठंड का अहसास अगर किसी ने कराया है तो वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। लोग कहते हैं कि इतनी सख्ती की क्या जरूरत है तो मेरी बात सुन लीजिए किसी भी राज्य के विकास की पहली आवश्यकता वहां की कानून व्यवस्था है जिसे योगी जी ने ठीक किया है। इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए श्री सिंह ने कहा कि ये लोग झूठ बोलते हैं। मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण समाप्त कर देंगे। जबकि भारत के इतिहास में पिछड़ा वर्ग आयोग को पहली बार मान्यता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही दिया।

# जम्मू-कश्मीर में पुलिस सेना के बीच मारपीट

### सेना के तीन लेफ्टिनेंट कर्नल समेत 16 के खिलाफ हत्या के प्रयास व डकैती का मामला दर्ज

**कुपवाड़ा।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना के जवानों पर चार पुलिसकर्मियों की पिटाई करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। हालांकि सेना के प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस और सैन्य जवानों के बीच मामूली मतभेद हुआ था, जिसे सुलझा लिया गया है। एफआईआर के अनुसार, कुपवाड़ा पुलिस स्टेशन पर हुए हमले में कथित संलिप्तता के लिए सेना के तीन लेफ्टिनेंट कर्नल और 13 अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास और डकैती का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कुपवाड़ा पुलिस थाने में तैनात विशेष पुलिस अधिकारी रईस खान, इम्तियाज मलिक, कांस्टेबल सलीम मुश्ताक, जहूर अहमद को मंगलवार देर रात घायल अवस्था में श्रीनगर के सोवरा इलाके में स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसकेआईएमएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि एक सैन्य अधिकारी के नेतृत्व में कुछ जवानों ने थाने में घुसकर पुलिस कर्मियों की पिटाई की, जिसमें चार पुलिस कर्मी घायल हो गए। हालांकि पुलिस व सेना के अधिकारी विवाद को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं।



## मनमोहन सिंह का मोदी पर तीखा हमला

**अमृतसर।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने आज कांग्रेस की तारीफ करते हुए पंजाब के लोगों को पत्र लिखकर वोट देने की अपील की है। उन्होंने इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन पर चुनाव प्रचार के दौरान 'द्वेषपूर्ण भाषण' देकर सार्वजनिक संवाद के साथ ही प्रधानमंत्री पद की गरिमा को भी कम करने का आरोप लगाया।

सिंह ने लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान से पहले पंजाब के मतदाताओं से अपील करते हुए दावा किया कि केवल कांग्रेस ही है जो ऐसा विकासोन्मुख प्रगतिशील भविष्य सुनिश्चित कर सकती है, जहां लोकतंत्र और संविधान की रक्षा होगी। पंजाब के मतदाताओं को लिखे एक पत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सशस्त्र बलों पर अग्निवीर योजना थोपने का भी आरोप लगाया।

# मेरी चुप्पी को कमजोरी न समझें: पीएम

### होशियारपुर में गरजे मोदी, इंडी गठबंधन के लोग मुझे नई-नई गालियां देते हैं

**निशाना**

- कांग्रेस को भ्रष्टाचार करने में 70 साल लगे लेकिन 'आप' वाले तो जन्म से ही भ्रष्टाचारी पैदा हुए हैं

**होशियारपुर।** पंजाब में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी होशियारपुर में पहुंचे। रामलीला ग्राउंड में वे इंडी गठबंधन पर खूब बरसे। मोदी ने कहा कि मैं अभी चुप बैठा हूं, जिस दिन मोदी मुंह खोलेगा तुम्हारी सात पीढ़ी का हिसाब निकाल कर बाहर रख देगा।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग मुझे नई-नई गालियां देते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर लिया है। अब आम आदमी पार्टी भी इसमें जुड़ गई है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को भ्रष्टाचार करने में 70 साल लगे लेकिन आप वाले तो जन्म से ही भ्रष्टाचारी पैदा हुए हैं। चुनाव में इन्होंने नशे को लेकर भाषण दे देकर पंजाब को बदनाम कर दिया और सरकार बनते ही नशे को ही अपनी कमाई का साथी बना लिया। पंजाब में खेती और उद्योग को बर्बाद कर दिया। नारी उत्पीड़न में भी यह सबसे आगे हैं। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले वीरों का अपमान करते हैं। इन्होंने जनरल बिपिन रावत को गली का गुंडा कहा था। यह सेना का अपमान था। कांग्रेस राज में सेना को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। तेजस फाइटर प्लेन के प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। वन रैंक वन पेंशन के लिए सवा लाख करोड़ रुपये हमारी सरकार ने खर्च किए। हमारा लक्ष्य भारतीय सेना को सबसे ज्यादा आधुनिक बनाना है। गरीब कल्याण मेरी सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है और इसमें गुरु रविदास जी की प्रेरणा है। गुरु रविदास जी कहते थे- ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न छोट-बड़ो सब सम बसे, रैदास रहै प्रसन्न। चुनाव की इस भागदौड़ में भी हमारी सरकार एक पल भी व्यर्थ नहीं कर रही है। सरकार बनते ही अगले 125 दिन में क्या होगा?... इसके रोडमैप पर काम कर लिया गया है। इसमें भी 25 दिन विशेष तौर पर युवाओं के लिए रखे गए हैं। अगले 5 साल में कौन से बड़े निर्णय लेने हैं, इसकी भी रुपरेखा खींची जा चुकी है। अगले 25 साल के विजन पर भी हमारी सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है।

### सेना का अपमान बर्दाश्त नहीं



मोदी ने कहा कि सेना 26 जनवरी में परेड के लिए नहीं दुश्मन से लड़ाई के लिए तैयार की जाती है। मुझे गालियां दो लेकिन देश की सेना का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करूंगा। रैली में मोदी ने बड़ा एलान किया कि आदमपुर हवाई अड्डे का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने होशियारपुर से भाजपा प्रत्याशी अनीता सोमप्रकाश और आनंदपुर साहिब से सुभाष शर्मा को वोट देने की अपील की।

# आजम खान को डूंगरपुर मामले में दस साल की सजा

**मुकदमा**

- आजम खां को फिर लगा कोर्ट से झटका
- रामपुर के एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सुनाया अपना फैसला



**रामपुर।** डूंगरपुर के एक और मामले में सपा नेता आजम खां को कोर्ट ने झटका दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को आजम खां को 10 साल की सजा 14 लाख जुर्माना की सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान सपा नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सीतापुर जेल से जुड़े। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें से तीन मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि एक मामले में उन्हें सात साल की कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। सपा नेता आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने आजम खां व ठेकेदार बरकत अली को दोषी करार दिया था। गुरुवार को दोनों को सजा सुनाई गई। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त, 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम छह दिसंबर, 2016 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा।

# लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए प्रचार थमा, एक को वोटिंग

**रैली**

- यूपी के 13 सीटों पर मतदान एक जून को
- दांव पर पीएम मोदी, ममता के भतीजे और लालू की बेटी समेत कई दिग्गजों की साख



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम और सातवें चरण के लिए प्रचार अभियान बृहस्पतिवार को थम गया। इस चरण में यूपी की 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इसके साथ ही 18वीं लोकसभा के लिए प्रचार अभियान पूरा हो गया। सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के 57 संसदीय क्षेत्रों में 1 जून को मतदान होगा। इस चरण में कुल 904 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश और पंजाब में तेरह-तेरह, पश्चिम बंगाल में नौ, बिहार में आठ, ओडिशा में छह, हिमाचल प्रदेश में चार, झारखंड में तीन और चंडीगढ़ में एक सीट पर एक जून को मतदान होना था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार मैदान में हैं। सातवें चरण में यूपी की महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज के लिए एक जून को मतदान होगा। इसके साथ ही दुद्धी (अजजा) विधानसभा उप चुनाव के लिए भी वोट पड़ेंगे। इन्हीं लोकसभा सीटों में से पूर्वांचल की आठ सीटों पर भी मतदान होगा। वाराणसी सीट पर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 में पूर्वांचल की इन आठ में से छह सीटों पर भाजपा व दो सीटों पर बसपा को जीत मिली थी।

**चुनाव प्रचार**

## सीएम ने कुल्लू में जनसभा को किया संबोधित

# कांग्रेस मुस्लिम लीग का नया संस्करण: योगी

**प्रत्याशी**

- योगी ने की कंगना रनौत की तारीफ
- कंगना में मीरा की भक्ति व लक्ष्मीबाई जैसा शौर्य है



**कुल्लू।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस मुस्लिम लीग का नया संस्करण है। उन्होंने कहा कि देश में विरासत टैक्स और पर्सनल लॉ लागू करके कांग्रेस देश में तालिबानी शासन लागू करना चाहती है।

श्री योगी गुरुवार को डालपुर में मंडी लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल की बेटी कंगना रनौत में मीरा बाई की भक्ति, महारानी पद्मिनी का तेज और विरोधियों से जूझने के लिए महारानी लक्ष्मी बाई की तरह शौर्य और वीरांगना का भाव है। कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की सरकार को इन्होंने मुम्बई में सड़कों पर लाकर पानी पिलाने को मजबूर कर दिया था। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली महादेव और हिंडम्बा माता की धरा को नमन करते हुए कहा कि यहां का मौसम बहुत सुहावना है। मैदान में हम लोग झुलस रहे हैं। दिल्ली का तापमान 52 डिग्री और गोरखपुर में 48 डिग्री तापमान था। जब यहां आया तो बहुत राहत महसूस हुई, अहसास हुआ कि हिमाचल को देवभूमि क्यों कहा जाता है। मेरा जन्म भी पहाड़ों में ही हुआ है। ये प्रकृति और परमात्मा का संयोग है कि मुझे यूपी में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। जब मुझे हिमाचल में प्रचार के लिए कहा गया तो मैंने कहा था कि कंगना जी के लिए जरूर जाउंगा। आज पूरे हिन्दुस्तान में एक ही नारा गूंज रहा है, वह है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। पूरा देश कह रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। पूरा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच आकर सिमट गया है। रामद्रोही वही हैं जो आतंकवाद और नक्सलवाद का समर्थन करते हैं, जो भारत की अस्मिता और अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा करते हैं, जिन्होंने विकास को बाधित किया और गरीबों के हक पर डकैती डाली।

योगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में बीजेपी ने पहली बार संकल्प लिया था कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। अब 500 साल का इंतजार समाप्त हुआ है। पहली बार अयोध्या में रामलला ने अपने भव्य मंदिर में होली भी खेली और जन्मोत्सव भी मनाया। उन्होंने कहा कि काशी में भी भव्य काशी विश्वनाथ धाम बन चुका है और अब हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं। हम भारत की अस्मिता के लिए जो भी आवश्यक होगा उसके लिए कोई भी कदम उठाने में नहीं हिचकेंगे।

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले लगातार आतंकी घटनाएं घटित होती थीं। कांग्रेस ये कहकर घुटने टेक देती थी कि आतंकवाद तो सीमापार से है। अब तो तेज आवाज में पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है।

नये भारत में बड़े बड़े विकास के कार्य हम देख रहे हैं। आज हिमाचल प्रदेश में भी अपना एम्स है। एक तरफ भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहा है तो वहीं पाकिस्तान की कुल 23 करोड़ की आबादी भूखों मर रही है।

# भीषण गर्मी की वजह से बाजारों, सड़को पर पसरा सन्नाटा







*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** गुरुवार को सूर्योदय होते ही मौसम ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया। सूर्योदय होने के साथ तापमान भी बढ़ता चला गया सूर्य के तेवर सख्त होते चले गए दोपहर होते होते आसमान से आग सी बरसने का अहसास होने लगा। जिसके चलते ज्यादातर लोग घरों में दुबके रहे। इस दौरान बिजली कटौती ने लोगो को और परेशान करके रख दिया। इस भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए लोग पेड़ो की छाव तलाशते नजर आए वही कूलर और पंखे भी जवाब दे गए। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक में सड़को पर सन्नाटा पसरा रहा। ऐसा लग रहा है मानो आसमान से आग बरस रही हो। इस बीच चली हवाएं भी बेहद गर्म रही गर्म लू हर किसी के बदन को झुलसा रही थी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने गर्म मौसम से बचने के लिए नदी, नहरों व तालाबों, ट्यूबबेल में उछल कूद मचाई शहर का यह हाल रहा कि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा रहा सड़क पर गिने चुने चैपहिया वाहन ही नजर आ रहे थे। नगर की मार्केट में भी पसरा रहा सन्नाटा। इस दौरान हवाएं इतनी तेज चल रही थी की धूल के गुब्बार हर तरफ नजर आ रहे थे। तापमान में उछाल आने के कारण कूलर व पंखो से भी गर्म हवा ही निकल रही थी बड़े तो बड़े बच्चे भी इस गर्म मौसम में परेशान नजर आ रहे है नगर में लोग ठेले से बर्फ खरीद कर इस मौसम से बचने के लिए ठंडा पानी पी रहे थे। इस भीषण गर्मी की वजह से काफी संख्या में लोग बीमार भी पड़ रहे हैं गुरुवार को मोहम्मदी में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा।

## पाइपलाइन में लीकेज से कई मोहल्लों मे पानी की दिक्कत

**लखीमपुर खीरी।** पानी की पाइपलाइन में लीकेज होने से निर्मलनगर, आवास विकास और बेगमबाग आदि मोहल्लों के लोग शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं। समस्या समाधान का दावा करने वाले नगर पालिका के जिम्मेदार कई दिन बाद भी जलापूर्ति सुचारू नहीं कर सके हैं। गर्मी बढ़ते ही कई मोहल्लों में जलापूर्ति की समस्या भी बढ़ गई है। मोहल्ला निर्मलनगर, हाथीपुर उत्तरी में कई दिन से लोग पानी के लिए परेशान हैं। दिन में सिर्फ आधे से एक घंटा ही पानी आता है। इससे लोगों को बड़ी असुविधा होती है। मोहल्ला बेगमबाग, आवास विकास और कई अन्य स्थानों पर भी लीकेज की वजह से जलापूर्ति प्रभावित है। बेगमबाग में ओवरहेड टैंक परिसर में ही पाइपलाइन में लीकेज की समस्या है। लगातार पानी के बहने से ओवरहेड टंकी परिसर में मिट्टी का कटान और धंसाव हो रहा है, जिससे ओवरहेड टैंक के धंसने का भी खतरा मंडरा रहा है। मलिन बस्ती के पंप के पास की पाइपलाइन में भी लीकेज है।

# सर्वाइकल वैक्सीनेशन कार्यक्रम में 19 महिलाओं ने कराया वैक्सीनेशन

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान एवं जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी के मार्गदर्शन में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत सर्वाइकल वैक्सीनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 19 महिलाओं ने अपना वैक्सीनेशन कराया।

दीवानी कचहरी परिसर में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत सर्वाइकल वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी ने फीता काटकर कर किया गया। इस अवसर पर पूर्ण कालिक सचिव व अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने बताया कि सर्वाइकल कैसंर अभियान में लगभग 19 महिलाओं ने अपना वैक्सीनेशन कराया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने बताया कि सर्विकल कैंसर दुनिया का एकमात्र ऐसा कैंसर है, जिसकी रोकथाम वैक्सीन द्वारा सम्भव है। जिसका टीकाकरण 11 वर्ष से 40 वर्ष तक की बालिकाओं व महिलाओं में कराया जाना जीवन के बचाव के लिये सुरक्षित होगा। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारी, मुख्य नोडल अधिकारी एनसीडी श्रीमती शिवांका गौड, एनसीडी मैनेजर लोहित भारती डॉ.पंकज, स्टॉफनर्स शिवानी, एएनएम रूचिका जैनवाल एवं दीवानी कचहरी के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिविल जज (जू.डि.) सुश्री आकांक्षा तिवारी ने किया।

## तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से आमजन को किया जागरूक

**सहारनपुर।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जिला व्यापार मण्डल की बैठक में लोगों को तम्बाकू के सेवन से दूर रहने व उससे होने वाली भयंकर बीमारियों के प्रति सचेत किया गया तथा तम्बाकू से भारत को मुक्त करने की इच्छा शक्ति दोहराई गई।

स्थानीय रेलवे रोड स्थित जिला मुख्यालय पर जिला व्यापार मण्डल द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि भारत में तम्बाकू सेवन की शुरूआत हुक्के के रूप में अकबर बादशाह के कार्यकाल में सन 1609 में हुई। उसके बाद तम्बाकू सेवन में पूरे विश्व में बीडी, सिग्रेट व गुटका व अन्य माध्यमों से लोगों ने तम्बाकू का सेवन शुरू कर दिया और आज तम्बाकू के जाल में विश्व की 26 प्रतिशत आबादी फंसी हुई है। श्री टण्डन ने कहा कि इसके कारण कैसर सहित अनेक भयानक रोगों के लोग शिकार हो रहे है। तम्बाकू का सेवन कितना खतरनाक है वह इस बात से समझा जा सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसी सदी की सबसे बड़ी बीमारी करार दिया है। संचारी रोगों की सबसे बड़ी जड़ आज तम्बाकू ही है। श्री टण्डन ने कहा कि आज की युवा पीढी में गुटका, पान मसाला व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन बढ़ता जा रहा है यह बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गो को तथा केन्द्र व राज्य सरकारों की तम्बाकू सेवन के निषेध के लिए व देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रभावशाली कदम उठाने होंगे। व्यापार मण्डल इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलायेगा। श्री टण्डन ने कहा कि देश के फिल्मी सितारों को भी तम्बाकू सेवन जैसे विज्ञापनों के प्रचार प्रसार करने से भी दूर रहना चाहिए।

## मनमोहन पक्ष ने बाहरी लोगों को बुला रखा था फायरिंग कर दहला दिया गांव

**लखीमपुर खीरी।** सिकंदराबाद दीवार गिराने पर बुधवार को बवाल अचानक नहीं हुआ था, यह पूर्व नियोजित था। पुलिस का कहना है कि मनमोहन पक्ष ने बाहरी लोगों को बुला रखा था, जो मंगलवार से उसी के घर रुके हुए थे। इन्ही लोगों ने बुधवार को फायरिंग कर गांव को दहला दिया।डायल 112 के सिपाहियों पर भी पथराव किया। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी। तलाशी अभियान चलाया, जो मिला उस पर डंडे बरसाए। नीमगांव एसओ श्रद्धा सिंह ने भी सीओ समेत अन्य अफसरों की मौजूदगी में एक युवक को घर से बाहर निकाल जमकर डंडे बरसाए। एसओ के डंडा बरसाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।बवाल के बाद लखहा गांव के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर मनमोहन पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद जिन लोगों ने पथराव और फायरिंग की, उनमें एक दर्जन लोग बाहरी थे। बाहर से आए गुंडों ने ही मामले को बढ़ाया। बाहरी लोगों को बुलाकर गांव में पथराव और फायरिंग कराने की चर्चाएं आम हैं।

## आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर आक्रोशित हुये परिजन

**लखीमपुर खीरी।** ग्राम मिर्जापुर में प्रेमिका के घर पीट-पीटकर नागेश की हत्या करने के मामले में 24 घंटे के बाद आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो परिजनों का आक्रोश भड़क गया। बुधवार को उन्होंने नागेश का शव मैगलगंज रोड पर रखकर जाम लगा दिया। करीब आधे घंटे तक सड़क जाम होने से यातायात भी प्रभावित हो गया। कार्रवाई का आश्वासन देकर पुलिस ने परिजनों को शांत कराया।मंगलवार की तड़के करीब चार बजे ग्राम मिर्जापुर निवासी विनोद का पुत्र नागेश अपनी प्रेमिका से मिलने उसी के घर पहुंच गया था। इसी दौरान लड़की पक्ष के लोगों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आक्रोशित परिजनों ने युवक की जमकर पिटाई की। युवती की भी पिटाई लगाई। युवक पर धारदार हथियार से भी हमला किया।लहूलुहान हालत होने के बावजूद किसी तरह नागेश ने खुद को बचाया और डायल 112 को कॉल करके बचाने की सूचना दी। करीब 20 मिनट में मौके पर पहुंची पुलिस ने नागेश को बाहर निकाला और गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल ले गए थे, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## अवैध असलहा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** भीरा पुलिस ने अवैध असलहा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उस पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि एसपी खीरी के निर्देशन पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास एक 2 बोर अवैध तमंचा व एक जीवित कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रहमत अली निवासी गांव कुकरा थाना मैलानी का होना बताया है। आरोपी पर संबंधित धाराओं मैं मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है।

## युवती के पिता ने पुलिस को दी तहरीर

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को बहलाफुसला कर भाग ले जाया गया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया मूडा निवासी एक युवक का मैलानी थाना क्षेत्र के गांव में आना जाना था। जहां से वह एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पिपरिया मूडा निवासी रोहित पुत्र रामपाल, विशात्र पुत्र खग्गाराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विवेचना महिला उप निरीक्षक अपूर्वा शर्मा को दी गई है।

## 220 ग्राम चरस समेत एक नशा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** कोतवाली मण्डी पुलिस ने 01 शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 220 ग्राम चरस नाजायज व 280 रुपये नगद बरामद किये है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम को चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली मण्डी प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 01 अभियुक्त साहिल उर्फ शालू पुत्र आरिफ निवासी हलवाईयान मस्जिद के पास कमेला कालोनी थाना मण्डी को प्राथमिक विद्यालय कमेला कालोनी के सामने पुलिया से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 220 ग्राम चरस नाजायज व 280 रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि वह यह चरस हरियाणा से बेचने के लिए लाता है और यहां आस पास के क्षेत्रों में मंहगे दाम पर बेच देता है।

# चोरी की स्कूटी के साथ दो वाहन चोर दबोचे



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने सड़क दूधली से चोरी हुयी एक स्कूटी समेत 02 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सलता हासिल की है, जिनके कब्जे से चोरी की 01 स्कूटी बरामद हुयी है। विदित हो कि 25 मई को कुर्बान पुत्र इकवाल निवासी सडक दूधली थाना जनकपुरी ने अज्ञात चोर पर ग्राम सड़क दुधली में उसके घर के सामने से उसकी स्कूटी चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना जनकपुरी पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना जनकपुरी प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो शातिर स्कूटी चोर रईश पुत्र शकूर निवासी मौ.महल कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान व आबिद पुत्र महमूद उर्फ बाबू निवासी रसूलपुर पापडेकी थाना गागलहेडी हाल पता किराये का मकान सडक दूधली थाना जनकपुरी को जमालपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद हुयी। आरोपियों के खिलाफ धारा 411 भादवि की वृद्धि की कर जेल भेज दिया गया। वाहन चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पीयूष कुमार, विजय सिंह, राजेश कुमार, हैड कांस्टेबल विकास कुमार शामिल रहे।

## चोरी की घटना का खुलासा, 2 शातिर चोर दबोचे11



## हजार की नगदी व एक मोबाइल बरामद

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 11000 रूपये नगद व 01 चोरी का मोबाइल बरामद किया है।

एसएसपी डॉ.विपिन ताडा के के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण व चोरी की घटनाओं की रोकथाम को चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना नागल पुलिस ने गश्त के दौरान 02 शातिर चोरों प्रशान्त पुत्र प्रवीन व विशाल पुत्र बिट्टू निवासीगण ग्राम डंघेडा थाना नागल को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से राकेश कुमार पुत्र हरिचन्द निवासी ग्राम बहोडूपुर थाना नागल के घर से चुराये गये 11,000 रूपये नगद व 01 मोबाईल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम दोनो नशे के आदि है। इसलिये हम लोग चोरी करके अपने नशे की जरूरतो को पूरा करते है।

# पंचायती विभाग के काले कानून का ग्राम प्रधानों ने किया विरोध, दिया धरना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सर्वदलीय प्रधान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने पंचायती विभाग द्वारा आचार संहिता में बनाये गये काले कानून के विरोध में धरना दिया और मुख्यमंत्री से जल्द से जल्द इस काले कानून को वापिस लेने की मांग की।

सर्वदलीय प्रधान संघर्ष समिति के पदाधिकारी इकट्ठा होकर हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायती विभाग द्वारा बनाये गये काले कानून का जमकर विरोध किया। संजय वालिया ने कहा कि आज जब आचार्य संहिता लगने पर हम अपनी बात भी नहीं कह सकते, वहां पंचायती राज विभाग ने प्रधानों की ताकत कम करने के लिए एक ऐसा काला कानून लाया है, जिसमें एक ग्रामीण पोर्टल तब खुलेगा जब पंचायत सहायक उसे पर अपना चेहरा लगाएगी। संजय ने कहा कि एक साल पहले पंचायत सहायक प्रधानों की संस्तुति पर लगे थे, जो 12वीं पास थे और न ही उन्हें कंप्यूटर का ज्ञान है ना उन्हें प्रशिक्षित किया गया और नहीं आज तक उन्होंने पंचायत का संभालने का काम किया और सरकार भी को गलती होने पर उनकी जिम्मेदारी नहीं मानती है तब ऐसे में प्रधान जो जनता के द्वारा चुना गया है उसकी जगह पर पंचायत सहायक को महत्व देना अपने आप में पंचायती राज का मजाक बनाना है। प्रीतम सैनी ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री ने जल्द ही इस काले कानून को वापस नहीं लिया, हम सभी प्रधान सड़कों पर उतरने का काम करेंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे और जरूरत पड़ी, तो काम का बहिष्कार भी किया जायेगा। इस मौके पर प्रधान राजेश कुमार, मांगेराम, महबूब डॉक्टर अंसार अहमद, शेखर राणा, राजमणि, बीना सैनी, ममता, राजेश सैनी, राजकुमार, चरण सिंह, पंकज, संदीप, अरुण, शिवकुमार, अनुज, अजय, जगपाल सिंह, वैभव सैनी, जितेंद्र सैनी, पूनम, अब्दुल वहाब, मांगेराम, अनमोल सैनी, यशपाल सैनी, नावेद प्रधान, सतीश सैनी, सुधीर सैनी आदि प्रधान मौजूद रहे।

## पिछले दो माह से मण्डी समिति में खड़ा ट्रक संदिग्ध परिस्थितियों में जला



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डी कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मण्डी समिति में पिछले दो माह से खड़े एक डीसीएम में अचानक आग लग गयी। आग इतनी भयंकर थी कि क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने बामुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डीसीएम ट्रक जलकर राख हो चुका था। ट्रक स्वामी ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर उसके ट्रक को जलाने का शक जताया है।

जानकारी के अनुसार मण्डी कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मण्डी समिति में टोनी नामक व्यक्ति का डीसीएम ट्रक पिछले दो माह से खड़ा है। ट्रक स्वामी टोनी के मुताबिक ट्रक में कुछ सामान नहीं रखा था और न ही बैटरी चार्ज थी, लेकिन उसके बावजूद भी खडे-खडे ट्रक में इतनी भयंकर आग लग गयी। उन्होंने किसी अज्ञात व्यक्ति उनके ट्रक को जलाने की आशंका जतायी है। उन्होंने बताया कि ट्रक में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और बामुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डीसीएम गाड़ी जलकर खाक हो चुकी थी।

# 45 डिग्री तापमान में 410 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** फैमिली ऑफब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 410 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

दिल्ली रोड़ पर स्थित जैन बाग में एफबीडी द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में महिला एवं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में कुल 410 रक्त एकत्र हुआ। रक्तदान शिविर संयोजक अभयराज एवं विकास पंवार ने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता है।

ह्ययह केवल एक स्वस्थ महिला एवं पुरुष के शरीर से ही प्राप्त किया जा सकता है। रक्तदान करने से रक्तदाता के खून की जाँच करके कुछ सम्भावित बीमारियों का पता लगाया जा सकता है जिससे समय रहते उनका इलाज किया जा सकें। रक्तदान शिविर में मोहित, विक्रांत पंवार, वैशाली, अंकित, देवराज चौधरी, संदीप पंवार, बलकार, सौरव कश्यप, जिशान, धर्मवीर, अंजलि, नितिन, संजय संगम, रितिक, अनिल, रवि, मौ0 आरिफ़, सहजाद आदि ने रक्तदान किया।

## थाना सदर बाजार का एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने किया वार्षिक निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने आज थाना सदर बाजार का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला हैल्प डेस्क, साईबर हैल्प डेस्क, मैस, बंदी गृह समेत अभिलेखों की गहनता से जांच की और संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिये। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा आज पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक व पुलिस उपाधीक्षक द्वितीय विद्या आनंद के साथ थाना सदर बाजार पहुंचे और निरीक्षण के दौरान महिला हैल्प डेस्क, साईबर हैल्प डेस्क, मैस, बंदी गृह, माल खाना, शस्त्रों के रखरखाव व संचालन, सीसीटीवी कैमरो की चैकिंग की। इसके बाद एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने थाने में अभिलेखों की गहनता से जांच कर अपराध एवं लम्बित विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने थाने पर तैनात उपनिरीक्षक शिशुपाल सिंह को नगद पुरस्कार, उपनिरीक्षक देवेन्द्र अधाना व पुष्पेन्द्र सिंह तथा महिला उपनिरीक्षक दीक्षा कुमारी को उत्तम प्रवृष्टि दी तथा ग्राम प्रहरियों को छाते वितरित किए।

# डीसीएम ने कार को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर



*अवधनामा संवाददाता*

**नागल।** थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत गांव बोहडुपुर के समीप डीसीएम व कार की हुयी जबरदस्त भिडंत में कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना मंगलौर के ताशीपुर निवासी प्रमोद कुमार महात्मा विद्यानंद के साथ कार में सवार हो खजूरवाला जा रहे थे। बताया जाता है कि दोपहर के समय जैसे ही उनकी कर बोहडुपुर के निकट पहुंची तभी अचानक सामने से तेज गति से आ रहे एक डीसीएम से उनकी कार की भिड़ंत हो गई, जिसमें कार चला रहे प्रमोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई तथा महात्मा विद्यानंद गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को तुरंत गाड़ी से निकाल सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने प्रमोद कुमार को मृतक घोषित करते हुए महात्मा विद्यानंद को गंभीर हालत में सीएचसी भिजवाया। घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर चालक की तलाश करनी शुरू कर दी है।

# प्रेक्षक, डीएम व एसपी की मौजूदगी में चुनाव के मद्देनजर पुलिस बल की ब्रीफिंग

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** पुलिस प्रेक्षक सारंग डी. आवड, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कुशीनगर उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा पुलिस लाईन परिसर में जनपद में होने वाले चुनाव में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई जिसमें सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सभी पुलिस अधिकारी एवं थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

ब्रीफिंग में सभी को चुनाव प्रक्रिया शान्तिपूर्ण तथा निष्पक्ष ढंग से कराने हेतु निर्देश दिए गए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात कही गई और साथ ही उपस्थित सभी को निर्देश दिए गए कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार से बाधा उत्पन्न करने वाले के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने एवं इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा ब्रीफिंग में उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को निम्न बिंदुओ के बारे में विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के दौरान गैर जनपद एवं राज्यों से आए पुलिस अधिकारीगण/प्रशासनिक अधिकारीगण एवं अन्य आलाधिकारी सहित पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**इन चीजों पर दें ध्यान**

1-अनुशासित रहें, अच्छी वर्दी पहने, समय से ड्यूटी पर पहुंचे। पहचान पत्र व ड्यूटी कार्ड को साथ में रखें।

2-चुनाव संबंधी अधिनियमों से भलीं-भांति अवगत होले व अपने ड्यूटी को अच्छी प्रकार समझ लें।

3-मतदान हेतु एकत्रित भीड़ में से संदिग्ध व्यक्तियों व सामग्रियों पर सतर्क दृष्टि रखें।

4-पीठासीन अधिकारी मतदान स्टाफ, मतदाताओं तथा मतदान एजेंटो के प्रति विनम्रशिष्ट रहें।

5-अपने अस्त्र-शस्त्र को सुरक्षित व सदैव जिम्मेदारी पूर्वक रखें।

6-अपने साथ पानी की बोतल, टार्च, रक्षा दैनिक उपयोग में लाए जाने वाली सामग्री अवश्य रखें।

7-पीठासीन अधिकारी द्वारा दिए गए उचित निर्देश का पालन करें। उनके बुलाने पर ही शांति व्यवस्था हेतु बूथ में प्रवेश करें।

## लू लगने से चरवाहे की मौत

**उरई (जालौन)।** बकरी चराने गए एक युवक की संदिग्ध हालत मे मौत, मौजूद लोगों ने लू लगने से मौत का कारण बताया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस में मृतक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सालाबाद निवासी बिंदोले जाटव पुत्र नगोले उम्र लगभग 65 वर्ष गुरुवार को सुबह घर से खेत पर बकरी चराने गया था, भीषण और प्रचंड गर्मी के चलते जहां आम जन जीवन बेहाल है आसमान भी इस समय आग उगल रहा है लोगों को इस भीषण गर्मी से बचने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार जागरुक कर लोगों को सावधानी बरते जाने की अपील की जा रही है।

इसके बावजूद बिंदोले अपनी बकरी चराने खेत पर चला गया जब दोपहर में 12 बजे हैं और सूरज ने आग उगलना शुरू किया तो वह एक खेत में बेहोश होकर गिर पड़ा ,जहां अन्य चरवाहों ने जब उन्हें धूप में खेतों मे पड़े देखा तो इसकी सूचना परिजनों को दी सूचना पर पहुंचे परिवार जनों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन में दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# कुशीनगर में निषाद समाज के लोगों ने गठबंधन को दिया समर्थन

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** जिले के समाजवादी पार्टी के प्रत्यासी अजय सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार के समर्थन में निषाद समुदाय के भी बड़े चेहरे ने समर्थन दिया है।

**संजय निषाद पर समाज को धोखा देने और अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने का लगाया आरोप**

निषाद समुदाय के कद्दावर नेता रहे यमुना निषाद के पुत्र अमरेन्द्र निषाद और लोकसभा संतकबीरनगर के प्रत्यासी पप्पू निषाद ने एक प्रेसवार्ता कर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद पर जमकर निशाना साधा। सैंथवार मल्ल समाज के समाजवादी समर्थन के बाद अब निषाद जाति के भी बड़े चेहरो ने अजय सिंह उर्फ पिंटू को समर्थन किया। निषाद समुदाय के कद्दावर नेता रहे यमुना निषाद के पुत्र अमरेन्द्र निषाद और लोकसभा संतकबीरनगर के प्रत्यासी पप्पू निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी के नाम पर एक पार्टी बनाकर संजय निषाद ने बिरादरी के लोगों के साथ छल किया है। आरक्षण के लिए इस जाति के लोग वर्षो से संघर्ष करते चले आ रहे हैं लेकिन संजय निषाद इस बिरादरी के नाम पर केवल सत्ता सुख भोग रहे हैं। उन्होंने ने केवल अपने परिवार वालों को लाभ पहुंचाया है। लोकसभा का यह चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है। संविधान व आरक्षण बचाने के लिए यह चुनाव लड़ा जा रहा है। कुशीनगर जनपद मुख्यालय पडरौना नगर में स्थित एक होटल में पत्रकारों से बात करते पूर्व मंत्री पप्पू निषाद व अमरेन्द्र निषाद के साथ सुबोध यादव ने कहा कि संजय निषाद ने आरक्षण दिलाने के नाम पर निषाद समुदाय के लोगों को एकत्र किया। निषाद बिरादरी के लोग उनके सभी आंदोलनों में साथ खड़े रहे। परंतु संजय निषाद ने अपने और अपने परिवार के लाभ हेतु निषाद समुदाय को भाजपा के हाथों बेच दिया। पप्पू निषाद ने कुशीनगर संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी अजय सिंह सैंथवार उर्फ पिंटू सिंह को जिताने की अपील करते हुए कहा कि संविधान व आरक्षण को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को वोट देना जरूरी है। इस मौके पर गंगा सिंह सैंथवार, अजय मल्ल, भोला सिंह फौजी, जनार्दन फौजी, सतीश सिंह, रामसिंह मास्टर आदि लोग मौजूद रहे।

## नुमायंदगी जामेअतुल मुस्तफा हिंद की ओर से मदरसतुल वायेज़ीन लखनऊ में जलसा ए ताज़ियत मुनअक़िद हुआ



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** इमाम अली रज़ा अ0स0 के रौज़े के खादिम इस्लामिक गणराज्य ईरान के राष्ट्रपति आयतुल्लाह सैयद इब्राहीम रईसी र0अ0, ईरान के विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियान, तबरीज़ के इमाम जुमा आयतुल्लाह सैयद मुहम्मद अली आले हाशिम और दूसरे शहीदों की शहादत पर नुमायंदगी जामेअतुल मुस्तफा अल आलमिया हिंद की ओर से मदरसतुल वायेज़ीन लखनऊ में ताज़ियती जलसा मुनअक़िद हुआ। ताज़ियती जलसा का आग़ाज़ तेलावत क़ुरआन करीम से हुआ, मौलाना सफदर हुसैन जौनपुर ने तक़रीर की, आल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड और मजलिसे उलमा शिया कालेज लखनऊ के सिक्रेट्री मौलाना यासूब अब्बास, मदरसा अनवारुलउलूम प्रयागराज के प्रिंसिपल मौलाना सैयद जवाद हैदर जवादी, हौज़ा ए इल्मिया हज़रत ग़ुफरान मआब र0अ0 लखनऊ के प्रिंसिपल, इमाम जुमा लखनऊ मौलाना सैयद रज़ा हैदर ज़ैदी, मौलाना मोहसिन तक़वी इमाम जुमा शिया जामा मस्जिद दिल्ली, जामेअतुल मुस्तफा अल आलमिया के हिंदुस्तान में नुमायंदे हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लेमीन आक़ाए रज़ा शाकिरी ने तक़रीर की और अपने ख़्यालात पेश किये। आखिर में आयतुल्लाह सैयद हमीदुलहसन ने मजिस को खेताब किया। जलसे में लखनऊ के मदरसों के जिम्मेदारों, टीचर्स, स्टूडेंट, लखनऊ शहर कि शिया मसाजिद के इमामे जमाअत, उल्मा, मुबल्लेग़ीन, इसी तरह लखनऊ शहर के करीब के जिलों और शहरों से उल्मा, मुबल्लेग़ीन ने शिरकत की।

# ग्राम प्रधान समय से नहीं लगा रहे केयरटेकरों का मानदेय

**अवधनामा संवाददाता**

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** सूत्र ग्राम प्रधान यह तो नहीं लगता रहा केयरटेकरों का मानदेय या तो मांग रहा अपना हिस्सा इसलिए लगे सामुदायिक शौचालय में लटके ताले। नागरिकों की सुचारु व्यवस्था को लेकर प्रत्येक ग्राम पंचायत में सुलभ शौचालय बनवाए गए। जिनकी लागत भी लाखों से कम नहीं है।

इन शौचायलयों के निर्माण का उद्देश्य गरीब जनता को सुविधा मुहैया कराना है। परंतु जब इन सामुदायिक शौचालय में ग्राम समाज के मुखिया ताला लगाकर बैठ जाएं तो इससे साफ जाहिर होता है कि उन्होंने इनका महत्व या तो समझा ही नहीं या फिर इन्हें अपनी निजी संपत्ति समझ लिया। इन शौचायलयों का बड़ा उद्देश्य होता है। जिस गरीब के घर में शौचालय ना हो वह यहां जा सकता है आने जाने वाले लोग या गांव में ठहरने वाले अथवा इमरजेंसी में शौचालय का प्रयोग करने वाले इस सुविधा का लाभ उठा सके। इसलिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शौचायलयों का निर्माण कराया गया और निशुल्क सेवा प्रदान की गई।



सुलभ शौचालयो में लटके ताले

इनकी साफ-सफाई के लिए अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किए गए। परंतु जब इनके ताले नहीं खुलेंगे तो आम जनमानस यह सुविधा कैसे प्राप्त कर पाएगा। खंड विकास अधिकारी से लेकर अन्य उच्च अधिकारी तक इस तरफ ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ग्रामीणों के लिए सरकार द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं पर ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी का एकाअधिकार नहीं होना चाहिए और सुलभ शौचालय के ताले हमेशा खुले रहने चाहिए।

## निशानेबाजों से अचूक निशाना साध जीते पदक

**फर्रुखाबाद।** अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूंटिंग अकैडमी फतेहगढ़ द्वारा 25 से 30 मई तक आयोजित 4th फर्रुखाबाद डिस्ट्रिक्ट शूटिंग चैंपियनशिप में मंडल और प्रदेश के कई हिस्सों से निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया। अकादमी के प्रबंधक अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनिल कुमार पाल प्रमाणित कोच भारतीय खेल प्राधिकरण ने इस पांच दिवसीय शूटिंग चैंपियनशिप में सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई के साथ सम्मान किया। इस चैम्पियनशिप में कई इवेंट्स का आयोजन हुआ जिसमें 10 मी एयर राइफल पीप साइट आईएसएसएफ युवा महिला - अक्षरा सिंह ने 400 के स्कोर में 348 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया तो वहीं रितु ने 400 में 345 के स्कोर में रजत पदक पाया। 10 मी एयर राइफल पीप साइट एनआर पुरुष में जितेंद्र कुमार ने साथ स्वर्ण पदक के साथ रवि रतन ने रजत,तो मोहित राणा ने कांस्य पदक विजेता का खिताब हासिल किया। 10 मी एयर राइफल पीप साइट जे.आर. पुरुष में नितिन कुमार 341/400 के स्कोर पर स्वर्ण पदक, धर्मेंद्र ने रजत पदक, तो उपेंद्र सिंह रजत पदक और कन्नौज के अभिषेक पाल कांस्य पदक पर कब्जा जमा पाए।

# संदिग्ध अवस्था में घर के कमरे में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**अवधनामा संवाददाता**

**महमूदाबाद सीतापुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के मरखापुर मजरे शाहपुर निवासी दीपू उर्फ दीपकूमार (30) पुत्र सुंदरलाल का शव संदिग्ध अवस्था में घर के कमरे में पड़ा मिला। बृहस्पतिवार सुबह देर तक जब मृतक नही उठा तो उसको जगाने के लिए परिवार के लोग गए तो देखा कि दीपकुमार मृत अवस्था में पड़ा है। मृतक के चचेरे भाई राजाराम ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पीआरवी 112 और थाना सदरपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना सदरपुर में तैनात वरिष्ट उपनिरक्षक मुकेश कुमार ने बताया है कि मृतक के ततेरे भाई (ताऊ के बेटे ने) राजाराम पुत्र तेजनारायण ने थाने पर सूचना देकर शव का पीएम कराए जाने की मांग की है। मृतक का विवाह आठ वर्ष पूर्व कोलकाता से हुआ था। मृतक दो भाई और एक बहन हैं,बड़ा भाई नंदगोपाल सपरिवार मुंबई में रहता है।मृतक के पिता और उसकी 5 वर्षीय पुत्री कैंसर से पीढ़ित है।ग्रामीणों का कहना है की मृतक शराब का आदि था। मृतक एक वर्ष पूर्व मुंबई से अपने घर आया था। मृतक के बीमार पिता सुंदरलाल की सेवा सत्कार उपरोक्त गांव निवासी दीपू चौहान पुत्र दुलारे व उसकी मां रामदुलारी करीब 12 वर्षो से करते चले आ रहे हैं। जिसके एवज में मृतक के पिता ने सेवादारों के नाम अपनी कुछ जमीन भी करा दी थी।



# कांग्रेस ने अपने शासनकाल में 122 बार किए संशोधनः वसीम राईन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** पसमांदा मुसलमान को बर्बाद करने के पंजा छाप पार्टी ने कोई कसर बाकी नही रखी जबकि यही 85 फीसदी आबादी कांग्रेस के पीछे साये की तरह रही और देश पर राज करने के मौके देती रही। उल्टे कांग्रेस ने बस वोटबैंक समझ कर इस्तेमाल करना जारी रखा। देश ही नही दुनिया भर में कांग्रेस से ज्यादा मतलबपरस्त पार्टी और कोई नही होगी।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल अपने वजूद को लेकर फिक्रमंद रहते हैं। लगातार सत्ता सुख भोगती आ रही कांग्रेस को 1984 में 404 सीटें हासिल हुई तो उस कामयाबी के केन्द्र में पसमांदा मुसलमान ही था, जिसने बिना बिना कुछ सोंचे समझे कांग्रेस का हमेशा की तरह खुलकर साथ दिया और कांग्रेस इस कदर दोगली निकली कि वह आर्टिकल 341 के तहत लगाए गए धार्मिक प्रतिबंध भी समाप्त नही कर सकी। जो उसी के सत्ताकाल में लगाये गए थे। रही। बात संविधान की तो कांग्रेस ने अपने शासनकाल में 122 बार संशोधन किए पर इस आर्टिकल से निजात दिलाने की कोशिश कभी नही की गई। इतने संशोधन के बाद कांग्रेस को खतरा नजरग नही आया अब उसे संविधान खतरे में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि दशकों बीतने के बावजूद कांग्रेस ने सत्ता, सदन से लेकर संगठन कहीं भी पसमांदा समाज को बढ़ने पनपने का मौका नही दिया और न ही इस समाज की आर्थिक, शैक्षिक व बुनियादी तरक्की पर कभी बात ही की। आज जरूरत पड़ने पर गठबंधन की लत पाल ली है क्योंकि खुद का वजूद खतरे में नजर आ रहा है। कायदे से तो गांधी परिवार ने सत्ता के लालच में देश का बेड़ा गर्क कर दिया। परिवारवाद के चक्रव्यूह में फंसी कांग्रेस को आज खुद की पहचान के लिए गली गली भटकना पड़ रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने समय रहते पसमांदा मुसलमान की तकलीफों को समझा होता या फिर वोटबैंक बनाकर न रखा होता तो आज यह पार्टी इतनी बदहाल न होती। पार्टी के राजकुमार अवाम को तरह तरह के लालच देकर फिर से सत्ता में लौटने के लिए संघर्ष न कर रहे होते। वास्तव में वक्त रहते पसमांदा मुसलमान ने भी कांग्रेस के असली चेहरे को देख लिया।

# नीवा बूपा कम्पनी द्वारा हेल्थ पालिसी को बढ़ावा देने के लिए 1-एम पॉसिबल कांटेस्ट का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** आज के इस कठिन दौर में जब हम कोविड जैसी बिमारियों का सामना कर चुके हैं तथा और भी अन्य जानलेवा बीमारियाँ मनुष्य को चारो और से घेर रही हैं ऐसे में स्वास्थ की देखभाल एक महत्वपूर्ण विषय है। इस विषय को ध्यान में रखते हुए विभिन्न बीमा कम्पनी अपनी अपनी हेल्थ पालिसी लाती है जो आवेदक को विभिन्न गंभीर बिमारियों के खतरे से बचाती हैं। ऐसे ही नीवा बूपा कम्पनी द्वारा हेल्थ पालिसी को बढ़ावा देने के लिए 1-एम पॉसिबल कांटेस्ट का आयोजन किया गया जिसमे 2 माह तक अधिक से अधिक हेल्थ पालिसी करके लोगो को जागरूक करना व उनको उनकी सेहत व जीवन के प्रति जागरूक करना था। जिसमे पीलीभीत के राजेश गंगवार नीवा बूपा कम्पनी के बीमा एजेंट के रूप में भी कार्यरत हैं जिन्होंने 2 माह की अवधि में सर्वाधिक हेल्थ पालिसी करके कम्पनी द्वारा आयोजित 1-एम पॉसिबल कांटेस्ट में प्रथम स्थान हासिल किया है जिसके विजेता के रूप में कम्पनी द्वारा हुंडई आई-10 कार के विजेता घोषित हुए हैं।

# फर्जी रॉयल्टी के साथ बालू खनन का डंपर पकड़ा

**नायब तहसीलदार बालू खनन माफियाओं पर बनाए हुए पैनी नजर**



**अवधनामा संवाददाता**

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** खनन माफिया के हौसले बुलंद आए दिन लगातार डंपर, ट्रैक्टर बालू से भरे हुए पकड़े जा रहे हैं। कार्रवाई की जा रही है ।इसके बावजूद भी बाबू खनन माफिया नए-नए तरीके निकाल कर खनन करने में नहीं चूक रहे हैं। तहसील क्षेत्र में फर्जी रॉयल्टी से बालू एवं मिट्टी खनन का खेल जोरों पर जारी है। सूचना मिलने पर अधिकारी कार्रवाई करते हैं। परंतु इससे पहले ही लाखों रुपए का चुना सरकार को लग चुका होता है। मुखबिर की सूचना पर नायव तहसीलदार अतुल कुमार ने एक डंपर को बालू ले जाते हुए पकड़ा। जब उसके कागजात चेक किए गए तो ड्राइवर फर्जी रॉयल्टी के कागज दिखाकर अधिकारी को चूना लगाने का प्रयास करने लगा। डंपर को थाने में खड़ा करवा दिया गया एवं खनन अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए सूचना दी गई। एक तरफ नायब तहसीलदार अपनी सतर्कता दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। दूसरी तरफ सरकार की छवि धुधली करने में लगे नेताओ के फोन भी अधिकारियों के पास धन-धनाने लगते हैं।

# मतगणना कार्मिकों, गणना अभिकर्ताओं हेतु गणना स्थल पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता होगी सुनिश्चितः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रत्येक गणना पंडाल में 10-10 कूलर लगेंगे, 02-02 पानी के टैंकर, मोबाइल टॉयलेट रहेंगे उपलब्ध, नियमित रूप से होगा पानी का छिड़कावः अविनाश**

**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मतगणना की तैयारी संबंधी बैठक से अनुपस्थित अधीक्षण अभियंता विद्युत का तत्काल प्रभाव से वेतन रोके जाने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही अक्षम्य होगी, जिस अधिकारी, कर्मचारी को जो दायित्व सौंपे गए हैं, उसको पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करना होगा यदि किसी के द्वारा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरती गई तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित करते हुए कहा कि प्रत्येक गणना पंडाल के साथ गणना परिसर कृषि उत्पादन मंडी समिति में साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मियों की टीम लगाकर तत्काल बेहतर ढंग से सफाई करायें, दि. 01 जून से नियमित रूप से पानी का छिड़काव, फॉगिंग करायी जाए, मतगणना के दिन प्रत्येक गणना पंडाल में कम से कम 10-10 एवं आउटर कार्नर में कम से कम 25 सफाई कर्मी उपस्थित रहकर सफाई व्यवस्था बनाए रखें, प्रत्येक गणना पंडाल के अंदर, पंडाल के प्रवेश, निकासी द्वार पर 01-01 डस्टबिन रखवाई जाए, डस्टबिन भरने पर उसे तत्काल खाली कराकर पुनः निर्धारित स्थान पर रखवाया जाए। उन्होंने कहा कि गणना पंडाल, पोस्टल वैलेट, गणना स्थल अन्य पंडाल में पर्याप्त मात्रा में कूलर लगें और उसमें नियमित अंतराल पर पानी भरा जाए, मतगणना के दिन सभी कूलर पानी से भरे रहें, जहां आवश्यकता हो तत्काल उपलब्ध टैंकर से पानी भरा जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं विद्युत सुरक्षा टीम के साथ गणना स्थल का भ्रमण कर विद्युत सुरक्षा के साथ-साथ विद्युत उपकरणों की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध करायें, मतगणना के दिन निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, दि. 02 जून से मंडी में ही विद्युत का कंट्रोल रूम स्थापित कर वहां 24 घंटे लिखित में कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, विद्युत सप्लाई बाधित होने के कारण मतगणना में व्यवधान उत्पन्न न हो, सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह ने उपखंड अधिकारी दूरसंचार को आदेशित करते हुए कहा कि तत्काल मंडी परिसर में इंटरनेट, टेलीफोन के कनेक्शन किए जाएं, कलेक्ट्रेट में संचालित शिकायत प्रकोष्ठ के नंबर को भी मंडी में शिफ्ट किया जाए, दि. 02 जून से मंडी परिसर में ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन शिकायत प्रकोष्ठ संचालित होगा, शिकायत प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर- 05672-297118 ही रहेगा। उन्होंने एसडीओ से कहा कि दि. 02 जून से ही मंडी परिसर में दूरसंचार विभाग के कर्मियों की तैनाती कर उन्हें मतगणना समाप्ति तक मंडी परिसर में ही बने दूरसंचार कंट्रोल रूम में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया जाए, उप खंड अधिकारी दि. 03 जून से मतगणना समाप्ति तक मंडी परिसर में ही उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि मतगणना परिसर में किसी भी मतगणना कार्मिक, गणना अभिकर्ता को मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कार्मिकों, गणना अभिकर्ताओं, ड्यूटी पर लगे अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि वह अपना मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस गणना स्थल पर लेकर न आएं यदि कोई कर्मी, एजेंट मोबाइल लेकर आएगा तो उसे गणना स्थल पर बने क्लॉक रूम में जमा करना होगा।

# बेहतर देखभाल व पोषण ही बनाएगा बच्चों को स्वस्थ : डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में चल रहे आशाओं का गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रशिक्षण के चौथे दिन बृहस्पतिवार को अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने प्रतिभागी सभी आशाओं के सामने हाथ धुलने की विधि का प्रदर्शन करते हुए आशा बहू को प्रशिक्षित किया। डा. ओझा के द्वारा आशा बहू को अपने कार्य क्षेत्र में गृह भ्रमण के दौरान नवजात शिशु एवं बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए प्रसूता तथा अभिभावक को हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन करने तथा नवजात शिशु का वजन तथा तापमान लेने के साथ-साथ माता एवं नवजात शिशु के खतरे की लक्षण की जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया। सुषमा द्विवेदी ने प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव के फायदे की जानकारी दी गई। राजीव त्रिपाठी व मैराज अहमद के द्वारा आरंभिक बाल विकास, विकात्मक विलंब के मुख्य लक्षण, टीकाकरण के साथ-साथ आशा बहू को अष्टांग मार्ग के विषय में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान डीएमसी अमित शर्मा के द्वारा प्रशिक्षण टीम की सराहना की गई। इस दौरान फूल कुमारी, सूर्यदेव सिंह, पुष्पा, अनीता, ममता, मानती, सुनीता आदि मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय मे हो रहा अजब गजब खेल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला अस्पताल के अधिकारियों के अजब खेल हैं।कर्मचारियों से उनके पदों के अनुरूप कार्य न कराकर उनसे अन्य कार्य कराए जा रहे हैं।अधिकारियों



की आंखों मे ऐसी पट्टी बंधी है कि आउटसोर्सिंग से संविदा पर नियुक्त हुए वार्ड ब्वाय से लिपिक जैसे महत्त्वपूर्ण पटल का कार्य कराया जा रहा है।जिला चिकित्सालय अयोध्या मे प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की अनदेखी शासन की मंशा पर पानी डाल रही है। अयोध्या जिला चिकित्सालय मे जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी शासन व स्वास्थ्य विभाग के शासनादेशो को ठेंगा दिखा रही है। जिला अस्पताल मे प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय मे आउटसोर्सिंग से संविदा पर नियुक्त वार्ड ब्वाय लिपिक का कार्य कर रहे हैं। दो रेगुलर वार्ड ब्वाय से चपरासी का काम लिया जा रहा है। गौर तलब बात यह है कि वर्षों से ये कर्मचारी एसआईसी कार्यालय मे कार्य कर रहे हैं। कभी इनका पटल परिवर्तन नहीं हुआ। अस्पताल में चौकीदार के पद पर नियुक्त कर्मचारी ओटी सहायक के रूप मे कार्य कर रहा है। एक वार्ड ब्वाय को मैट्रन आफिस मे सहायक के रूप मे लगाया गया है। वर्षों से उसका भी पटल परिवर्तन नहीं किया गया। जिला चिकित्सालय मे मृतक आश्रित के रूप मे वार्ड ब्वाय के पद पर नियुक्त कर्मचारी महिला अस्पताल के पास मेडिकल की दुकान करता है। कभी कभी अपने स्थान पर किसी प्राइवेट व्यक्ति को ड्यूटी पर भेज देता है। लगभग 20 वर्षों से एक्स-रे टेक्नीशियन का काम कर रहा वार्ड ब्वाय अयोध्या जिला चिकित्सालय मे मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वार्ड ब्वाय से एक्स-रे टेक्नीशियन का कार्य लिया जा रहा है। ऐसा नहीं कि प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को इसकी जानकारी नही है। वर्षों से अपने पटल का कार्य न करके मलाई दार पटल पर काम कर रहे कर्मचारी अधिकारियों के लिए सोने का अण्डा देने वाली मुर्गी बने हैं। जिसके चलते न तो इनसे पटल के अनुरूप काम लिया जाता है और न ही इनका कभी पटल परिवर्तन किया जाता है। क्या कहते हैं प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा उत्तम कुमार ने बताया कि अस्पताल मे अब चपरासी का पद लगभग समाप्त हो गया है।ऐसे मे वार्ड बाय से ही काम लेना मजबूरी है।

# पत्रकारिता समाज में एक पथ प्रदर्शक का कार्य करती है: कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के संयुक्त संयोजन में गुरूवार को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के सुअवसर पर डिजिटल दौर में हिन्दी पत्रकारिता के बदलते आयाम विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवध विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि किसी भी समाज एवं संस्कृति में पत्रकारिता का बड़ा योगदान है। पत्रकारिता समाज को दिशा प्रदान करती है। पहले हिंदी समाचार पत्र उदंत मार्तंड का प्रकाशन निज भाषा उन्नत अहे का प्रथम स्वरुप है। निज भाषा में ही विशेष भावनाएं व्यक्त हो पाती हैं। वहीं अन्य भाषा में उसकी खुशबू खत्म हो जाती है। कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाने का अपना विशेष महत्व है। वर्तमान डिजिटल



युग में सूचनाएं तेजी से फैल रही है। पत्रकारिता के सिद्धांत पर यह ध्यान देना आवश्यक है कि पहले सूचनाओं को जांचिए, फिर लिखिए। क्योंकि समाज में पत्रकारिता एक पथ प्रदर्शक का कार्य करती है। इस डिजिटल दौर में पत्रकारिता तीव्र गति से कार्य कर रही है जिससे सूचनाएं तेजी से फैल रही हैं। समाज में कोई ऐसी सूचना नहीं जानी चाहिए जिससे समाज में भ्रम की स्थिति पैदा हो। पर्यावरण, सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक शैक्षिक मुद्दों पर सकारात्मक रिपोर्टिंग और समाज को सही जानकारी देना यही पत्रकारिता का धर्म है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आशुतोष शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक दैनिक जागरण, उत्तर प्रदेश ने पत्रकारिता के विद्यार्थियों से कहा कि हर पत्रकार वालंटियर होता है। पत्रकारिता का कार्य एक शिक्षक चिकित्सक और पुलिस का है। पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के लिए पैशन का होना आवश्यक है। जब पत्रकारिता पैशन के लिए की जाती है तब आपकी कलम से समाज में लोगों का भला होता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के लिए राजनीति, खेल और सिनेमा की बारीकियां का पता होना चाहिए। इसकी पहली शर्त है कि प्रत्येक पत्रकार को पढ़ने की आदत होनी चाहिए। जब तक पढ़ेंगे तब तक चलेंगे इस सिद्धांत पर कार्य करना होगा। संस्कार एवं परंपराओं को समझना और आत्मसात करना होगा। अगर आप बैठकर काम करेंगे तो आपको सही फीडबैक नहीं मिल पाएगा। दूसरों का सुना हुआ शब्द लिख देना पत्रकारिता नहीं है। आज की पीढ़ी भाग्यशाली है क्योंकि उन्हें 5 डब्ल्यू वन एच का सिद्धांत पता है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पत्रकारिता थ्योरी नहीं है यह एक जीवन है।

## जिला चिकित्सालय मे दलाल का मरीज को इंजेक्शन लगाते हुए का वीडियो विडियो हुया वायरल

**अयोध्या।** जिला अस्पताल अयोध्या मे भ्रष्टाचार चरमसीमा तक पहुँच चुका है। यहां हर कदम पर दलाल सक्रिय हैं। ये दलाल पलक झपकते ही आंखों का काजल तक उडा लेने मे माहिर हैं। इन दलालों को कुछ चिकित्सकों व फार्मासिस्टों का वरदहस्त है। जिसके बल पर दलाल मरीजों व उनके परिजनों को लूट रहे हैं। दलालों के कारनामें भी ऐसे ऐसे हैं कि लोग दलालों को जिला चिकित्सालय का कर्मचारी समझने की गलती कर बैठता है। ऐसे मे दलालों का शिकार हो जाता है। बुधवार को सायंकाल 07.45 बजे इमरजेंसी ओपीडी मे एक दलाल की मरीज को इंजेक्शन लगाते हुए एक वीडियो शूट की गई जो गुरुवार को वायरल हुई। वायरल वीडियो देखने के बाद अस्पताल मे खलबली मच गई। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा उत्तम कुमार ने वायरल वीडियो को देखने के बाद जांच के निर्देश दिए हैं। जांच टीम मे डा सारी अहमद, फार्मासिस्ट हनुमत दूबे व प्रबंधन राजेन्द्र तिवारी को शामिल किया गया है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करने के लिए भेजा पत्र

**महाराजगंज** भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं महाराजगंज के छः बार के सांसद पंकज चौधरी ने जनपद महाराजगंज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पत्र भेज कर जनपद के 500 बुद्धिजीवियों क्रमशः शिक्षक, एडवोकेट्स, चिकित्सक, समाजसेवी,जागरूक किसानों, स्वयंसेवी सहायता समूह तथा एन जी ओ से



जुड़े लोगों, व्यापारियों नौजवानों तथा समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को पत्र भेजकर महाराजगंज जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की हैद्य भारतीय डाक विभाग को द्वारा प्रेषित किए गए पत्र में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लेने की अपील करते हुए कहा है कि महाराजगंज जनपद ने देश और प्रदेश स्तर पर हमेशा अपनी प्रतिबद्धता महत्वपूर्णता के साथ निभाई है द्य इसी क्रम में उन्होंने जनपद के बुद्धिजीवियों में पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर बलराम भट्ट जनपद के महाविद्यालय के प्राचार्य क्रमशः डॉक्टर अजय कुमार मिश्रा डॉ राम पांडे विजय बहादुर सिंह एडवोकेट्स तारकेश्वर तिवारी रमेश चंद्र मिश्र सामाजिक संस्था सिटीजन फोरम से डॉ आर के मिश्र, विमल कुमार पांडेय, चिकित्सक डॉक्टर ज्योत्सना मिश्रा डॉक्टर ठाकुर भारत श्रीवास्तव डा राकेश राय कौशिक डॉ राजीव मद्धेशिया एन जी ओ से जुड़े सुनील पांडे साधु शरण शर्मा व्यापार मंडल से जुड़े फूलचंद अग्रवाल हरिलाल सिंघानिया सेना से सेवानिवृत कर्नल डी एस पाठक, सहित विभिन्न वर्ग के 500 नागरिकों को डॉग से पत्र भेजकर लोकतंत्र के इस महापर्व में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाते हुए मतदान की अपील किया है

## व्यवसायिकता के युग में भी स्वस्थ पत्रकारिता के मूल्यों की पालना सराहनीयः चिन्मयानंद

**गोंडा।** नवाबगंज के संतसुंदर दास चौराहे पास मौजूद ऐतिहासिक कटरा कुटी धाम पर हिंदी पत्रकारिता के पूर्व दिवस पर भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ! जिसमें आसपास क्षेत्र के सैकड़ो पत्रकार व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया सोशल मीडिया के लोग शामिल हुए। संतसुंदर दास चोराहे पास मौजूद कटराकुटी धाम एक ऐतिहासिक मंदिर है इस मंदिर के महंथ द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता काम और लोगों मे देशभक्ति के भाव भरना काफी लोकप्रिय है इसी कडी मे नारद मूनी के वंशजों को भी महत्व देना और सम्मानित करना भी है कार्यक्रम की शुरुआत महंत मां हंस वाहिनी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का संचालन कवि रविंद्र नाथ पांडे रवि ने किया कार्यक्रम के




संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार महादेव सागर संयोजक वरिष्ठ पत्रकार राकेश सिंह रहे वही कार्यक्रमाधिकारी अशोक श्रीवास्तव रहे। पत्रकारिता विषय स्वतंत्र पत्रकारिता राष्ट्रोत्थान के लिए महावरदान ÷श्रेष्ठ भारत के नवनिर्माण में निष्पक्ष निर्भीक एवं निर्णायक पत्रकारिता की सबसे अहम भूमिका ÷ विषय पर अपना विचार पर लोगों ने अपनी राय रखी ! कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कटरा कुटी धाम के पीठाधीश्वर महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने कहा कि मीडिया की जीवंतता को लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए उससे मिशनरी के रूप में कार्य करने का श आवाहन किया! महाराज ने कहा कि व्यवसायिकता के इस दौर में भी बहुत से पत्र पत्रिकाएं और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल स्वस्थ पत्रकारिता के मूल्यों की पालना कर रहे हैं जो सराहनीय है! कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में ,डॉ अरुण सिंह ,अमित श्रीवास्तव, संजय प्रजापति, नीरज श्रीवास्तव , प्रवीण सिंह ,बबलू तिवारी , एस के सिंह आदि रहे ! कार्यक्रम के अंत में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं कई दशकों तक बेहतरीन कार्य करने वाले ऐसे सैकड़ो पत्रकारों को अंग वस्त्र ,मिष्ठान, माल्यार्पण, लखनी डायरी देकर सम्मानित किया गया।

## दादा मियां के उर्स पर आल इंडिया मुशायरे का हुआ आयोजन

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे के मोहल्ला बडापूरा में दादा मियां के उर्स के मौके पर एक शानदार आल इंडिया मुशायरे का आयोजन बुधवार को बाद नमाजे इशा किया गया। जिसकी सदारत पूर्व चेयरमैन जियाउर्रहमान अंसारी ने की निजामत नदीम फर्रूख ने किया। मुशायरा देर रात तक चलता रहा।और दादो तारीफ की बौछार होती रही। जानकारी के अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज़रत इब्राहीम शाह दादा मियां के उर्स के मौके पर लगने वाले मेले में बुधवार को नमाजे इशा के बाद एक आल इंडिया मुशायरे का आगाज तिलावते कलामे से किया गया। जिसकी निजामत मशहूर मारूफ नदीम फर्रुख साहब ने किया सदारत कस्बे के पूर्व चेयरमैन जियाउर्रहमान अंसारी ने किया। जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर शोआरा मैसर अफरीदी मुंबई, मोहन मुंतजिर वाहिद अंसारी, रुखसार बलरामपूरी सहित तमाम शोआराओं ने अपना अपना कलाम पेश किया।

# पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नवीन गल्ला मण्डी बड़गांव स्थित स्ट्रांग रूम का किया गया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत बनाये गये स्ट्रांग रूम स्थल नवीन गल्ला मण्डी बडगाँव का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व 04 जून को मतगणना के दृष्टिगत किए जा रहे सुरक्षा प्रबंध की स्थिति का जायजा लेकर सभी ड्यूटी प्वाइंटो का स्थलीय निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा- 01. आइसोलेशन कोर्डन, 02. इनर कोर्डन व 03. आउटर कोर्डन व मजबूत बैरिकेटिंग में लगे अधि0/कर्मचारीगणों को चेक कर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को परखा गया। 04 जून को होने वाली मतगणना में लगने वाले बैरियरों को चिन्हित कर मंडी परिषद के दोनो तरफ की पार्किंग आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गयी। पुलिस अधीक्षक ने बताया की लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु 04 महत्वपूर्ण बैरियर बनाया गया है। पहला बैरियर महादेव पेंट्स के सामने मुख्य मार्ग (मिश्रौलिया ओवरब्रिज के आगे उतरने पर) व दूसरा बैरियर बड़गाँव चौराहा के पास बनाया गया है । जिन पर तैनात सुरक्षाकर्मियों का दायित्व होगा कि मतगणना स्थल की ओर प्रत्याशी, प्रत्याशियों के एजेण्ट व चुनाव ड्यूटी में लगे हुए कर्मिक का पहचान पत्र व जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्गत पास चेक करने के उपरान्त ही उनको तथा उनके वाहनों को आगे जाने दिया जायेगा। तीसरा बैरियर महादेव धर्मकांटा के आगे वैल्यू इलेक्ट्रॉनिक्स के पास बनाया गया जो मिश्रौलिया ओवरब्रिज की तरफ से आने वाले प्रत्याशी, प्रत्याशियों के एजेण्ट व चुनाव ड्यूटी में लगे हुए कर्मियों को रोककर उनके लिए बनाये गये पार्किंग स्थल स्वामी नाथ महादेव मैरिज लॉन व इरम हॉस्पिटल मोड़ के तरफ खाली मैदान में ही पार्किंग करायी जायेगी। इस प्रकार बड़गाँव की तरफ से आने वाले चौथे बैरियर जय माँ जहजवा सम्मय महारानी के पास रोका जायेगा तथा उनके वाहनों को बनाये गये पार्किंग स्थल आदर्श सामदेव संस्कृत महाविद्यालय व जय माँ जहजवा सम्मय महारानी के बगल में खाली स्थान में ही पार्किंग करायी जायेगी। पार्किंग स्थल से गल्ला मण्डी मतगणना स्थल तक 150 मीटर परिधि तक किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णरूप से निषेध रहेगा। पुलिस बल द्वारा उक्त क्षेत्र में केवल पास धारक प्रत्याशी अथवा अन्य व्यक्तियों जिसमें मतगणना अधि0/कर्मचारी, मतगणना एजेंट को जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्गत पास चेक करने के उपरान्त ही उनको प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। जिसमें सुरक्षा के दृष्टिगत सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेंगी। मतगणना स्थल पर पान, मसाला, सिगरेट, माचिस, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व ज्वलनशील पदार्थ ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है। लोकसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किसी भी प्रकार की जुलूस/रैली नहीं निकाली जाएगी। कोई भी मतगणना कर्मचारी, प्रत्याशी, प्रत्याशी एजेंट या अन्य किसी का मोबाइल फोन अंदर ले जाना पूर्णतया मना है। मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 07 प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, 20 निरीक्षक, 149 उ0नि0, 07 महिला उ0नि0 , 820 हे0कां0/कां0 सहित करीब 185 महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के अतिरिक्त 27 पुलिस कर्मी यातायात व्यवस्था के लिए लगाई गई है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त संख्या के पीएसी व सीएपीएफ के जवानों की भी तैनाती की जायेगी । स्द्ध द्वारा भी अवांछनीय/अराजक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जायेगी। मतगणना के दृष्टिगत 03 क्यू0आर0टी0 का गठन किया गया है

# अधर में लटका पशु अस्पताल का निर्माण कार्य, जिमेदार बने अंजान



*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विभागीय अधिकारी व ठेकेदार के ढुलमुल रवैया के चलते करीब तीन साल से चल रहे नवनिर्मित पशु अस्पताल का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। अधर में कार्य लटका होने की वजह से भवन हैंडओवर नही किया जा सका है जानकारी के मुताबिक कस्बा सुबेहा में बीते कई साल पहले बना पशु अस्पताल भवन क्षतिग्रस्त हो चुका है नया भवन का निर्माण होना है कार्यदाई संस्था द्वारा करीब तीन साल से भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है परिसर मे लगाए गए खड़ंजा पर बालू नही डाली गई ऐसे ही ईट बिछा दी गई तो पूरे परिसर में खड़ंजा भी नही लगाया जा सका है। शुद्ध पेयजल के लिए लगे इंडियामर्का नल खराब है जिससे पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पानी सप्लाई के लिए लगाया गया समरसेबल भी खराब होने की वजह से पानी सप्लाई भी ठप है इसके अलावा बाउंड्रीवॉल व गेट का कार्य अधूरा पड़ा है कर्मचारियों की माने पिछले कई माह से कार्य ठप पड़ा है कार्य अधूरा पड़ा होने की वजह से भवन हैंडओवर नही किया जा सका है।

# 24 घंटे में दुष्कर्मी गिरफ्तार पुलिस मुठभेड़ में घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** असंद्रा पुलिस 24 घंटे अंदर दुराचार व जानलेवा हमला में वांछित युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर फावड़ा, चाकू, तमंचा व करातूस बरामद हुआ। इस दौरान उसने पुलिस को चकमा देकर फायर झोंक दिया। इस मुठभेड़ में उसे गोली लगी है। मामले में उसका भाई भी नामजद है। इंस्पेक्टर कार्रवाई से क्षेत्र में उनकी प्रशंसा है। गुरुवार लोग चौराहों व बाजार में सराहना करते नजर आए हैं। असंद्रा थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोर भाई (15) अपनी बहन (13) वर्षीय रहता है। 28 मई रात पड़ोसी हिस्ट्रीशीटर युवक विनय कुमार मिश्र उर्फ नेपाली पुत्र अशोक मिश्र घर में घुसकर चाकू दम पर उसकी बहन साथ दुष्कर्म किया। चीखपुकार पर भाई पहुंचा तो उसके फावड़े से हमला कर लहूलुहान कर



दिया। जो ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती हैं। इंस्पेक्टर असंद्रा अरूण सिंह ने तहरीर पर विनय कुमार मिश्र व उसके भाई पवन मिश्र विरुद्ध जानलेवा हमला, दुराचार व पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं मुकदमा दर्ज किया। बुधवार रात वांछित विनय को गांव बाहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर असंद्रा अरुण सिंह ने बताया कि पूछताछ में उसने हमला प्रयुक्त औजार झाड़ियां में छिपा बताया।

# किसानों की खाद के बोरी से दस किलो खाद चोरी हो गया: अखिलेश यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के निचलौल तहसील में स्थित किसान डिग्री कालेज के परिसर में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी सभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने गठबंधन के प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के पक्ष में वोट मांगा। सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि महराजगंज तक आते आते डबल इंजन की सरकार हाफने लगती हैं। 19 मिनट के भाषण में उन्होंने सरकार को खाकी वर्दी, अग्निवीर, किसान नौजवानो, महिलाओं, मजदूरों नोटबंदी, जीएसटी को लेकर जमकर घेरा उन्होंने उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली बीजेपी 143 सीट पर ही सिमटने जा रही हैं। उन्होने कहा कि 10 साल के शासन में किसानों के खाद की बोरी से 10 किलो खाद चोरी हो गया। बीजेपी



प्रत्याशी पंकज चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनपद का विकास ज्यों का त्यों पड़ा हुआ है, खजाने के मालिक को अपना जिला दिखाई नही दे रहा है यहाँ की चीनी मिल खराब पड़ी है।

उन्होंने कहा कि तपती हुई धूप में आप लोग पसीना बहा रहे हैं वह बेकार नहीं जाएगा। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र बघेल ने कि राहुल और अखिलेश की जोड़ी को उत्तरप्रदेश में भारी समर्थन मिल रहा है। प्रत्येक चरण में इंडिया गठबंधन भारी बढ़त हासिल कर रही है और चार जून को सरकार बनाने जा रहीहै। उन्होंने जनता से इंडिया गठबंधन के समर्थित प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी को भारी मतों से जीतने की अपील की। सभा में सुशील टिबड़ेवाल, गणेश शंकर पांडेय, अमनमणि त्रिपाठी,राजू कुमार गुप्ता, आलोक सिंह, महातम यादव, तय्यब अली ,कृष्ण भान सिंह, हरेंद्र कृष्ण त्रिपाठी, विश्वनाथ मद्धेशिया,पुष्प लता मंगल,निर्मेश मंगल, सुमन ओझा ,सुप्रिया श्रीनेत ,शरद सिंह उर्फ बबलू सिंह, तलत अजीज ,आमिर खान महत्तम यादवआदि लोगो ने सभा को संबोधित किया मौजूद रहे। सभा का सम्बोधन विद्या सागर यादव ने किया।

## प्रप्टीं डीलरों के दो पक्षो में जमकर हुआ मारपीट चली गोली, गाड़ी को भी तोड़ा

**बाराबंकी।** कंपनी के पार्टनर रहे दो गुटों में आपसी संघर्ष हो गया जिसमे तीन लोग घायल हो गए। तीनो घायलों को डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया है। रियल एस्टेट के व्यापारी सचिन मिश्रा और उनके पार्टनर प्रकाश वर्मा पर हमले की बात सामने आ रही है, प्रकाश वर्मा के भाई का आरोप है कि विपक्षी तौफीक, नितिन यादव और हरिशंकर आदि ने होटल पर चाय पी रहे उनके भाई पर अचानक से हमला बोल दिया, वहीं द्वितीय पक्ष का कहना है कि प्रथम पक्ष ने उन लोगों पर हमला किया है हालांकि इस मामले में गोली चलने की भी सूचना मिल रही है। मामला कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत डीएम आवास के सामने का है जहां पर पूर्व में एक ही कंपनी के पार्टनर रहे दो गुटों में आपसी संघर्ष हो गया जिसकी सूचना कुछ देर में पुलिस को मिली मौके पर पुलिस जांच में जुटी हुई है वही तीन लोगों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

# जिलाधिकारी ने की नियमित टीकाकरण की गहन समीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी, नेहा शर्मा ने की जिला पंचायत सभागार में स्वास्थ्य विभाग के नियमित टीकाकरण की समीक्षा बैठक। समीक्षा में जिलाधिकारी ने सीएचसीवार सभी अधीक्षकों से नियमित टीकाकरण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जनपद में आरआई माइक्रोप्लान, जीरो डोज, हाई प्रीयार्टी, एचपी सबसेंटर की मानीटरिंग, इम्यूजेशन की स्थिति, आरआई हाउस टू हाउस मानीटरिंग, एएफपी एमआर तथा कोल्डचेन आदि की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद में नियमित टीकाकरण की खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सीएचसी अधीक्षकों को कड़े निर्देश दिये हैं कि सभी लोग नियमित टीकाकरण पर विशेष ध्यान देकर प्रगति में तेजी लाकर समय से करायें टीकाकरण का कार्य। बैठक में जिलाधिकारी ने बड़े साफ शब्दों में निर्देश दिये हैं कि नियमित टीकाकरण के कार्य में कतई किसी प्रकार की कोई हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा है कि अगली समीक्षा बैठक में यदि सुधार नहीं आया तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही आवश्य की जायेगी। बैठक में डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिये हैं कि आप अपने स्तर पर भी नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सीएचसी अधीक्षकों व संबंधित को निर्देश दिये हैं कि सभी लोग लगकर टीकाकरण के कार्य को समय से पूर्ण करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रश्मि वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आदित्य वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर जयगोविंद, सीएमएस जिला महिला अस्पताल, डाक्टर पंकज तिवारी वैक्सीनेशन, डीसीपीएम डॉक्टर आरपी सिंह, डीपीएम अमरनाथ, डॉक्टर शेषनाथ सिंह यूनीसेफ, समस्त सीएचसी अधीक्षक



सहित सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के बैनर तले मनाया गया हिंदी पत्रकारिता दिवस, मूर्धन्य विद्वानों ने रखें अपने विचार

**गोंडा।** हिंदी पत्रकारिता का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। सबसे पहला हिंदी अखबार उदन्त मार्तण्ड 30 मई 1826 को प्रकाशित हुआ था। जिसके संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ल थे। यही कारण है कि पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष 30 मई के दिन हिंदी पत्रकारिता दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। जिले के सिंचाई विभाग के डाक बंगले में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा गोंडा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर वरिष्ठ पत्रकार एसपी मिश्रा ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए

# ईंट से कुचलकर लड़की की हत्या जांच में जुटी पुलिस

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पनियरा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत नरकटहां के रजही टोला



निवासिनी सत्रह वर्षीया संजना प्रजापति पुत्री रामसनेही का शव घर से पचास मीटर दूर एक खेत में मिला। उसे बुरी तरह से ईंट से कूचकर उसकी हत्या की गई है। गुरुवार को सुबह शव देख कर काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गये और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर सीओ सदर आभा सिंह भी पहुंच कर जांच पड़ताल किया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नरकटहा के रजही टोला निवासी रामसनेही घर से थोड़ी ही दूर पर खेत में झोपड़ी डाल कर रह रहा था। वह इस समय वहां पर दूसरा मकान बनवा रहा था। बुधवार की शाम को वहा मिट्टी गिरवा रहा था जो देर रात तक मिट्टी गिरता रहा। बताया जा रहा है कि संजना वहां मिट्टी की ट्राली गिन रही थी। बताया गया की डेढ़ बजे रात तक मिट्टी गिराई गई। रामसनेही की दो बेटियां व एक बेटा है। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। परिजन घर पर सोये थे। सुबह गांव के शिव खेत में पानी चलाने के लिए आये तो देखा की संजना का शव खेत में पड़ा है जिसके बाद उसने परिजनों को सूचना दी।

# अच्छे दिन आएंगे लेकिन भाजपा की हार के बाद : अखिलेश यादव

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** महराजगंज के निचलौल कस्बे में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के पक्ष में गुरुवार को जनसभा को संबोधित करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अच्छे दिन आएंगे लेकिन चार जून को भाजपा की हार के बाद। जिन लोगों ने चार सौ पार का नारा दिया था , वह सातवें चरण में अपना नारा भूल गए हैं। अब डर सता रहा है कि कहीं चार सौ सीट हार न जाएं।

सुना है कि अब परिणाम आने से पहले ही तपस्या के लिए दूर चले गए हैं। क्योंकि यह तो बताना ही पड़ेगा कि तपस्या में कुछ कमी रह गई है। 10 सालों में इन्होंने सिर्फ झूठ बोला है। किसानों की आय दोगुणा तो नहीं हुई लेकिन उन पर कर्ज बढ़ता गया। मोदी सरकार ने उद्योगपतियों का 26 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया । अब किसानों का कर्जा हम माफ करेंगे। बीजेपी की मित्र मंडली बदलेगी, मंत्रीमंडल बदलेगा और मीडिया मंडल बदल जाएगा। युवाओं ने जो परीक्षा दिया, उसका पर्चा लीक हो गया। श्री यादव ने यह भी कहा कि याद रखना यह पेपर लीक नहीं हुए हैं, जान बूझकर लीक कराए गए हैं, ताकि नौकरी न देनी पड़े। 10 साल में एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। भागदौड़ करके फौज में नौकरी करने के पक्के वादे को आधा-अधूरा कर दिया । शहीद होने के बाद जवानों को शहीद का दर्जा नहीं मिल रहा है। हमारी सरकार आती है तो अग्नीवीर योजना को समाप्त किया जाएगा। अखिलेश ने कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं, उसे भरा जाएगा। खाकी वर्दी पहनने वालों को भी सावधान करने आया हूं , इनकी नौकरी भी तीन साल की हो जाएगी। महंगाई तब बढ़ी है, जब यहां के सांसद देश के खजाने के मंत्री हैं। इनके पास देश के खजाने का हिसाब- किताब है। चीनी मिलें भी नहीं चल पाई। युवाओं को नौकरी भी नहीं मिली और महंगाई

- उद्योगपतियों का मोदी सरकार ने 26 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया

बढ़ गई। उन्होंने कहा कि बिजली का बिल आता है तो करंट लगता है । भाजपा का भी प्रचार हो रहा है, वह टेंट तो लगा रहे हैं, लेकिन भीड़ नहीं आ रही है। सरकारी कर्मचारियों को सादा ड्रेस पहना कर बैठाया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वैक्सीन से लोगों की जान जा रही है। श्री यादव ने कहा कि अब सरकार कह रही है कि वैक्सीन को वापस ले लेंगे। किसी के शरीर से वैक्सीन को कैसे निकालोगे। जुमलेबाजी करने वालों से सावधान करते हुए उन्होंने इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

## पीएम मोदी का मौन व्रत, आचार संहिता का उल्लंघन, रोक लगाये चुनाव आयोग

अवधनामा संवाददाता



- सुनिश्चित करें चुनाव आयोग, पीएम के मौन व्रत का नहीं होगा प्रसारण

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव के अंतिम दौर का चुनाव प्रचार थमने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 मई से दो दिन के लिये मौन व्रत करने की घोषणा की है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर रही है। चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद 24 घण्टे का वक्त साइलेंस पीरियड होता है। इस दौरान कोई राजनैतिक दल या नेता प्रत्यक्ष या अपरोक्ष प्रचार या कैंपेनिंग नही कर सकता। कांग्रेस पार्टी आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेन्द्र श्रीवासतव ने कहा प्रधानमंत्री जिस दिन से मौन व्रत शुरू करेंगे उसके दूसरे दिन सातवें चरण के चुनाव के लिये मतदान होना है। इधर वे मौन व्रत शुरू करेंगे, दूसरी ओर आदतन भारत की मुख्य धारा की मीडिया इसका प्रसारण देशवासियों को दिखायेगा जो आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। इसे किसी कीमत पर उचित नही ठहराया जा सकता। प्रधानमंत्री को चाहिये वे अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न होने के बाद अपना मौन व्रत शुरू करें अथवा भारत निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करे कि मीडिया प्रधानमंत्री के ध्यान का प्रसारण नही दिखायेगा। महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा चुनाव आयोग शक्तिशाली और अहंकारी सत्ता के आगे नतमस्तक है। यही कारण है कि करोड़ों देशवासियों को चुनाव आयोग पर भरोसा नही है कि भारत में फ्री एण्ड फेयर इलेक्शन करवा पायेगा। प्रधानमंत्री के मौन व्रत की घोषणा के बाद खुद भारत निर्वाचन आयोग को इसे सज्ञान लेकर रोक लगानी चाहिये। महेन्द्र श्रीवास्तव ने मांग किया है कि प्रधानमंत्री को अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न होने तक मौन व्रत से रोका जाये।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जिला कारागार का मासिक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर विरजेन्द्र कुमार सिंह के आदेश के पर अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर मनोज कुमार तिवारी द्वारा गुरुवार को जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार के भोजनालय तथा बैरकों का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं, स्वास्थ्य तथा मुकदमों की पैरवी व अधिवक्ता के संबंध में पूछताछ किया गया, जिस सम्बन्ध में बंदियों द्वारा बताया गया कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या जिला कारागार में नहीं है। सभी के मुकदमों की पैरवी प्राइवेट अधिवक्ता/पैनल अधिवक्ता/लीगल एड डिफेंस सिस्टम के अधिवक्तगण द्वारा की जा रही है। निरूद्ध बंदिगणों को जेल मैनुअल के बारे में, जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी द्वारा माह जुलाई में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से बन्दीगण को अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान अभिषेक चौधरी अधीक्षक जिला कारागार, राजेश कुमार पाण्डेय कारापाल, प्रदीप कुमार सिंह उप कारापाल व जिला कारागार के कर्मचारीगण तथा जेल पीएलवी उपस्थित रहे।

### नपं बढ़नी के सफ़ाई कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बढ़नी में बुधवार को नगर पंचायत के दर्जनों सफाई कर्मियों ने युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाकर नालियों की सफाई की। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने बताया कि बरसात को देखते हुए नगर के नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है जिससे नगर में कही भी नालियां चोक न हो और बरसात के पानी का आवागमन बना रहे। नगर के नालियों के चोक हो जाने से प्रायः बरसात के मौसम में जल जमाव व कीचड़ की स्थिति बनी रहती थी , इस बार बरसात से पहले ही नालियों की सफाई कराई जा रही है जिससे किसी भी प्रकार से नालियों में पानी न रुके और पानी आवागमन होता रहे। कहा कि इस बार पूरी कोशिश की जा रही है कि नगर वासियों को बरसात में सड़कों पर जल जमाव का दंश न झेलना पड़े। किंतु लोगों का कहना है कि पानी सप्लाई हेतु पाइप लाइन बिछाने हेतु नगर में की गई सड़कों की खुदाई को यदि समय रहते उसके मरम्मत का कार्य नहीं किया गया तो समस्या उत्पन्न होगी।

### प्राशिसं ने किया ग्रीष्मकालीन कैंप स्थगित करने की मांग

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश व भीषण गर्मी के बीच कैंप आयोजित करने के आदेश को वापस लेने की मांग की है। इस संदर्भ में प्रांतीय नेतृत्व ने स्कूल शिक्षा के महानिदेशक को पत्र भेजा है। संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व ज़िलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने गुरुवार को बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा ने स्कूल शिक्षा महानिदेशक को पत्र भेजकर भीषण गर्मी व ग्रीष्मावकाश को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में पांच से 11 जून के बीच ग्रीष्मकालीन कैंप आयोजित करने के आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए वापस करने की मांग किया है। पत्र में बताया गया है कि 20 मई से 15 जून तक परिषदीय विद्यालयों में पूर्व से ग्रीष्मावकाश घोषित है और वर्तमान में पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी का क़हर है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ़ से भी गर्मी से बचाव के लिए एडवायजरी जारी की गई है। ऐसे में विद्यालय आने पर बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। संगठन ने ग्रीष्मावकाश कैंप संबंधी आदेश को स्थगित रखने की मांग किया है।



### तीन बोरी यूरिया खाद व धान बीज बरामद



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खुनुवा बॉर्डर पर पुलिस के जवानों ने तीन बोरी यूरिया खाद व धान बीज बरामद किया। बृहस्पतिवार को पुलिस परसौना बार्डर के पीलर संख्या 557 के पास गश्त पर थे। इसी बीच एक तस्कर साइकिल से खाद, धान बीज लेकर नेपाल में जाने के फिराक में था। पुलिस के जवानों द्वारा रुकने का इशारा करने पर तस्कर साइकिल, खाद व धान बीज फेककर नेपाल की तरफ भाग गया। साइकिल, तीन बोरी खाद व धान बीज को खुनुवा कस्टम के सुपुर्द कर दिया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में खुनुवा चौकी प्रभारी जगतनरायन यादव, अंगद सिह, निसान्त शामिल रहे।

### परिषदीय स्कूलों में लगने वाले समर कैंप पर शिक्षकों ने जताया आक्रोश



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लाक इकाई डुमरियागंज के ब्लॉक अध्यक्ष व जिलामंत्री राकेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की आगामी 5 जून से 11 जून के मध्य भीषण गर्मी में आयोजित समर कैंप को लेकर शिक्षकों के मन में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया की प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर शिक्षा महानिदेशक ने परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए हैं, जबकि हमे मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं, ऐसी स्थिति में भीषण गर्मी और लू के बीच बच्चों को स्कूलों में बुलाकर बच्चों की स्वास्थ्य और जान को खतरे में डालना होगा। इसके अलावा अधिकांश शिक्षकों ने ग्रीष्म अवकाश में परिवार के साथ समय व्यतीत करने हेतु पूर्व में ही रेल, होटल व अन्य सुविधाओं का आरक्षण कर रखा होता है, जिसे अवकाश के बीच में रद्द करना अव्यवहारिक है। राकेश पाण्डेय ने कहा की राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इस आदेश को रद्द करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा और यदि मनमानी पूर्ण ढंग से यह आदेश जारी रखने की कोशिश की जाती है तो शिक्षक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान शिक्षकों ने उक्त समर कैंप के आदेश पर विरोध जताते हुए ऐसे किसी भी आयोजन को इस भीषण गर्मी में अव्यवहारिक करार दिया और अंत में उन्होंने उक्त आदेश पर फिर विचार करते हुए रद्द करने का आग्रह किया।

### सड़क दुघर्टना में एक की मौत

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** स्कूटर तथा बाइक की आमने-सामने टक्कर होने से एक की मौत एक घायल । राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस से मृतक तथा घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया तथा मृतक का पुलिस ने पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कुरौली के पास बुधवार की शाम एक बाइक तथा एक स्कूटर की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई जिसमें रेंडर क्षेत्र के करनपुरा निवासी बृजेंद्र सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष के सर में गंभीर चोटें आई, राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

# पत्रकारों को अपना चाल चरित्र चेहरा सुधारना होगा: राजेन्द्रनाथ

अवधनामा संवाददाता



- अच्छे, सच्चे पत्रकार करते हैं सत्ता का मार्गदर्शन
- बड़े समाचार माध्यमों का सत्ता की आवाज में आवाज मिलाना दुर्भाग्यपूर्ण: पांडेय
- पढ़ने लिखने की आदत डालें पत्रकार : राजेन्द्रनाथ

**बस्ती।** हिन्दी पत्रकारिता का वर्तमान और भविष्य दोनो अच्छा है। पत्रकारों को अपना चाल चरित्र और चेहरा सुधारना होगा। यह बातें वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्रनाथ तिवारी ने कही। वे प्रेस क्लब सभागार में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित 'पत्रकारिता का वर्तमान व अतीत' विषय पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा अभाव को स्वभाव बनाने वाले पत्रकार कभी सत्ता की दलाली नही करते, बल्कि अपने समाचारों, संपादकीय व समीक्षात्मक खबरों से सत्ता को रासता दिखाते हैं। लेकिन अहंकारी और शक्तिशाली सत्ता ने हमेशा उन्हे अपने पॉवर और धनबल के आगे नतमस्तक करने का प्रयास किया है। उन्होने यह भी कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कुछ पत्रकार देश में बंचे हैं जिनके ज़मीर का सौदा शक्तिशाली और अहंकारी सत्ता नही कर पा रही है। उन्होने ध्रुव राठी का नाम भी लिया। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चन्द पाण्डेय ने कहा अखबारों के सामने चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। बड़े समाचार माध्यम सत्ता की आवाज में आवाज मिलाने में विश्वास करते हैं और छोटे मझोले समाचार माध्यम हमेशा पीड़ित मानवता की पैरोकारी करते हैं, और ऐसे ही अखबारों के सामने चुनौतियां भी ज्यादा खड़ी की जा रही हैं। केडी मिश्रा ने हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत से लेकर वर्तमान तक के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा पत्रकारों को कम संसाधनों में जीवन जीने की आदत डालनी चाहिये। वरिष्ठ पत्रकार मजहर आजाद ने कहा हिन्दी पत्रकारिता हमारे रगों मे रची बसी है। हम जिस क्षेत्र मे रहते हैं वहां हिन्दी का कोई विकल्प नही है। इसका भविष्य बेहतर है। जयंत मिश्रा ने कहा पत्रकारों को लिखने पढ़ने की आदत डालनी होगी। कई बार ऐसा होता है जब विषय की जानकारी न होने पर पत्रकार को सार्वजनिक रूप से शर्मिन्दा होना पड़ता है। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने किया। उन्होने कहा बस्ती की पत्रकारिता उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा समृद्ध है। यहां पत्रकारों में एकजुटता भी है और विषय की जानकारी भी। अध्यक्षता कर रहे प्रकाश चन्द गुप्ता ने कहा हिन्दी पत्रकारिता का स्वर्णिम युग रहा है। वर्तमान में हिन्दी पत्रकारिता में उर्दू व अंग्रेजी शब्दों का समावेश देखने को मिलता है जिससे हिन्दी पत्रकारिता कमजोर होती है। उन्होने सभी को दिवस की शुभकामनायें दिया। प्रेस क्लब महामंत्री महेन्द्र तिवारी ने कहा हिन्दी पत्रकारिता जितना सशक्त कोई दूसरा माध्यम नही है। संकट सिर्फ विश्वास का है। पत्रकार जन सामान्य का विश्वास खोते जा रहे हैं। समाज या सत्ता के ताकतवर लोग हमेशा मीडिया को दबाने करते हैं लेकिन पीड़ितों, सताये गये लोगों के विश्वास और आशीर्वाद से पत्रकार किसी से भी टकराने का साहस रखता था। मौजूदा परिवेश ऐसा है जिसमे पत्रकार के साथ न ताकतवर लोग हैं और न ही पीड़ित, शोषित जनता। इसलिये हमे सबसे पहले अपने आचरण का मूल्यांकन करना होगा। सहायक सूचना निदेशक प्रभाकर तिवारी ने बस्ती के पत्रकारिता की सराहना की। उन्होने कहा हमारे सेवाकाल में सबसे ज्यादा बस्ती की सेवा यादगार रहेगी। सभी पत्रकारों ने सहायक सूचना निदेश का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हे अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह देकर उनके उज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना किया। उन्होने पत्रकार राहत कोष में योगदान भी दिया। वे 31 मई मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पुनीत दत्त ओझा, प्रदीप चन्द पाण्डेय, सरदार जगवीर सिंह, चन्द्रप्रकाश शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अनुराग श्रीवास्तव, रामकुमार, कौशल किशोर ओझा, अशोक श्रीवास्तव, वशिष्ठ पाण्डेय, राजेन्द्र उपाध्याय, राकेश चन्द श्रीवास्तव, रामधीरज सिंह, अरूणेश श्रीवास्तव, तबरेज आलम, लवकुश सिंह, अभिषेक गौतम, सर्वेश श्रीवास्तव, चन्द्रमोहन लाल, राकेश गिरि, सुनील मिश्रा, दिनेश सिंह, ओम शुक्ल, सुदृष्टि नारायण, गोकरण नारायण पाण्डेय, संदीप गोयल, ओमप्रकाश पाण्डेय, दिनेश कुमार पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, ब्रह्सेवक पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव,संजय विश्वकर्मा, वीके त्रिपाठी, हरिओम लल्ला, संतोष श्रीवास्तव, संदीप ओझा, राघवेन्द्र सिंह, लवकुश यादव, शिवप्रकाश गौड़, शिवराज सिंह, अश्वनी शुक्ला, सुबाष पाण्डेय, राधेश्याम दूबे, राकेश तिवारी, सुरेश सिंह गौतम, आशुतोष नारायण पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### अपर जिलाधिकारी ने लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव के लिए एडवाइजरी की जारी

**कौशाम्बी।** अपर जिला अधिकारी ने कहा कि लू कब लगती है और इससे कैसे बचा जा सकता है उन्होंने बताया कि गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्ल्यूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता हैं। शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत हैं। इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सवाधान रहें। उन्होंने कहा कि लू के लक्षण गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी आदि मुख्य लक्षण हैं। इन लक्षणों के चलते मनुष्यों के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है। जनपद में हीटवेव (लू) के प्रति जोखिम (कमजोर वर्ग एवं क्षेत्र की पहचान करना है 05 वर्ष से कम आयु के बच्चे व 65 वर्ष से ज्यादा के व्यक्तिगर्भवती महिलायें।ऐसे व्यक्ति जो कि सैन्य, कृषि, निर्माण और औद्योगिक व्यवसाय में श्रमिक, मजदूर, खिलाड़ी आदि हों शारीरिक तौर पर कमजोर व्यक्ति एवं मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति त्वचा संबन्धित रोग जैसेः-सोरायसिस, पायोडर्मा आदि से प्रभावित व्यक्ति पर्यावरण बदलने के कारण गर्मी के अनुकूलनता का अभाव सोने का अभाव हो तो उन्हें लू का खतरा अधिक रहता है।

# परिवहन विभाग से बिना एनोसी लिये काट दिये जाते है पुराने वाहन

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जनपद के बसखारी कस्बे में कबाड़ का बड़ा खेल चल रहा है। जबकि गोदाम की दूरी थाने से महज 200 मीटर है, गुड्डू कबाड़ी के यहां परिवहन और पुलिस विभाग से बिना एनओसी लिए पुराने वाहनों की खरीद और बिक्री का अवैध कारोबार चल रहा है। कई

- बिना परमिशन के जिले में कट रहे वाहन बना प्रशासन के लिए चुनौती
- क्या बसखारी थाना लगा पाएगा इस काले धंधे पर लगाम


वाहन मालिक लाखों का टैक्स बकाया गाडियों को कबाड़ के भाव बेच देते है। ऐसे में परिवहन विभाग टैक्स वसूली के लिए गाड़ी खोजता रहता और गाडियां स्क्रैप के भाव बिक जाती है। इससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।इसी गोरखधंधे की आड़ में कबाड़ी चोरी की गाडियां भी खरीदकर स्क्रैप बनाकर बेच देते है। परिवहन और पुलिस विभाग अभी तक अवैध कारोबार में लिप्त कबाडियों पर कार्रवाई नहीं कर सका है। अपराध के संबंध में पुलिस से एनओसी जरुरी- पुराने वाहनों को कबाड़ में खरीदी-बिक्री से पहले पुलिस विभाग की एनओसी भी जरुरी होती है। कबाड़ में बेचे जा रहे वाहन पर कोई अपराध तो दर्ज नहीं है इसको लेकर पुलिस एनओसी जारी करती है।बिना अनुमति के संचालित इन दुकानों में कीमती सामानों को सस्ते दामों पर खरीदकर कारोबारी लाखों रुपये कमा रहे हैं।इन दुकानों में कबाड़ की खरीद-बिक्री की न तो रसीद दी जाती है और न ही कोई रिकार्ड रखा जाता है।इतना ही नहीं इनके दलाल ग्रामीण क्षेत्रों से कबाड़ खरीदकर दुकान में खपा देते हैं।

**चोरी के वाहन स्क्रैप बनाकर बेच रहे**

कबाड़ की आड़ में कई कबाड़ी चोरी के वाहनों की खरीदी-बिक्री का अवैध कारोबार कर रहे है।

कबाडियों द्वारा चोरी के वाहन स्क्रैप कर बेच दिए जाते है। बावजूद जिम्मेदारों द्वारा अनदेखी उनकी संलिप्तता को बयां कर रही है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो जिम्मेदारों का कबाडी कारोबारियों से बेहद करीबी नाता है और यह नाता किसी रिश्ते का नहीं बल्कि लेनदेन का है। बताया जाता है कि जिम्मेदार हफ्ते व महीने के हिसाब से इन कबाडी करोबारियों से मोटी रकम लेते हैं और इनको संरक्षण प्रदान कर कारोबारियों के साथ स्वयं भी मालामाल हो रहे हैं,तभी तो जानकारी होते हुए किसी भी कबाडी कारोबारी पर कार्यवाही करने से बचते नजर आ रहे हैं। जबकि जनपद में अभी स्क्रैप करने के लिए किसी को लाइसेंस नहीं प्राप्त हुआ है यह जानकारी उप संभागीय परिवहन विभाग द्वारा दी गई। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष बसखारी संत कुमार सिंह से वार्ता करने के पश्चात बताया गया तो मुझको ऐसी कोई जानकारी नहीं है मैं किस आधार पर कार्यवाही करूं।

### प्राइवेट बस से गोरखपुर से गांव आते समय युवक का बस में अचानक तबियत बिगड़ा हुआ मौत



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी 38 वर्षीय युवक प्राइवेट बस द्वारा गोरखपुर से गांव आते समय रास्ते में अचानक तबीयत खराब हो गयी। बस चालक स्वजनो को फोन पर बताया और लोग कैली मेडिकल कालेज ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। 38 वर्षीय राजन गौड़ पुत्र संतराम एक माह पूर्व गोरखपुर रोजी-रोटी की तलाश में गए थे और वह काम करते थे। बुधवार को अचानक तबीयत खराब हुआ और वही पर दावा लिए। गुरुवार को गोरखपुर से कुदरहा तक चलने वाली बस पर बैठ घर के लिये चल दिए। मुंडेरवा के पहले अचानक तबियत बिगडने लगा तो बस के स्टाप ने इनके मोबाइल से नंबर निकाल घर वालो को फोन पर अवगत कराया। स्वजनो ने महादेवा पहुंच कर राजन को बस से उतारा और कैली ले कर पहुंचे। जहां चिकित्सको ने जांच के पश्चात मृत घोषित कर दिया। राजन चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। वह पहले विदेश रहता था। घर की परिस्थिति देख गांव आ गया। घर का होनहार था और पूरी जिम्मेदारी इसी के कंधे पर थी। पत्नी बीना का रो-रो कर बुरा हाल था। इनके तीन बच्चे थे।

### दर्जनों गावों मे किया गया वृक्षारोपण



**किछौछा अम्बेडकऱनगर अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड बसखारी के ग्राम सभा बेला परसा, देवहट, टड़वा, तथा मसड़ा में दो दर्जन जीवन दायनी वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास के नेतृत्व में आम, नीम, जामुन पेड़ लगाया गया। इस दौरान पेड लगाने पहुंचे क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास ने कहा कि लगातार तापमान में वृद्धि रोकने का एक ही विकल्प वृक्षारोपण है ग्रामीण परिवेश में पेड़ों के अंधाधुंध कटाई तथा भौतिकवादी जीवन में एसी, फ्रिज तथा कूलरों का प्रयोग किए जाने के कारण तापमान में वृद्धि तेजी से हो रहा है। जिसको रोकने के लिए हमारे पूर्वज तथा महर्षियों द्वारा बताए गए जीवन दायनी वृक्ष आम ,नीम, बरगद ,पीपल का रोपण करना नितांत आवश्यक है। जिसके लिए सभी को अपने जीवन काल में प्रत्येक वर्ष कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाने चाहिए जिससे पर्यावरण संतुलित रहे और पर्यावरण की असतुलित स्थिति को संतुलित किया जा सके। वृक्षारोपण के दौरान दौरान कांस्टेबल सुजीत वर्मा, शिवपाल,आजाद कुमार, सत्यजीत, अमर कुमार, दिनेश राजभर, विनय जायसवाल,साहू, हौसिला जायसवाल के साथ अन्य युवाओं ने वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

### चार दिवसीय मजलिस में उमड़े अक़ीदतमंद



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सराय चौक स्थित रौज -ए-हजरत कासिम में सालाना चार दिवसीय तब्लीग़ी मजालिस के चौथे दिन गर्मी की शिद्दत के बावजूद अकीदतमंदों की भीड़ चरम पर रही। महिलाओं व पुरुषों से दरगाह परिसर भरा रहा।सुबह की मजलिस को मौलाना जफरुल हसन ने खिताब करते हुए कहा कि इंसानियत को बचाने के लिए कर्बला की गर्म ज़मीन पर अपनी आंखों के सामने अपने छोटे छोटे बच्चों को कुर्बान होते देख कर भी इमाम हुसैन अपने अज़ीम मकसद से पीछे नहीं हटे। दूसरी मजलिस को मौलाना सैयद नज़र मोहम्मद जैनबी दिल्ली ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन की कुर्बानी हमें कभी किसी बेगुनाह का खून न बहाने एवं वादा करके हमेशा उसे पूरा करने का संदेश दिलाती है। मौलाना महताब हुसैन बलराम पूरी ने भी मजलिस को खिताब किया।मजलिस के पूर्व अंसर जलालपूरी, मेंहदी उस्मानपुरी, रहबर सुल्तानी ने पेश ख्वानी किया। कार्यक्रम के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने आगंतुको का आभार जताया। उक्त अवसर पर शमशीर अली, नज़र अब्बास,इनाम जाफरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में सिब्ते हसन, अलमदार हुसैन, कौसर अली,जाफर मेंहदी, सैफ़ अब्बास राजू, इमरान रज़ा अली असगर सक्रिय हैं।

### ग्राम पंचायत स्तर पर गोष्ठी का आयोजन कल

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** खरीफ 2024 में मण्डल के समस्त जनपद में ग्राम पंचायत स्तर पर गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में आगामी 1 जून से 14 जून 2024 तक निर्धारित है। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त कृषि निदेशक अविनाश चन्द्र तिवारी ने बताया कि दलहन विकास, तिलहन विकास, मिलेट्स पुनरूद्धार त्वरित मक्का विकास योजना एवं आर0के0बी0वाई0 योजना अन्तर्गत जनपद बस्ती में 677, संत कबीर नगर में 433 एवं सिद्धार्थनगर में 654 किसान पाठशालों का आयोजन कराया जाना है। प्रत्येक किसान पाठशाला में 80 से 100 कृषकों की सहभागिता के साथ मा0 जनप्रतिनिधियों, एफ0पी0ओ0 के सदस्यों की प्रतिभागिता करायी जानी है। उन्होने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु 02 मुख्य खरीफ फसलों जो फसल बीमा हेतु अधिसूचित हो, को चिन्हाकिंत कर कृषकों को फसल उत्पादन नवीनतम तकनीकी की जानकारी दी जायेगी। किसान पाठशाला में उस विकास खण्ड में पुरस्कृत/प्रगतिशील कृषक के द्वारा अधिक उत्पादन करने के सम्बन्ध में वार्ता कराकर कृषकों को एफ0पी0ओ0 के गठन/पराली प्रबन्धन/डिजिटल क्राप सर्वे/आपदा प्रबन्धन/प्राकृतिक खेती धान की डीएस0आर0विधि दलहन, तिलहन, मक्का उत्पादन तकनीकी, कृषि विभाग की विभिन्न योजनाए यथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर ऐक्सटेन्सन, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन, पी0एम कुसुम (सोलर पम्प), पीएम किसान आदि एवं सहयोगी विभाग उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, गन्ना, रेशम आदि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा चिन्हित फसल उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी जायेगी।

## दो दिनों का सैन्य अभ्यास

चीन ने ताइवान स्ट्रेट में दो दिनो का सैन्य अभ्यास करके ताइवान सहित दुनियां के देशो को बताना चाहा है कि वह जब चाहे तब ताइवान को अपने देश में मिला सकता है। चीन और ताइवान को लेकर एक विरोधाभास है। दुनियां वन नेशन पालसी के अन्तर्गत ताईवान को चीन का हिस्सा मानती है पर ताइवान से अनौपचारिक सम्बन्ध बनाये हुये है, कुछ देश वहा डेलीगेशन भी भेजते है। जाहिर है चीन को यह नापसन्द है क्योंकि वह ताइवान को चीन का हिस्सा मानत है। इस समय ताईवान की नवनिर्वाचित सरकार चीन विरोधी है। युद्ध अभ्यास को चीन अपनी क्षमता का जांच बताया है। जबकि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के पहले भाषण में चीन को दी गयी हिदायत का वह डराना धमकाना छोड़ दे को सैन्य प्रदर्शन का मुख्य कारण माना जा रहा है।

चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है कहता रहता है कि जरूरत पड़ी तो वह ताइवान पर जबरदस्ती कब्जा कर चीन में मिला लेगा। शी यह भी कहते रहते है कि ताइवान को चीन से मिलाने का कार्यक्रम अनिश्चितकाल के लिये अब रोका नही जा सकता है। ताइवान लोकतान्त्रिक देश है आम जनता चीन के खिलाफहै। चीन विरोधी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी लगातार तीन बार चुनाव जीत कर सत्ता में आई है जो ताइवान के लोगो की पसन्द जाहिर करती है। पर अभी विपक्ष ने राष्ट्रपति के अधिकारों में कमी कर दिया है यह चीन के पक्ष में जाने की बात है।

अमेरिका सहित अन्य देश जो ताइवान से अनौपचारिक सम्बन्ध बनाये हुये है चीन की आक्रमता देख ताइवान के और करीब आ गये है। इस हालात को ध्यान में रखते हुये अमेरिका ने शस्त्रों की सप्लाई ताइवान के लिये बढ़ा दी है। अमेरिका अपने प्रतिनिधि मन्डल भी भेजा है। यह सब चीन को बरदाश्त कर पाना मुशकिल गुजर रहा है। चीन ताइवान और उसके सहयोगी देशो को सबक देता है कि ताइवान उसका हिस्सा है जिस दिन चाहेगा उसको अपने देश में मिला लेगा। पर यह इतना आसान नहीं होगा ताइवान के मित्र देश खुलकर मदद के लिये उसके साथ आ जायेगा। अमेरिका शस्त्रों की सप्लाई में लगा ही हुआ है। चीन का यह युद्ध अभ्यास पहले के अभ्यासों से बड़ा है पर मकसद वही सबको डराना धमकाना है। ताईवान स्ट्रेट सेमीकन्डक्टर इन्डस्ट्री दुनिया के लिये अहम है। ताइवान प्रमुख व्यापारिक मार्ग के रूप में केन्द्र बिन्दु बनता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र अभी से इस क्षेत्र तनाव और संघर्ष से परहेज को कह रहा है। सबको यूएनओ के संकेत का सम्मान करते हुये अब युद्ध की विभिषिका से बचाने का प्रयास करना चाहिये।

## महिलाओं का मासिक धर्म-पौराणिक मान्यताएं बनाम आधुनिक वैज्ञानिक तथ्य

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर मानवीय जीव के लिए अपने दैनिक जीवन का संचालन करने,अपने शरीर को स्वस्थ रखना अति आवश्यक है,क्योंकि स्वस्थय काया सुखी जीवन की कुंजी है।हालांकि स्वस्थय शरीर की प्रतिबद्धता स्त्री व पुरुष लिंग दोनों के लिए समानांतर जरूरी है। परंतु चूंकि 28 मई 2024 को पूरी दुनियां के कई देशों से विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाने की खबरें आई, ऐसे ही कार्यक्रम कुछ चैनलों व रेडियो के सखी सहेली कार्यक्रम में दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक सुनाया गया तो मेरा ध्यान इस विषय की ओर गया। परंतु चूंकि मैं मेडिकल एक्सपर्ट या जानकार नहीं हूं, इसीलिए मीडिया व रेडियो में बताई गई जानकारी के आधार पर यह आर्टिकल तैयार किया हूं।एक महिला को अपने जीवन में कई तरह के पड़ावों से गुजरना पड़ता है। पीरियड्स इन्हीं में से एक है जो एक नेचुरल प्रोसेस है। यह महिलाओं के लिए बेहद जरूरी माना जाता है। हालांकि इस दौरान सफाई की कमी की वजह से कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता। ऐसे में इसके लिए जागरूकता फैलाने के लिए हर साल विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। एक महिला को हर महीने इससे गुजरना पड़ता है। यह महिलाओं के लिए काफी जरूरी माना जाता है। यही वजह है कि इसे लेकर अकसर को जागरूक करने की कोशिश की जाती है। माहवारी यानी पीरियड्स के दौरान की गई गलतियां सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसे में इसे लेकर जागरूकता फैलाने के मकसद से हर साल 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस यानी,वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे मनाया जाता जो पूरे विश्व में सजकता से बनाया गया।इस दिन को मनाने का मकसद पीरियड्स के दौरान महिलाओं को हाइजीन मैनेजमेंट के बारे में जागरूक करना है। साथ ही इस दिन का उद्देश्य चुप्पी को तोड़ना और पीरियड्स से जुड़े मिथकों को दूर करना है। पीरियड्स के दौरान स्वच्छता बेहद जरूरी है, क्योंकि इसमें कमी होने की वजह से अकसर स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचता है। ऐसे में पीरियड्स के दौरान खराब हाईजीन के क्या जोखिम कारक हो सकते हैं।महिलाओं के लिए पीरियड एक नेचुरल प्रोसेस है इसलिए माहवारी मेंके दौरान की गई गलतियां सेहत के लिए गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है हालांकि केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे महिलाओं का मासिक धर्म पौराणिक मान्यताएं बनाम आधुनिक वैज्ञानिक तथ्य।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम महिलाओं के मासिक धर्म के संबंध में पौराणिक मान्यताओं बनाम आधुनिक वैज्ञानिक तथ्यों की करें तो (1) पीरियड्स में महिलाएं न तो बाल धो सकती हैं और न ही नहा सकती हैं- शरीर की सफाई यानी हाइजीन को बरकरार रखने के लिए रोजाना नहाना जरूरी है। फिर चाहे उन दिनों आपके पीरियड्स ही क्यों न चल रहे हों। बाल धुलने से ब्लीडिंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। पीरियड्स के दिनों में साफ सफाई का खास खयाल रखा जाना चाहिए वरना इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है।(2) ज्यादा भागदौड़ या व्यायाम न करना- मासिक धर्म केदौरान लड़कियों को दौड़ने-भागने, खेलने-कूदने नाचने और एक्सरसाइज करने से मना किया जाता है। इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि उन्हें दर्द कम होगा और आराम भी मिलेगा लेकिन यह सोच बिल्कुल गलत है। ज्यादा आराम करने से शरीर का ब्लड सर्कुलेशन ठीक ढंग से नहीं हो पाता और दर्द भी ज्यादा महसूस होता है। खेलते-कूदते रहने और व्यायाम करने से ब्लड और ऑक्सीजन का प्रवाह सुचारू रूप से चलता रहेगा जिससे पेट दर्द या एंठन जैसीसमस्याएं भी नहीं होंगी।(3)पीरियड्स में खट्टी चीजों को खाने से मना करना- इन दिनों में खट्टी चीजें खाने से मना किया जाता है। हालांकि इन चीजों से परहेज जैसी कोई बात नहीं है। खट्टी चीजें विटामिन सी से भरपूर होती हैं जो इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करती है तो फिर ये कैसे नुकसानदेह साबित होसकती हैं। बस, एक चीज़ का ध्यान रखें कि अति हर चीज की बुरी होती है। खट्टा खाएं लेकिन सीमित मात्रा में।(4) पीरियड्स के दौरान निकलने वाला खून गंदा होता है- आज भी हमारी दादी-नानी इस बात पर कठोरता से यकीन करती हैं कि पीरियड्स का खून गंदा होता है। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। इस भ्रम को तोड़ने की जरूरत है। पीरियड का खून गंदा नहीं होता है और ना ही शरीर के किसी भी तरह केटॉक्सिन्स को बाहर निकालता है।जो लोग इसे गंदा कहते हैं उन्हें समझना चाहिए कि यह एक शारीरिक प्रक्रिया है जिसके बारे में बात करने में किसी को शर्म नहीं आनी चाहिए। (5) पीरियड्स के दौरान आप प्रेग्नेंट नहीं हो सकते- यह पूरी तरह से सच नहीं है। संभोग के दौरान अगर स्पर्म वजाइना के अंदर रह जाए तो सात दिनों तक जिंदा रहता है। यानी अगले सात दिनों तक प्रेग्नेंसी की संभावना बनी रहेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली?

# नशे में तबाह होती जिन्दगियों को बचाना होगा

बेशक 31 मई 2022 को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू की आदी हो चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। सरकार की नीतियां भी दोगली है। लेकिन तेलंगाना सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, वह सुखद है। ऐसे गुटखों या पान मसालों के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है। हालांकि, अभी यह पाबंदी एक वर्ष के लिए है, शायद आगे इसकी समीक्षा होगी और उसके बाद राज्य सरकार स्थायी प्रतिबंध का फैसला करेगी। ऐसे निर्णय केन्द्र सरकार एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों को भी लेने चाहिए। क्योंकि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में, तेलंगाना में लगा प्रतिबंध कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात है। तेलंगाना अगर अपनी सीमा में प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करे, तो उसके पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को भी सहयोग के लिए खड़ा होना पड़ेगा। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया।



ललित गर्ग

आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग नशे के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। नशा आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है।

**विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस**



शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए? भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है। नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण हम एक स्वस्थ नहीं, बल्कि बीमार राष्ट्र एवं समाज का ही निर्माण कर रहे हैं। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ये प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। नशे की ओर बढ़ रही युवापीढ़ी बौद्धिक रूप से दरिद्र बन जाएगी।

गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू सेवन कई सारी बीमारियों का कारण बनता है जैसे दीर्घकालिक अवरोधक फेफड़ों संबंधी बीमारी (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर, हृदयघात, स्ट्रोक, स्थायी दिल की बीमारी, वातस्फीति, विभिन्न प्रकार के कैंसर आदि।

तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति ये तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। डब्ल्यूएचओ के अनुसार धूम्रपान की लत से हर साल लगभग 60 लाख लोग मारे जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मौतें कम तथा मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं। इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है। लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किये गये नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं।

# तंबाकू के जहर में घुलती अनमोल जिंदगियां

नशा ऐसी घातक लत है जो असाध्य बीमारी, विकलांगता, दर्द और समय से पहले मौत का कारण बनती है, आर्थिक हानि के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचती है तथा मानसिक कष्ट होता है। दुनिया में हजारों तरह के स्वास्थ्यवर्धक स्वादिष्ट व्यंजन हैं खाने के लिए, फिर भी लोग नशे के लिए अनमोल जीवन बरबाद करते हैं। देश में बेहद आसानी से बहुत कम कीमत पर मिलने वाला नशा तंबाकू है, जिसका सेवन समाज में सभी आयु वर्ग के लोग करते हुए नजर आते हैं। पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों या शहरी मलिन बस्तियों में या सड़क किनारे 5 साल के छोटे बच्चे भी तंबाकू खाते हुए नजर आते हैं, जहां अभिभावक बच्चों की ओर ध्यान नहीं देते, जो हमारे आधुनिक युग और सभ्य कहलाने वाले समाज के लिए बेहद शर्म की बात है। हमेशा बड़े बुजुर्ग, अभिभावक बच्चों के सामने ही तंबाकू खाते या धूम्रपान करते हुए दिखते है, जिसका सीधा असर बच्चों पर पड़ता है। तंबाकू का नशा शरीर में धीमे जहर की तरह काम करता है, जो घातक बीमारियों से शरीर को जकड़कर मारता है। तंबाकू के प्रति जन जागरूकता एवं नशामुक्ति से लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है और अरबों डॉलर भी, जो बीमारियों के इलाज पर खर्च किये जाते है। तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 31 मई को दुनिया भर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की रक्षा है।



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे इंडिया 2016-17 के अनुसार, भारत में लगभग 26.7 करोड़ वयस्क (15 वर्ष और उससे अधिक) अर्थात सभी वयस्कों का 29 प्रतिशत तंबाकू उपयोगकर्ता है, जिनमें 42 प्रतिशत से अधिक पुरुष और 14 प्रतिशत से अधिक महिलाएं शामिल हैं। किशोरों में तंबाकू सेवन का प्रचलन लड़कों में 19 प्रतिशत और लड़कियों में 8 प्रतिशत है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक और उपभोक्ता देश है, जो 761,335 टन तंबाकू का उत्पादन करता है। वर्ष 2017-18 में, भारत में 35 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए तंबाकू के सेवन से होने वाली सभी बीमारियों के इलाज की कुल आर्थिक लागत 1,77,341 करोड़ रुपये थी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, साल 2017 में धूम्रपान संबंधित मौतें 80 लाख थी। वैश्विक स्तर पर हर 5 में से 1 वयस्क धूम्रपान करने वाला है और 80 प्रतिशत तंबाकू उपयोगकर्ता निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है, धूम्रपान से जुड़ी वैश्विक मौतों का प्रतिशत 15 है। 1.6 करोड़ अमेरिकी वयस्क धूम्रपान से जुड़ी बीमारी से पीड़ित हैं, अमेरिका में हर साल तंबाकू से 480,000 से अधिक लोग मरते हैं। तंबाकू में मौजूद विषाक्त पदार्थ प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर करते हैं, जिससे बीमार होकर मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। आर्सेनिक, सीसा, टार- ये तंबाकू के धुएं में मौजूद घातक 7,000 से अधिक रसायनों में से ही कुछ रसायन है। तंबाकू का उपयोग कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग और स्ट्रोक सहित कई जानलेवा बीमारियों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है। यह अनुमान लगाया गया है कि जागरूकता सेवाओं की कमी के कारण 2050 तक धूम्रपान करने वालों के बीच 16 करोड़ अतिरिक्त वैश्विक मौतें हो सकती हैं।

भारत में तंबाकू के उपयोग का सबसे प्रचलित रूप धुआं रहित तंबाकू है और आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली खैनी, गुटखा, तंबाकू के साथ सुपारी और जर्दा हैं। बीड़ी, सिगरेट और हुक्का तंबाकू धूम्रपान के प्रकार है। देश में हर साल लगभग 13.5 लाख लोगों की मौत का कारण तंबाकू बनता है। धुआं रहित तंबाकू वैश्विक बोझ का 70 प्रतिशत हिस्सा भारत पर है। धुआं रहित



तंबाकू के सेवन से हर साल 2,30,000 से अधिक भारतीयों की मौत हो जाती है। भारत में लगभग 90 प्रतिशत मुँह के कैंसर का कारण धुआ रहित तंबाकू का सेवन है। बीड़ी और सिगरेट पीने वाले अन्यों की तुलना में 6 से 10 साल पहले मर जाते हैं। भारत में 27 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के सेवन से होते है।

ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे इंडिया 2016-17 के अनुसार, भारत में लगभग 26.7 करोड़ वयस्क (15 वर्ष और उससे अधिक) अर्थात सभी वयस्कों का 29 प्रतिशत तंबाकू उपयोगकर्ता है, जिनमें 42 प्रतिशत से अधिक पुरुष और 14 प्रतिशत से अधिक महिलाएं शामिल हैं। किशोरों में तंबाकू सेवन का प्रचलन लड़कों में 19 प्रतिशत और लड़कियों में 8 प्रतिशत है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक और उपभोक्ता देश है, जो 761,335 टन तंबाकू का उत्पादन करता है। वर्ष 2017-18 में, भारत में 35 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए तंबाकू के सेवन से होने वाली सभी बीमारियों के इलाज की कुल आर्थिक लागत 1,77,341 करोड़ रुपये थी। हर साल लाखों भारतीयों की मौत सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आने से हो जाती है। धूम्रपान करनेवाले की गलती का खामियाजा धूम्रपान नहीं करनेवाले आबादी को अपनी मौत देकर चुकानी पड़ती है, फिर भी लोग तंबाकू का सेवन नहीं छोड़ते है। सेकेंडहैंड धूम्रपान अर्थात जब कोई व्यक्ति सिगरेट/बीड़ी पीते हुए उससे निकलने वाले जहरीले धुएं को अपने आसपास के वातावरण में छोड़ता है और उस धुएं के संपर्क में आनेवाले व्यक्ति या बच्चें ऑक्सीज़न के साथ उस जहरीले धुएं को अपने शरीर में लेते है, तब उस धुएं को सेकंडहैंड धूम्रपान कहते है। 30.2 प्रतिशत वयस्क कार्यस्थल पर, 7.4 प्रतिशत रेस्तरां में, और 13.3 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन में धूम्रपान के संपर्क में आते हैं। 21 प्रतिशत किशोर (13-15 वर्ष की आयु) सार्वजनिक स्थानों पर और 11 फीसदी घर पर धूम्रपान के संपर्क में आते हैं।

वर्ष 2019 में भारतीय स्कूली छात्रों के बीच तंबाकू के उपयोग पर आईआईपीएस द्वारा किए गए ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार, 23 प्रतिशत से अधिक हाईस्कूल के छात्र घर के अंदर धूम्रपान करना पसंद करते हैं। इसके अलावा, लगभग 20 प्रतिशत छात्र स्कूल परिसरों में धूम्रपान करना पसंद करते हैं। हाई स्कूल के नौ प्रतिशत छात्रों ने अक्सर तंबाकू उत्पादों का उपयोग करने की सूचना दी। तंबाकू उत्पादन के लिए व्यापक कीटनाशकों और उर्वरकों के उपयोग से जल प्रदूषित होता हैं और विनिर्माण से सालाना 2 मिलियन टन से अधिक कचरा उत्पन्न होता है और 4.3 मिलियन हेक्टेयर भूमि भी नष्ट हो जाती है, जिससे वनों की कटाई में योगदान होता है। रोगों और पर्यावरणीय क्षति पर अंकुश लगाने के लिए धूम्रपान मुक्त भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है।

नशे के बारे में पीढ़ी दर पीढ़ी परम्परावादी मनगढ़ंत झूठ भी हमारे समाज में खूब फैला है, ढूंढने से हजारों बहाने मिल जाते है, नशेड़ियों का समाज में कोई सम्मान नहीं होता। नशा सिर्फ बर्बादी देता है और नशा कभी भी छोड़ा जा सकता है, केवल इच्छाशक्ति प्रबल होना आवश्यक है। जीवन के प्रति अपना नजरिया बदलें, नशे में अपना जीवन बर्बाद न करें। दृढ़ संकल्प, सकारात्मक सोच, जिम्मेदारी की भावना और खुशनुमा माहौल हमें नशे से छुटकारा पाने में मदद करते हैं। नशा मुक्ति के लिए सबसे पहले नशा करने वाले लोगों से दूरी बनाएं, नशे की तलब आये तो आरोग्यदायक खाद्य पदार्थ के बारे में सोचें, अपनी सेहत और परिवारजनों का विचार करें। अभिभावक अपने बच्चों के व्यवहार और दिनचर्या पर विशेष ध्यान दें, छात्रों में नशे की लत बेतहाशा बढ़ रही है। आज के आधुनिक युग में नशे को बढ़ावा देने के लिए और युवाओं को आकर्षित करने के लिए हुक्का पार्लर का ट्रेंड भी खूब फलफूल रहा है, तंबाकू द्वारा बीमारियों से तड़पकर समय से मरने से अच्छा है कि वक्त रहते संभल जाएं और तंबाकू छोड़ें। सरकार, गैर सरकारी संगठन, नशा मुक्ति केंद्र और अन्य सहायता समूह नशे की लत के खिलाफ लड़ाई में भागीदार के रूप में हमेशा हमारे साथ हैं। तुरंत तंबाकू मुक्त होने का संकल्प लें।

# रानी अहिल्याबाई जिसने होलकर राज्य पर आंच नहीं आने दिया

मराठा साम्राज्य की विशाल जिम्मेदारियों को अनेक कठिनाईयों के बावजूद अपने नाजुक मगर दृढ़ कंधों पर कुशलता पूर्वक ढोने वाली वीर मराठिनी देवी अहिल्या बाई होल्कर बचपन में कुशाग्र बुद्धि एवं क्षत्रियोचित गुणों की स्वामिनी थी। उनका विवाह मात्र नौ वर्ष की अल्पायु में ही मल्हार राव होल्कर के एक?मात्र पुत्र खंडेरावल से हुआ था। नववधु अहिल्या दक्षिण के चोड़ी नामक छोटे से गाँव के पटेल भाणरोजी सिंधिया की पुत्री थी। अहिल्या के पति खंडेराव छोटी उम्र में ही बिगड़ैल और ऐसा कोई भी दुर्गुण नहीं बचा रह गया था, जो उनमें न हो। तभी तो मल्हारराव ने अनेक इंद्र परियों सी लड़कियों के भी प्रस्ताव आने के बावजूद रंगरुप में साधारण एवं सांवली सी कन्या अहिल्या को अपनी पुत्रवधु के रूप में चुना था। वृद्ध मल्हारराव की पारखी आँखों ने उन्हें देखते ही पहचान लिया था कि मेरे नकारा एवं बिगड़ैल पुत्र को सुधार एवं संवारने के साथ साथ मराठा परिवार की श्रेष्ठ बहु साबित होगी। कालांतर में यह हुआ भी ठीक वैसा ही जैसा मल्हार राव ने सोचा था। मल्हारराव को अपने कई लोगों की उल्लाहने भी सुनने को मिली कि कहाँ परियों सी कन्याओं के प्रस्ताव को ठुकराकर आपने एक साधारण सी लड़की से अपने एकमात्र पुत्र का विवाह कर रहे हैं। पर उन्होंने किसी के भी बातों पर कान न धरते हुये वहीं विवाह सम्पन्न कराया।



सुरेश सिंह बैस

विवाह के पश्चात नववधू ससुराल पहुँची। प्रथा के अनुसार नववधु ने देहरी पर चावल से भरी नाप को पैर से लुढ़काकर गृहप्रवेश किय। इधर बारातियों में खुसुर - फुसुर चल रही थी। पता नहीं क्या देखकर मल्हारराव इस लड़की पर रीझ गये। लड़की तो रुप रंग में बड़ी साधारण सी है, एक आवाज आई इतना भी नहीं समझे। अरे इन्हें अपनी लड़की देता ही कौन? इनके अपने लड़के खंडेराव के रंग ढंग तो तुम जानते ही हो, दूसरी आवाज बहुत अच्छी तरह आई। ऐसे बिगडैल का भी बेटे की सम्हालने के लिये तो इंद्र परी सी बहु चाहिये थी। मैंने तो एक से एक सुंदर लडकियाँ बताई भी थी। परंतु इनके भाग्य में हो तब न। तीसरी आवाज आई। चुप रहो देखो वे इधर ही आ रहे हैं। खांडेराव के परम मित्र एवं सेवक उनके रिश्ते में भाई लगने वाले तुकोजीराव भी विवाह में सम्मिलित थे। उन्होंने देखा वर वधु मिठाईया बांटते हुये उनकी ओर ही आ रहे थे। वधु के हाथ में मिठाईयों से भरा स्वर्ण पात्र था और वर उसमें स्द्ध1ड्डु मिठाईया देकर सबका मुँह मीठा करा रहा था। तुकोजी और खांडेराव लगभग हम उम्र थे, अतः तुकोजी ने उनके पास आ जाने पर छेड़ा नहीं खंडू ऐसे नहीं लूँगा। पहले तुन दोनो उखाड़ (दोहा वा शेर जैसी मराठी तुकबंदी लेकर एक दूसरे को खिलाओ तब मैं मिठाई लूँगा। फिर क्या था चारो तरफ से शोर होने लगा, पहले नवदधु उखाड़ा लेगी। जोर से बोलना भाभी सबको सुनाई देना चाहिये। सुनो, भई उखाड़। सुनो। तब उस आठ नौ साल की छोटी सी नववधु ने खनकते हुये मधुर स्वर में कहा -



कुलस्त्रीचा श्रृंगार आहे सेवा आणिदान।

खंडेरावांचे नावं होऊन राखते सर्वांचा मान।।

अर्थात कुलस्त्री का सच्चा श्रृंगार तो सेवा और दान धर्म है। आप सबके आग्रह पर ही मैं खंडेराय का नाम मुख से कह रही हैं। उखाड़ा लेकर अहिल्या ने लंबी लंबी पलकें उठाकर क्षण मात्र को तुकोजी की ओर देख। वह मानी पूछ रही वी, क्यों आया पसंद उखाड़ा? आसमानी रंग की नौगजो बूटीदार बनारसी साड़ी में सुशोभित स्वस्व श्यामल काया, पीठ पर लंबे घने काले केशों की नागिन सी लोटती वेणी, सुकुमार गोल चेहरा, भव्य ललाट, धनुषाकार लंबी भौहे और बड़ी बड़ी सुंदर काली आँखे। अहिल्या का वह नववधु रुप तुकोजीराव को ताउम्र याद रहा। ससुराल में आते ही अहिल्या राजे ने अपनी तीनों सास की सेवा शुश्रुसा और अपने मृदुल व्यवहार से इतना अभिभूतकर दिया कि वे तीनों हमेशा अपनी नववधु की प्रशंसा करते नहीं थकती थीं। वहीं अहिल्या ने अपने मीठे नम्र स्वभाव, चतुराई तथा स्नेहमय स्वभाव से छोटे बड़े, अपने पराये सबका मन जीत लिया। सुबेदार मल्हारराव कभी कभी हँसी - मजाक में अहिल्या से कहते तुंक्या अरे, तुम्हारी वे तीनों चाचियाँ यदि किसी की तारीफ कर दें तो समझ लो कि वह व्यक्ति भगवान से भी बड़ा है। इस पर गौतम बाई - (सास) गर्दन झटकते हुये कहती चलो जी आपको तो हर समय मजाक सुझता हैं। मेरी बहु है ही ऐसी गुणवंती। आखिर पसंद किसकी है। मेरी ही तो है। जो कभी गलत हो ही नहीं सकती। अहिल्या तो होल्कर कुल की भाग्यलक्ष्मी है। मल्हारराव गर्व से कहते हैंः सचमुच ही अहिल्या बाई के आगमन के बाद होल्करों का बल वैभव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही गया। खंडेराव बड़ा ही नालायक व्यक्ति था। राजकाज में उसे जरा भी रुचि नहीं थी। परंतु अहिल्या बाई ने भी कभी उसका अनादर नहीं किया। कभी- कभी हताश होकर मल्हारराव तुकोजी से कहते, यह खंडू तो निरा पत्थर है। इसे लाख सिखाओ, वह ज्वों का त्यों बना रहेगा। तुकोजी, अरे तुम इस पर क्यों मेहनत कर रहे हो? उससे तो अच्छा है कि इस अहिल्या को सिखाओ। मैं तो यहीं करता हूँ। अहिल्या बाई कहती, मामाजी, उन्हें कुछ मत कहिये, क्या करना है, मुझे बताईये। मैं अभी कर देती हूँ। और अहिल्या बाई ससुर के प्रत्येक आदेश का पालन कर उनकी गैरहाजिरी में भी राज्य का प्रबंध इतने अच्छे ढंग से करती कि देखने वाले दंग रह जाते।

अहिल्या बाई की निच्छल प्रीति तथा नम्र सेवाभाव देखकर उसका पति खंडेराव भी धीरे धीरे सुधरता गया। उसके दुर्व्यसन छूट गये। वह राजकाज में रुचि लेने लगा। यही नहीं पत्नी के प्रेरणा से वह युद्ध कला में भी निपुण होने लगा। एक दिन तुकोजी ने उससे कहा खण्डू भैया, तुम्हारा तो मानो कायाकल्प हो गया, ऐसा कौन सा जादू हो गया? तब हँसकर खण्डेराव जवाब देते तुक बाबा तो मुझे पत्थर कहते हैं। परंतु निर्मल जलधारा के सततु अभिषेक से वह पत्थर भी तो गोल और चिकना होकर शलिग्राम कहलाता है। मेरी स्त्री अहिल्या ऐसी ही पावन जलधारा है। जिसने आज मुझे इस लायक बनाया है। यह कहते हुये खण्डेराव के नेत्र कृतज्ञता और गर्व से चमक उठे। इसी दौरान अहिल्या बाई ने पुत्र भालेराव एवं पुत्री मुक्ता को जन्म दिया। पर होल्कर खानदान की खुशियों को ज्यादा दिन नहीं मिल पाया। उनका पुत्र कस उम्र में ही चल बसा। वहीं सूरजमल के साथ कुंमेरी के युद्ध में बंदूक की गोली छाती में लगने से खण्डेराव भी वीरगति को प्राप्त हो गये। अहिल्या बाई उस समय युद्धभूमि में ही थी। पति की मृत्यु के समाचार ने उन पर वज्राघात कर दिया। परंपरानुसार वे पति की चिता के साथ सती होने जा रही थी, पर स्वसुर मल्हारराव की दयनीय दशा और उनके करुण प्रार्थना पर उन्होंने अपना विचार त्याग दिया। उस दिन के बाद से अहिल्या बाई सेवामयी सन्यासिनी बन गई। उन्होंने सभी रंगीन कीमती लिबास, अलंकार तथा वैभव विलास संपूर्ण रुप से त्याग दिये।

## पीएम मोदी ने काशी की जनता से की खास अपील

# बोले- पहले मतदान फिर जलपान...

अवधनामा संवाददाता



**वाराणसी।** पहली जून को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी की जनता को विशेष तौर पर संबोधित किया है। सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे याद है, मेरे नामांकन वाले दिन युवा पीढ़ी बहुत उत्साहित थी।

कहा कि अब यही उत्साह हर बूथ पर दिखे, मेरा यही आग्रह है। अब काशी के विकास को नई ऊंचाई देने का अवसर है, ये तभी हो पाएगा जब काशी के लोग 1 जून को अधिक से अधिक मतदान करेंगे। काशी के युवा, नारी शक्ति और किसानों से विशेष आग्रह है। आप लोगों का एक-एक वोट मेरी शक्ति को बढ़ाएगा, मुझे नई ऊर्जा देगा। आप लोगों को याद रखना है कि पहले मतदान फिर जलपान। उन्होंने भोजपुरी में लोगों से मतदान स्थल पर पहुंचने की अपील की। साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का भी आग्रह किया। कहा कि पहले मतदान फिर जलपान....।

पीएम ने भोजपुरी में कहा कि काशी के हमरे परिवार के लोगन के हमार प्रणाम। लोकसभा चुनाव के मतदान दिन आहिल गइ हौ, हमरे लिए काशी भक्ति, शक्ति और विरक्ति का नगरी हौ, यह विश्व की सांस्कृतिक राजधानी हौ। संगीत और शास्त्रार्थ की धरती हौ, ई नगरी की प्रतिनिधि होना बस बाबा

■ पीएम ने भोजपुरी में कहा कि काशी के हमरे परिवार के लोगन के हमार प्रणाम

विश्वनाथ की असीम कृपा आप काशीवासियों के आशीर्वाद से ही संभव हौ। हम एहि लिए कहिला, अब माई गंगा हमे गोद ले ले हैं। काशी के लिए ए बार का चुनाव नव काशी के साथ विकसित भारत के नवनिर्माण का चुनाव हौ। काशी के लोगन के एक जून के दिन नया रिकॉर्ड बनावे के हौ। साथियों बीते दस वर्ष में केंद्र सरकार के हर योजना में काशी हमार साथ देले हौ। हमके मार्गदर्शन देले हौ।

बाबा विश्वनाथ का भव्य धाम, रिंग रोड का प्रोजेक्ट, बनारस के रेलवे स्टेशन का विकास, गंगा घाट के विकास से रोपवे प्रोजेक्ट तक हर योजना काशी ही नाही पूरे पूर्वांचल के विकास से जोड़ले हौ। अब ई विकास की गति आपके वोट से आगे बढ़े वाली हौ। काशी पिछले दस वर्ष में युवा कल्याण और विकास की राजधानी बन गइल हौ।

सांसद खेल प्रतियोगिता में आप लोगन का उत्साह हम देखले रहली। सिगरा और गंजारी के स्टेडियम हौ। बनास डेयरी और किसान के ले राजातालाब में पेरिसेबल कार्गो सेंटर की सुविधा हो। काशी के लाखों लोगन के मोतियाबिंद का इलाज हौ। पर्यटन विकास के शहर में बढ़त रोजगार हौ, हर योजना में हर अभियान से काशी के युवा पीढ़ी के महिलाओं के किसान के नई शक्ति मिलत हौ। हमके याद ह हमरे नामांकन के दिन युवा पीढ़ी कैसे एक अलग उत्साह में रहल अब यही उत्साह हर बूथ में दिखे, हमार यही आग्रह हौ। साथियों अब काशी के विकास के नई ऊंचाई देवे का अवसर हौ। ई तभई हो पाई जब काशी के लोग एक जून को ज्यादा से ज्यादा मतदान करिहौ। काशी के युवा, नारी शक्ति और किसानन से विशेष आग्रह हौ।

## खेत में बनी झोपड़ी में महिला से सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस जांच में जुटी

**महोबा।** महोबा जिले में थाना अजनर के एक गांव में खेत में बनी झोपड़ी में लेटी महिला से दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाना अजनर पहुंच घटना की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक गांव निवासी महिला 27 मई की रात करीब 11 बजे खेत पर बनी झोपड़ी में लेटी थी। तभी दो लोग चार पहिया वाहन से वहां पहुंचे और अंदर घुस गए।

महिला का आरोप है कि एक युवक ने उसके सीने में तमंचा लगा दिया। इसके बाद दोनों ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसका मुंह दबा लिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने धमकी दी कि यदि किसी को कुछ बताया तो अंजाम बुरा होगा। पीड़िता ने घर पहुंच परिजनों को घटना बताई। तब परिजन पीड़िता के साथ थाना अजनर पहुंचे और पूरी घटना बताते हुए तहरीर दी। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता ने तहरीर दी है।

## सहकारिता मंत्री को इफको ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सहकारिता आन्दोलन को जन-जन तक पहुचाने, एवं प्रदेश की कमजोर जिला सहकारी बैंकों को फिर से पुनर्जीवित करने तथा मात्र एक माह में 30 लाख कृषकों को पैक्स का सदस्य बनवाने में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के अतुल्यनीय योगदान को देखते हुए आज एनसीयूआई, आडिटोरियम, नई दिल्ली में इफको चेयरमैन दिलीप भाई संघाणी और प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने प्रशस्ति पत्र, चांदी का ताम्र स्मृति चिन्ह भेंट किया और ग्यारह लाख रुपए का चेक पुरुष्कार राशि के रुप में देकर सम्मानित किया। यह पुरस्कार अंतराष्ट्रीय स्तर का है।

■ सहकारिता रत्न पुरस्कार एवं 11 लाख की धनराशि, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया

सहकारिता रत्न से सम्मानित होने पर इफको की आम सभा और देश के कोने कोने से आए सहकारी बंधुओं को संबोधित करते हुए मंत्री श्री राठौर ने कहा विश्व की सबसे बड़ी संस्था द्वारा सहकरिता रत्न से अलंकृत किए जाने से गौरवान्वित हूं ऐसे सम्मान से नई ऊर्जा मिलती है तथा और आगे ज्यादा अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि उनका सम्मान उत्तर प्रदेश के सभी सहकारी प्रतिनिधियों सहकारिता से जुड़े किसानों का है। उन्होंने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी पर व्याख्यान देते हुए कहा कि इफको की नैनो यूरिया और नैनो डीएपी से किसानों के जीवन में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा और इनके इस्तेमाल से किसानों के उत्पादन में वृद्धि होगी।

समारोह में इफको उपाध्यक्ष बलवीर सिंह लोकसभा सांसद अरूण कुमार सागर इफको निदेशक के.श्रीनिवास विजय शंकर राय, मांगीलाल डांगा प्रह्लाद सिंह जयेश भाई वी- रादडिया एम.देवेंद रेड्डी प्रेम चंद्र मुंशी सीमाचल पाढ़ी डॉ अमित प्रताप सिंह साधना जाधव श्रेया गुहा विधायक विकास गुप्ता प्रेम सिंह शाक्य चौधरी यश वीर सिंह सुरेश गंगवार लवलेश प्रताप सिंह आलोक कुमार सिंह डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर जेके सक्सेना अरूण कुमार सिंह अजय प्रजापति विकास गुप्ता अभिमन्यु राय यतीन्द्र तेवतिया आदि मौजूद रहे।

## 'इंजीनियरिंग कालेजों को जुलाई तक बंद किया जाए'

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उ.प्र. ने मुख्यमन्त्री, उत्तर प्रदश को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि तमाम स्कूल, कालेज, विषेष रूप से इंजीनियरिंग कालेज और तकनीकी कालेज इस भीषण गर्मी में भी सत्र पूरा न कर पाने के कारण उन्हें अनवरत रूप से चलाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उनमें अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में आना पड़ता है, भयंकर गर्मी के कारण छात्र एवं छात्रायें हीट स्ट्रोक (लू) का शिकार हो रहे हैं।

नेता द्वय ने भीषण पड़ रही गर्मी को देखते हुये माननीय मुख्यमन्त्री से अनुरोध किया है कि ए.के.टी.यू. द्वारा संचालित इंजीनियरिंग कालेज एवं तकनीकी कालेजों आदि को आज की तिथि से 01 जुलाई तक के लिये बन्द कर दिया जाय, जिससे छात्र एवं छात्राओं को इस भीषण गर्मी से बचाया जा सके क्योंकि इस प्राकृतिक आपदा में उनकी सुरक्षा के लिये यह कदम उठाया जाना नितांत आवश्यक है। नेता द्वय ने मुख्यमन्त्री को पत्र लिखकर अतिषीघ्र इस संदर्भ में उचित कदम उठाने का अनुरोध किया है, और यह भी कहा है कि षिक्षण सत्र को नियमित करने के लिये कोई अन्य आवश्यक कदम उठाये जायं।

## बाबा विश्वनाथ की भक्ति में डूबे दिग्गज

### देवेंद्र फडणवीस, अमित शाह और कलराज मिश्र ने किया दर्शन-पूजन





**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में इन दिनों दिग्गजों का जमावड़ा लगा है। गुरुवार को काशी विश्वनाथ धाम में दिग्गजों के दर्शन- पूजन का सिलसिला जारी रहा। यहां महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में मत्था टेका।

सभी दिग्गजों ने एक-एक कर मंदिर पहुंचकर विधि- विधान से बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया और आशीर्वाद लेने के बाद परिसर का भ्रमण किया। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दर्शन- पूजन के बाद तस्वीरें खिंचवाई। भीषण गर्मी के बावजूद विश्वनाथ धाम में काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। धाम के परिसर में अमित शाह को देख लोग उत्साहित हो उठे। इस पर उन्होंने श्रद्धालुओं का हाथ उठाकर अभिवादन भी किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बाबा विश्वनाथ दरबार में देख श्रद्धालु ने हाथ मिलाने के लिए बढ़ाया तो उन्होंने भी स्वागत करते हुए हाथ मिलाया और उसका हाल पूछा।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का मतदान एक जून को होना है। ऐसे में पूर्वांचल के वोटरों को साधने के लिए बड़े नेताओं की सभा और रैली का सिलसिला जमकर चला। वहीं आज से चुनाव प्रचार थम जाएगा। इससे पहले गृहमंत्री समेत कई दिग्गजों ने काशी विश्वनाथ दरबार में पहुंच कर आशीर्वाद लिया।



## जैन श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का समापन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गोमती नगर जैन मन्दिर में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में आयोजित गुरु उपकार श्रावक संस्कार शिविर जो की 10 दिन से चल रहा था,आज गुरुवार को सम्पन्न हो गया ,पंडित अनुज जैन शास्त्री एवं पंडित अरिहंत शास्त्री के द्वारा जैन धर्म के ग्रंथ छ्ढाला का ज्ञान कराया गया और उसकी परीक्षा भी ली गई,जिसमे बढ़ों में प्रथम स्थान रज्जो जैन, द्वितीय गजेन्द्र , तृतीय मनीषा ने प्राप्त किया। बच्चों में प्रथम वैभवी, द्वितीय आरोही, तृतीय अंश जैन ने प्राप्त किया। सभी परीक्षा देने वालों को इनाम भी दी गई,यह शिविर आचार्य 108 मुनि श्री सुधासागर जी के आशीर्वाद से एवं श्रीमती अल्पना जी के प्रयास से इस शिविर का आयोजन हुआ एवं प्रत्येक वर्ष इसको करने का समाज ने सहमति प्रदान की। सांगानेर से आए हुए दोनों पंडितों का समाज द्वारा सम्मान किया गया। पंडित अनुज शास्त्री ने बताया कि यह जीव निगोद पर्याय से लेकर नरक, तिर्यंच ,मनुष्य, देव गति में भ्रमण करते हुए फिर निगोद में पहुंच जाता है, इससे छुटकारा पाने या मोक्ष जाने के लिए धर्म और त्याग का रास्ता अपनाना पड़ेगा तभी हम इस जीवन चक्र से छुटकारा पा सकते हैं।

## ऐतिहासिक व दुर्लभ वृक्ष 'बाओबाब' अब विशेष डाक आवरण पर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अपनी विरासत को समृद्ध करने एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन देने के क्रम में वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने प्रयागराज प्रधान डाकघर में 30 मई को आयोजित समारोह में 'बाओबाब वृक्ष' पर एक विशेष आवरण व विरूपण का विमोचन किया। प्रयागराज के झूंसी में पवित्र गंगा नदी तट पर अवस्थित शेख तकी की मजार के पास मौजूद इस ऐतिहासिक दुर्लभ वृक्ष की आयु 750 से 1350 वर्ष के बीच मानी जाती है और इसके साथ तमाम किवदंतियां और लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। समारोह में निदेशक डाक सेवाएं श्री गौरव श्रीवास्तव और प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री अभिषेक श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

■ प्रयागराज के झूंसी में गंगा तट पर अवस्थित 'बाओबाब वृक्ष' की आयु 750 से 1350 वर्ष के बीच

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि प्रयागराज और यहाँ का संगम तट सदियों से अपने अंदर तमाम पौराणिक, ऐतिहासिक और समृद्ध विरासतों को सहेजे हुए है। अफ्रीका के एडानसोनिया डिजिटाटा प्रजाति का 'बाओबाब वृक्ष' भी उनमें से एक है। ऐसे में इस पर विशेष डाक आवरण और विरूपण के माध्यम से इसकी ऐतिहासिकता, वैज्ञानिकता और औषधीय गुणों के बारे में देश-दुनिया में प्रसार होगा और इसे शोध और पर्यटन से भी जोड़ने में सुविधा होगी। श्री यादव ने कहा कि झूंसी में पवित्र नदी गंगा के बाएं किनारे पर मिट्टी के एक विशाल टीले पर स्थित इस प्राचीन व विशाल वृक्ष को लेकर सदियों से कौतुहल रहा है, जनश्रुति में इसे विलायती इमली भी कहा जाता है। गौरतलब है कि झूंसी क्षेत्र का अतीत पुरातात्विक साक्ष्यों द्वारा प्रलेखित है जो ताम्रपाषाण काल से लेकर प्रारंभिक मध्ययुगीन काल तक के पांच सांस्कृतिक चरणों से मेल खाता है।

## मतदान समाप्ति के बाद प्रदेश में एक और टैक्स थोपने की तैयारी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मतदान के आखिरी दिन- 1 जून के बाद किसी भी दिन उत्तर प्रदेश वासियों की पाकिट पर बुलडोजर चलने जा रहा है। सावधान हो जाइये आपके वाहन पर एक और नया टैक्स सड़क सुरक्षा सेस लगाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इंतज़ार है तो बस आपके वोट के ईवीएम में बन्द हो जाने का।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उत्तर प्रदेश सरकार की इस तुगलकी योजना को सिरे से खारिज करती है और इस जनविरोधी प्रस्ताव को रद्दी की टोकरी में डालने की मांग करती है। भाकपा प्रत्येक पार्टी और हर नागरिक से अपील करती है कि उत्तर प्रदेश सरकार के इस प्रस्तावित कदम का पुरजोर विरोध करें। इस प्रस्तावित टैक्स गहरी आपत्ति जताते हुये भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं राज्य प्रभारी डा गिरीश ने कहा कि वाहनों और यात्रा पर फले से ही दर्जन भर टैक्स लगा चुकी डबल इंजन सरकार अब वाहन स्वामियों और मुसाफिरों की जेब पर डाका डालने को एक और टैक्स थोपने की तैयारियों में जुटी है। यहां जारी एक प्रेस बयान में डा गिरीश ने कहा कि परिवहन विभाग के सूत्र बताते हैं कि उत्तर प्रदेश के वाहनों पर सड़क सुरक्षा सेस लगाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। 1 जून को होने वाले आखिरी मतदान के बाद इसे अंतिम रूप देकर किसी भी दिन शासन के पास भेज दिया जायेगा। इस प्रस्ताव के पीछे भगवा सरकार की अफसरशाही का तर्क है कि वाहनों के बढ़ते दबाव से प्रदेश भर की सड़कें टूटती हैं। सड़क सुरक्षा सेस के जरिये बसूले जाने वाले राजस्व से टूटी सड़कों का मेंटीनेन्स तत्काल होता रहेगा। सवाल यह उठता है कि सड़कों के निर्माण और मरम्मत के नाम पर केंद्र और राज्य सरकारें कोई एक दर्जन टैक्स लगा कर वाहनस्वामियों और यात्रा करने वालों की जेब से जब अरबों खरबों रुपये निकाल रही हैं, तो एक और नया टैक्स क्यों?

## बुजुर्ग उपभोक्ता सड़क पर दवाई का झोला पकड़े लेट गए और कहां जब तक बिजली नहीं आएगी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ लेसा में विद्युत आपूर्ति पटरी पर उतरने के बाद कई जगह उपभोक्ता सब स्टेशनों पर पहुंचने लगे इसी बीच 80 साल के एक बीमार बुजुर्ग उपभोक्ता श्री राजेंद्र कुमार गुप्ता भवानीगंज अप्ट्रान हाथ में दवाई का झोल पकडेए सडीओ कार्यालय के सामने सडक पर इस चिलचिलाती धूप में 44 डिग्री टेंपरेचर में सडक पर लेट गए और कहा जब तक हमारी बिजली नहीं चालू होगी हम नहीं उठेंगे और साथ ही हम मांग रख दी अभियंताओं ने नाक में दम कर दिया है इन भ्रष्ट अभियंताओं की जांच भी हो जैसे इसकी जानकारी उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष को हुई उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने तुरंत अप्ट्रान सबडिवीजन में पहुंचकर उपभोक्ता को समझाया और उनकी समस्या के बारे में उपखंड अधिकारी भारत सिंह के साथ वार्ता कर उनका समाधान करने को कहा इसके बाद उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष के अस्वाशन के बाद बुजुर्ग उपभोक्ता राजेंद्र कुमार गुप्ता मान गए और उन्हें फिर उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने उपखंड अधिकारी की गाडी में बैठकर उनके घर भिजवाया।

इसके बाद उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष वर्तमान में बिजली व्यवधान को लेकर चर्चा में रोज रहने वाले राजाजीपुरम खंड कार्यालय पहुंचे वहां उपभोक्ताओं की जमा भीड को भी समझते हुए कहा 10 एमबीए ट्रांसफार्मर खराब हो गया है पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार व मुख्य अभियंता लेसा से बात हुई है ट्रांसफार्मर बहुत जल्द आ रहा है और जल्द ही सप्लाई नॉर्मल होगी फिलहाल उपभोक्ताओं ने अवर अभियंता द्वारा फोन ना उठाए जाने की शिकायत की जिस पर उपभोक्ता परिषद ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उसका समाधान कराया।

## 'हम दो हमारे 12' विवादित फिल्म को लेकर सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया उत्तर प्रदेश की लखनऊ जिला कमेटी ने लखनऊ जिले के डी.एम. को 'हम दो हमारे 12' विवादित फिल्म को लेकर ज्ञापन सौंपा ! एक बार फिर से नफरती फिल्म लॉन्च होने वाली है इस फिल्म का नाम है हमारे 12 फिल्म के ट्रेलर में मुस्लिम महिलाओं के प्रति काफी जुल्म दिखाया गया है। कुरान की आयत को तोड़, मरोड़ कर, घुमा फिराकर, एक समुदाय को निशाना बनाया गया है इससे पहले भी कशमीर फाईल फिल्म, केरला स्टोरी, 72 हुरे, जैसी फिल्मों में दिखाया गया है सारी गलत व्यानी है और कुछ भी नही ईस्लामिकफोबिया बोलीवुड में दिनं व दिन बड़ता जा रहा है पिछले 10 साल ते एक हेट एजेंडा काम कर रहा है इस देश में पोलिटिक्श हिन्दुस्तान को पहले कैपचर होते चले गए, फिर तभी इन्सटीट्यूट केपचर होते चले गये और आज हम जिसे मनोरंजन का साधन एक बहुत बड़ी इन्डस्ट्री होलीवुड यह भी इससे नहीं बचा है हम इतकी मज़म्मत करते है बॉलीवुड जिसको हम एंटरटेनमेंट मानते है वो भी आज बचा, हुआ नहीं है उनको आज लगता है कि नफरत बेचकर भी वह पैसा कमा सकते है वहाँ वर रोक लगाना बहुत जरूरी है हमारे देश का संविधान इसकी इजाजत नहीं देता कसी भी समुदाय की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई जाये । जिला अध्यक्ष इरशाद अहमद और मंडल अध्यक्ष मोहम्मद अहमद के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया।

## समर कैम्प छात्रों के लिए एक यादगार अवसर

### सीएमएस समर कैम्प में छात्रों की नैसर्गिक बहुमुखी प्रतिभा को मिला नया आयाम

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों द्वारा आयोजित किये जा रहे समर कैम्प जहाँ एक ओर छात्रों की नैसर्गिक बहुमुखी प्रतिभा को निखारने व संवारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु सी.एम.एस. की प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। इसी कड़ी में सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस का समर कैम्प छात्रों के लिए एक जीवंत और समृद्ध अनुभव साबित हो रहा है, जहाँ छात्र योग, ताईक्वाण्डो, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, सेल्फ-डिफेन्स, स्केटिंग, वेस्टन डान्स एवं गायन आदि विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा को निखारने व सँवारने में संलग्न नजर आये। यह निःशुल्क समर कैम्प छात्रों में आपसी सद्भाव, सौहार्द व एकता के विचारों को बढ़ावा देने का अवसर भी है, जहाँ छात्र अपनी रूचि के अनुसार विभिन्न विधाओं में पारंगत होने के साथ ही यादगार अवसरों को संजो रहे हैं। छात्रों के अभिभावक समर कैम्प के आयोजन से अत्यन्त प्रसन्न हैं एवं विद्यालय के इस अभिनव प्रयास की भूरि-भूरि प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबन्धन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस का समर कैम्प छात्रों के लिए एक यादगार अवसर है, जो स्कूली कक्षाओं की सीमा से परे रूचिपूर्ण तौर तरीकों से छात्रों के सर्वांगीण विकास कर रहा है। इस समर कैम्प में छात्र प्रातः 5.30 बजे से से ही समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूरी ऊर्जा व उत्साह के साथ दिन की शुरूआत करते हैं और अपनी रूचि के क्षेत्र में नई-नई चीजे सीखते हैं। जहाँ एक ओर, स्केटिंग, ताइक्वाण्डो एवं योगा में छात्र फिजिकल फिटनेस व तकनीकी दक्षता का निखार रहे थे तो वहीं दूसरी ओर गीत-संगीत एवं वाद्य यंत्रों को सीखने के लिए भी बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह सहज ही दिखाई दे रहा था। संगीत क्लास में बच्चों की अच्छी-खासी मौजूदगी इसका स्पष्ट प्रमाण थी। यही हाल खेल के विभिन्न विधाओं में भी नजर आया जहाँ छात्रों में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी रही। सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस की हेड मिस्ट्रेस सुश्री गगनप्रीत सेठी ने कहा कि छात्रों का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भगवान की मूर्तियों पर खून से किया तिलक, आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जनपद के चरथावल में रोनी हरजीपुर गांव के मंदिर में मूर्तियों पर खून से तिलक करने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मंदिर प्रांगण में खून के छींटे और टूटा कांच मिला है। सीओ सदर राजू कुमार साव ने आरोपी का जल्द पता लगाकर सख्त कार्रवाई का आश्सासन देकर ग्रामीणों को शांत किया।

गांव में भमेला तिराहे के निकट दीवाननाथ का प्राचीन मंदिर स्थित है। बृहस्पतिवार सुबह मंदिर प्रांगण में भगवान हनुमान और अन्य मूर्तियों पर खून से तिलक मिला। मंदिर प्रांगण में भी खून के छींटे मिले। इस देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं भाकियू नेता विकास शर्मा ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अफसरों को सूचित किया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह मौके पर पहुंचे। सीओ सदर ने

■ हिंदू संगठन ने दी बड़ी चेतावनी


ग्रामीणों के बीच पहुंच कर उन्हें समझाया। इस दौरान डॉग स्क्वायड टीम को गांव में बुलाकर जांच कराई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस टीम ने मंदिर के आसपास बीटीएस लिए, ताकि संदिग्ध मोबाइल नंबरों से सुराग लगाया जा सके। पुलिस का कहना है असामाजिक तत्वों की हरकत को जल्द बेनकाब किया जाएगा। मंदिर में खून मिलने की सूचना पर गांव में हिंदू संगठन के नेता पहुंचे। विहिप के जिला मंत्री सोहनवीर सिंह ने कहा कि किसी व्यक्ति ने हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाई है। 24 घंटे में यदि अपराधी नहीं पकड़ा गया तो ग्रामीणों के साथ मिलकर तमाम हिंदू संगठन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। चेतावनी दी कि अगर आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो सनातन धर्म के लोग बर्दाश्त नहीं लेंगे।

# ग्रीष्म ऋतु में लू से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**पसीना सोखने वाले पतले व हल्के रंग के वस्त्र ही पहनें**

**इटावा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उ0प्र0 शासन लखनऊ के पत्र संख्या जी0आई0-22/पांच-7-2024 चिकित्सा अनुभाग 7 सखमऊ दिनांक 30 मार्च 2024 द्वारा जारी दिशा निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समत्त चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु में लू से बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं तथा किसी भी संक्रामक रोग की घटना घटित होने पर नजदीकी सरकारी विकित्सालय पर सूचित करें। गर्मी और लू से बचाव हेतु जरूरी कदम-: हीद वेव (लू) के कारण शरीर की कार्यप्रणाली प्रभावित हो जाती है, जिसमें मृत्यु भी ही सकती है इसलिये इससे बचाव बहुत ही जरूरी है। थोड़ी सी सावधानी को अपनाकर इससे बचाव किया जा सकता है। लू से बचाव के लिए ÷क्या करें÷-1-अधिक से अधिक पानी पिये। पसीना सोखने वाले पतले व हल्के रंग के वस्त्र ही पहनें। , धूप में जाने से बचें यदि धूप में जाना जरूरी हो तो चश्में, छाते. टोपी व चप्पल आदि का प्रयोग करें। , यदि आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर चेहरा, हाथ-पैरों को गीले कपड़े से ढके रहे और यदि सम्भव हो तो छाते का प्रयोग करें। यात्रा करते समय अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पीने का स्वच्छ पानी रखें। ओआरएस घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाज आदि का उपयोग करें, ताकि



शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें। हीट स्ट्रोक(लू)हीटरेश (घमौरिया) हीट कैम्प (मरोड/ऐठन) के मुख्य लक्षणों में शरीर में कमजोरी का होना, चक्कर आना सिरमें तेज दर्द ऊबकाई आना, पसीना आना और कभी-कभी मूर्धा आना (बेहोसी) प्रमुख है। यदि मूर्छा या बीमारी का अनुभव करते हैं तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह से उपचार लें। , घरेलू पालतू जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें और उन्हें पर्यान्त मात्रा में पानी पीने को दें। अपने घरों को ठंडा रखें. दरवाजे व खिड़कियों पर पर्दे लगवाना उचित होता है। सायकाल व प्रात्त काल के समय घर के दरवाजे ओ खिड़कियों को खोल कर रखें। श्रम साध्य कार्यो को ठण्डे समय में करने/कराने का प्रयास करें। कार्यस्थल पर पीने के ठण्डे पानी की व्यवस्था करें एवं कर्मियो को सीधे सूर्य की रोशनी से बचाने हेतु सावधान करें। पंखे गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा स्नान करें। गर्भस्य महिलाओं एक वर्ष से कम आयु तथा अन्य छोटे शिशुओं व बड़ी उम्र के लोगों की विशेष देखभाल करें। हृदय एवं उक्त रक्तचाप से ग्रसित व्यक्तियों एवं ब्राह्य वातावरण में कार्य करने वाले व्यक्तियों को अधिक ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

लू से बचाव के लिए क्या न करें: बच्चों का पालतू जानवरों को खड़ी कारो /गाड़ियों में ना छोड़े। यदि संभव हो तो दोपहर 12:00 से अपरान्ह 3:00 के मध्य धूप में निकलने से बचें। अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थ के प्रयोग से यथासंभव बचें तथा बासी भोजन का प्रयोग ना करें, शराब चाय कॉफी कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक आदि की उपयोग से बचे, गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े ना पहने तथा जब बाहर का तापमान अधिक हो तो श्रम साध्य कार्य न करें।

# एक जून से लागू नए नियम, तंबाकू उत्पाद पर लाइसेंस अनिवार्य

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** पान मसाला-तंबाकू विक्रेता अब या तो पान मसाला ही बेच सकेंगे या फिर तंबाकू। एक जून से यह आदेश प्रभावी हो जाएगा। जिले के दुकानदारों में इसे लेकर खलबली मची है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त आदेश जारी किया है कि तंबाकू की बिक्री कोई भी बिना लाइसेंस के नहीं कर सकेगा।

इतना ही नहीं, पान विक्रेता पान में तंबाकू लगाकर नहीं बेच सकेंगे। सिर्फ मीठा पान बेचने की अनुमति है। एक जून से अगर कोई इस आदेश की अवहेलना करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ मुकदमा व जुर्माने की कार्रवाई होगी।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. गौरी शंकर ने बताया कि यूपी में तंबाकू युक्त पान मसाला और गुटखा के विनिर्माण, पैकिंग और भंडार के साथ वितरण व विक्रय पर एक अप्रैल 2013 से प्रतिबंध लगाया गया था। इस प्रतिबंध के बाद में तंबाकू निर्माता इकाइयों की ओर से पान मसाले का निर्माण अलग से शुरू कर दिया और तंबाकू का निर्माण अलग से किया। तंबाकू और पान मसाला के पाउच दुकानों पर एक साथ ही बेचे जाते हैं।

इसका संज्ञान उच्चतम न्यायालय ने भी लिया है और 23 सितंबर 2016 के आदेश में विनियम 2, 3 एवं 4 का प्रभावी रूप से पालन कराने का आदेश दिया है। कोर्ट के इस आदेश पर निर्देश जारी करते हुए कहा है कि तंबाकू और पान मसाला का एक ही स्थान पर बिक्री करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। एक जून से यह प्रतिबंध लागू होगा। कंपनियां भी अपने पान मसाले के साथ में पत्ती की पैकेट अलग से नहीं बेच सकेंगी।

लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए कोर्ट ने तंबाकू की बिक्री पर रोक लगाई, तो तंबाकू निर्माता इकाइयों द्वारा अलग-अलग पैकेट में पान मसाला और तंबाकू की बिक्री शुरू कर दी। आदेश से सिर्फ पैकेट बदल गए, लेकिन तंबाकू के प्रयोग पर रोक नहीं लगी। अब इसे कोर्ट ने गंभीरता से लिया है।

सहायक आयुक्त डॉ. गौरी शंकर ने बताया कि विक्रेताओं को तंबाकू बिक्री के लिए लाइसेंस लेना होगा। विभाग में आवेदन के बाद उनको जांच के बाद लाइसेंस जारी किया जाएगा।

# नीद की गोलियां दे बात करती थी यारों से

अवधनामा संवाददाता

**पूजा की हत्या मामले मै पति ने उगला राज**

**मथुरा।** बलदेव के नगला बुर्ज में पत्नी पूजा की अवैध संबंधों के शक में हत्या करने वाले पति गौरव चौधरी ने पुलिस पूछताछ में नया खुलासा किया। उसने मंगलवार को जेल जाने से पहले पुलिस को बताया कि पूजा उसे नींद की गोलियां देती थी। उसे किसी से फोन पर बात करते हुए सुना था कि अब गौरव को एक गोली असर नहीं करती। डोज बढ़ानी पड़ेगी। डर था कि वह कहीं उसे धीमा जहर देकर मौत के घाट न उतार दे। इसके चलते उसकी हत्या की गई।

पूजा सारस्वत (28) मूलरूप से अलीगढ़ के खैर की रहने वाली थी। पति गौरव चौधरी व दो बेटे (एक ढाई वर्ष, दूसरा चार माह) के साथ बलदेव के नगला बुर्ज गांव में सत्यभान के मकान में केयरटेकर के तौर पर रहते थे। रविवार को गौरव ने पत्नी की हाशिये से गला रेतकर हत्या कर दी थी। हत्या का मुकदमा सत्यभान की ओर से दर्ज कराया गया है। मंगलवार को पुलिस ने गौरव चौधरी की गिरफ्तारी कर उसे जेल भेजा था। वहीं मृतका का अंतिम संस्कार पुलिस ने किया। अस्थियों का विसर्जन बच्चों के हाथों मकान मालिक सत्यभान कराएगा।

पुलिस ने मृतका के मायके और ससुराल वालों से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने शव लेने से मना कर दिया। कहा कि उसके द्वारा प्रेम विवाह किया गया। इसके चलते उनसे नाता तोड़ दिया है।

इंस्पेक्टर संजय त्यागी ने बताया कि हत्यारोपी को जेल भेजा जा चुका है। साक्ष्य भी एकत्रित कर लिए हैं। गवाहों के बयान लेने का काम किया जा रहा है। जल्द इस मामले में चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

# हज़रत सैय्यद अकबर चिश्ती रह. की कुल शरीफ की महफिल का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**नातिया मुशायरे की सदारत हज़रत सैय्यद मंजर मियां चिश्ती ने की**

**इटावा।** कासिम फारुखी अशरफी के घर पर बुधवार को बाद नमाज़ इशा हज़रत सैय्यद अकबर चिश्ती रह.की कुल शरीफ की मेहफिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नातिया मुशायरे का भी कार्यक्रम हुआ जिसकी सदारत हज़रत सैय्यद मंजर मियां चिश्ती ने की निजामत मशहूर शायर रौनक अशरफी इटावी ने की। मुशायरे का आगाज़ अपनी खूबसूरत आवाज़ से हाफिज़ कैफ ने तिलावते कुरआन-ए-पाक से किया। मुशायरे की सदारत कर रहे हज़रत सैय्यद मंजर मियां चिश्ती ने कहा गुल मेरे इश्क का शादाब बहुत होता है हां मगर कामयाब बहुत होता है शाहर तो शाहर है अब शाहर की क्या बात करें जब उसी शाहर इक बाब बहुत होता है। उस्ताद शायर सैय्यद हाशिम नाईमी ने कुछ इस तरह कहा गमों के बोज को दिल से निकाल देता है, मूसीबतो को मुसीबत में डाल देता है। हादी हसन ने कहा कैसे पहुचूगा बाबे हरम तक कैसी यावर ये तकदीर होगी हसरत ए दिल



है खाके मदीना जाने कब मेरी जागीर होगी। साबिर इटावी ने कहा या खुदा छीन ले जबां ऐसी, जो न ज़िक्रे रसूल करती हो। रौनक अशरफी इटावी ने कहा न आग पानी न मिटटी हवा का कवज़ा है हमारे दिल पे रसूले खुदा का कवज़ा है। सागर इटावी ने कहा वो शख्स दो आलम में परेशा ही रहेगा, जिस दिन मोहम्मद की मुहब्बत न मिलेगी। इसके अलावा यासीन अंसारी, मास्टर सरफराज खान अख्तर, सूफी कमर, मुजामिल कानपुरी, नबील झासवी, सैय्यद कासिम, हाफिज कारी शाहवाज अनवर, अमीन चिश्ती आदि ने भी अपने-अपने अन्दाज़ में कलाम पेश किये। इस मौके पर हाजी अज़ीम वारसी, हाजी राईस अहमद चिश्ती, राजा हाजी जी, बंटी फारुखी, हाजी इरशाद राईनी, पहलवान मो शरिक, मो.औसाफ, मोहम्मद शारिक, मास्टर अब्दुल रशीद फारूखी आदि लोग मौजूद रहे।

# पत्रकारिता दिवस: पत्रकार सच्चाई कहने में सक्षम: लक्ष्मी नारायण चौधरी

अवधनामा संवाददाता

- **पत्रकार ईमानदारी से निर्वहन करें अपनी भूमिका: रमेश बाबा**
- **समाज को दर्पण दिखाते हैं पत्रकार:संत विनोद बाबा महाराज**
- **समाज को जागरूक कर अहम भूमिका निभाते हैं पत्रकार: संत सियाराम बाबा**
- **लोकतंत्र में मजबूत भूमिका निभाता मीडिया : जिलाधिकारी**
- **कलम की ताकत सबसे मजबूत ताकत: एसएसपी**

**मथुरा।** गणेश शंकर विद्यार्थी की याद में गुरूवार को नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया एवं ब्रज प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 32 वां पत्रकारिता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रज के विरक्त संत पदमश्री रमेश बाबा महाराज, संत विनोद बाबा महाराज, संत सियारामबाबा महाराज, एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाद समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हेमन्त तिवारी द्वारा मां सरस्वती के छवि चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है। जो बातें हम राजनैतिक लोग नहीं कह पाते हैं। पत्रकार उस सच्चाई को कहने में सक्षम होते हैं। विरक्त संत पदमश्री रमेश बाबा महाराज ने कहा कि पत्रकारों को अपनी भूमिका ईमानदारी से निर्वहन करनी चाहिए, जिससे समाज का भला हो सके। संत विनोद बाबा महाराज ने कहा कि पत्रकार समाज को दर्पण दिखाने का कार्य करते हैं। संत सियाराम बाबा ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि पत्रकार समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका अदा करते हैं। एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर नहीं होने देंगे। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाद समिति के अध्यक्ष हेमन्त तिवारी ने कहा कि समय के साथ हर क्षेत्र में बदलाव आया है। मीडिया में भी वर्तमान में बहुत सारी चुनौतियां हैं उन पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है। पांचजन्य के प्रधान संपादक हितेन्द्र शंकर ने कहा कि हिन्दी ही भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर सकती है। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि कलम की ताकत सबसे मजबूत ताकत है। कार्यक्रम को एपीएन चैनल की सीईओ राजश्री रॉय, विधायक पूरन प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार व पूर्व विधायक रूप चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप रॉय, इंडिया टुडे ग्रुप उत्तर प्रदेश के सहायक संपादक आशीष मिश्रा, उ.प्र. सरकार के पूर्व प्रमुख सचिव देवदत्त शर्मा आईएएस आदि ने भी संबोधित किया। एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ.कमल कान्त उपमन्यु एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार अनूप शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला सूचना अधिकारी प्रशांत सुचारी, कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि मनोज फौजदार, मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. मदन गोपाल सिंह, सचिव गोपाल गौतम आई, उद्योगपति व समाजसेवी पवन चतुर्वेदी एडवोकेट, प्रमुख समाजसेवी व भाजपा नेता देवेन्द्र गौतम गुड्डू भैया, वरिष्ठ पत्रकार अनंत स्वरूप वाजपेयी देशभक्त, मानमंदिर के राधाकांत शास्त्री, सुनील सिंह, दैनिक जागरण के जिला प्रभारी विनीत मिश्रा, हिन्दुस्तान के जिला प्रभारी दिलीप चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार किशन चतुर्वेदी, राहुल दक्ष, मदन गोपाल शर्मा, अमरेन्द्र गुप्ता, सौरभ वार्ष्णेय, विनीत दुबे, धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, मुकुल गौतम, धाराजीत सारस्वत, सीपी सिंह सिकरवार, गोवर्धन चैयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, सुशील गोस्वामी, परवेज अहमद, श्याम जोशी, सुरेश सैनी, सुरेश पचहेरा, कासिम खान, विष्णु गुप्ता, विष्णु शर्मा, विनोद शर्मा, माधुरी बंसल, दिनेश पंकज, सुनील कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, सैय्यद जाहिद, महेश कुमार, महेश मीणा, सतीश कुमार,मनोज चौहान, पटू सिंह, हरिओम चौधरी, राकेश शर्मा, अंतराम, अनिल शर्मा, अनिल अग्रवाल, दीपक चौधरी, दीपक सारस्वत, चन्द्रमोहन दीक्षित, बॉबी जादौन, निकिता शर्मा, सीमा शर्मा, कृष्णा गुप्ता, गिरीश कुमार, ब्रजेन्द्र चौधरी, खंडेलवाल, राजवीर चौधरी, इकरार अली, अमित वर्मा, के.डी.वर्मा, राहुल शर्मा, राकेश कुमार बंटी, भिक्को गौतम, मनोज वार्ष्णेय, किशन चौहान, भूपेन्द्र चौधरी, अनिल कुमार, धनीराम खंडेलवाल, सौरभ गुप्ता, योगेश तिवारी, सुनील शर्मा, प्रमोद शर्मा, भोलेश्वर उपमन्यु, चन्द्रपाल सिंह पौनिया, रामप्रसाद सिंह, वीरेन्द्र चौधरी, सुशील गौतम आदि उपस्थित रहे।

# विशेष जेल लोक अदालत में 26 वादों का निस्तारण किया गया

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष चवन प्रकाश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार 27 मई, 28 मई एवं 29 मई को विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त विशेष जेल लोक अदालत में 26 वादों का निस्तारण अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ, सर्वेश कुमार द्वारा व कार्यालय निशुल्क कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउसिंल चन्द्रेश यादव व असिसटेन्ट लीगल एड डिफेंस काउसिंल सुश्री रजनी शुक्ला के सहयोग से किया गया। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में व वरिष्ठ जेल अधीक्षक केन्द्रीय कारागार जनपद इटावा की देख-रेख में केन्द्रीय कारागार में निरुद्ध बंदियों को कौशल विकास हेतु बिजली के काम व सिलाई-कढाई का प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित किया गया। अपर जिला जज/सचिव श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव 1 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने केन्द्रीय कारागार प्रशासन के इस सराहनीय कदम की प्रसंशा करते हुए सभी बंदियों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## गर्मी में सावधानी बरतने की डीएम ने की अपील

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी हमीरपुर राहुल पाण्डेय ने वर्तमान समय में अत्यधिक गर्मी व हीट वेव के सम्बन्ध में गाइड लाइन के अनुसार हीट वेव (लू) से बचाव हेतु आम जनमानस से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा की हीट वेव(लू) गर्मी में सबसे बड़ी समस्या होती है लू लगना, गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने से या गर्म हवा के झोंकों के सम्पर्क में आने पर लू लगती है। हीट वेव(लू) से बचाव हेतु आम जनमानस से निम्न अपील किया जाती है। गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फल्यूड सूखने लगते हैं, शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है।

# हस्तशिल्प एवं दक्षता पुरस्कार के लिए 7 जुलाई तक करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास रामेन्द्र कुमार ने जिले के हस्तशिल्पी कारीगरों को अवगत कराया है कि प्रदेश सरकार द्वारा विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत प्रदेश के 20 राज्य हस्तशिल्प व 20 दक्षता पुरस्कार दिए जाने हैं। इस पुरस्कार के लिए हस्तशिल्पियों से सात जुलाई तक आवेदन अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों सहित करें।

इस संबंध में आयुक्त एवं निदेशक उद्योग ने एक पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 20 राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार एवं 20 दक्षता पुरस्कार दिये जाने का प्राविधान हैं। उन्होंने जनपद के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों से अनुरोध है कि उक्त योजनान्तर्गत पुरस्कार प्राप्त करने हेतु अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों सहित आवेदन पत्र 07 जुलाई तक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र मथुरा में उपलब्ध करायें। कलाकृति को बनाते समय प्रक्रिया की फोटोग्राफी/वीडियो ग्राफी भी आवेदन के साथ जमा करनी होगी ताकि कलाकृतियों समयान्तर्गत मण्डल स्तर पर चयन समिति के समक्ष प्रेषित करायी जा सकें। योजना का आवेदन पत्र एवं अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, मथुरा में सम्पर्क कर सकते हैं।

# पत्रकार संगठनों को आना चाहिए एक मंच पर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत की आजादी मै पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान रहा है महान क्रांतिकारी पत्रकारों ने अपनी लेखनी के वल पर अंग्रेजी हुकूमत की नीद उड़ा कर रख दी थी। इसी कारण आजाद भारत मै मीडिया को संविधान के चौथे स्तंभ का दर्जा मिला है। इमरजेंसी के दौरान भी सरकार द्वारा मीडिया पर सख्त पहरा लगाया और उसे तहस नहस करने पर कोई कसर नहीं छोड़ी पर निडर और साहसी पत्रकारों ने अपनी कलम से समझोता कभी नही किया जिसका परिणाम है कि सत्ता के महारथियों से लेकर प्रशासन के आला अधिकारी भी मीडिया को भरपुरा सम्मान देते रहे है वर्तमान समय मैं मीडिया के साथ साथ सोसल मीडिया का नाम भी जोड़ा जाने लगा तव से मीडिया के स्तर मै गिरावट देखने को मिलने लगी है, जिसका फायदा राजनेताओं से लेकर अधिकारी और माफिया तक उठा रहे है। आए दिन पत्रकारों को अपने अधिकारों के प्रयोग करने मै बाधाएं उत्पन्न करते देखे जाते है पत्रकारों पर प्रशासन और राजनेताओं के गठजोड़ से मुकदमे भी थोपे जा रहे है और माफियाओं द्वारा पत्रकारों की जान तक ली जा रही है ऐसे हालात मै पत्रकार अपने आप को असहाय महसूस करता है। मथुरा जनपद में सभी पत्रकार संगठनों को एक मंच पर आकर पत्रकारों के हित के लिए एक होना होगा तभी मथुरा के पत्रकारों का भला हो पाएगा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए निम्न विंदुओ पर मथुरा के सभी पत्रकारों का समर्थन मांगा है कि मथुरा में।

**मथुरा में पत्रकार प्रेस क्लब की स्थापना हो,**

**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने कहा पत्रकार हित के लिए हमारा संगठन सदैव पत्रकारों के साथ खड़ा है अगर कोई संगठन इस तरह की विचारधारा मै साथ आकर पत्रकारों के भले के लिए आना चाहे उनका हृदय से आभार प्रकट किया जाएगा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का केवल एक ही मकसद है पत्रकारों का उत्थान जिसके लिए सदैव राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का हर कार्यकर्ता खड़ा हुआ है।

## हीटवेव के बचाने को लगेंगे 10 स्थानों पर स्प्रीक्लर फेन

**मथुरा।** जनपद में ग्रीष्म ऋतु चरम पर हैं। जिसे देखते हुए मथुरा वृंदावन में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 10 सार्वजनिक स्थानों पर स्प्रीक्लर फेन नगर निगम के जलकल विभाग द्वारा लगाए जा रहे हैं। इन फेनों ने वृंदावन में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। इनके प्रारंभ होने से शुक्रवार को यात्रियों ने राहत की सांस ली। नगर निगम के अधिशासी अभियंता जल ने बताया कि मथुरा में भूतेश्वर मंदिर मार्ग, श्रीकृष्ण जन्मस्थान श्रीकृष्ण पार्क के सामने गेट नम्बर - 3, होलीगेट के समीप, द्वारिकाधीश मंदिर, वृंदावन में प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर के पास, केशीघाट परिक्रमा मार्ग, जुगलघाट परिक्रमा मार्ग, चरीघाट परिक्रमा मार्ग, विद्या पीठ चौराहा के पास स्प्रीक्लर फेन लगाए जा रहे हैं। ताकि हीट वेव से यात्रियों को बचाया जा सके। हमारे वृंदावन संवाददाता के अनुसार नगर में नगर निगम द्वारा स्प्रीक्लर फेन ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। नगर निगम प्रशासन द्वारा पहली बार नई तकनीक इस्तेमाल करते हुए स्प्रीक्लर फेन से पानी का छिड़काव करवाया जा रहा है। जिससे राहगीरों ने फौरी तौर पर गर्मी से राहत महसूस हो सके।

## जन्मभूमि-ईदगाह विवाद में कल भी होगी सुनवाई

**मथुरा।** गुरुवार को आज उच्च न्यायालय प्रयागराज में श्रीकृष्ण जन्मस्थान व ईदगाह विवाद की सुनवाई हुई। इस दौरान दौरान हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने सूट नंबर 1 से लेकर सूट नंबर 9 तक में पक्ष रखते हुए अपनी बहस पूरी की। मुस्लिम पक्ष द्वारा भी अपनी दलील पूरी की गई। हिन्दु पक्ष ने कहा कि मुस्लिम पक्ष के पास में कोई भी प्राचीन साक्ष्य नहीं है। जिससे वह कह सके कि यहां मस्जिद पहले बनी है, लेकिन हिंदू पक्ष द्वारा सभी साक्ष्य माननीय न्यायालय में जमा कर दिए हैं। अधिवक्ता ने कहा कि मुस्लिम पक्ष तो केवल मामले को लटकाने का प्रयास कर रहा है। मुस्लिम पक्ष उन्ही बिंदुओं पर बार-बार सवाल जवाब कर रहा है जिन बिंदुओं को वह मथुरा न्यायालय में उठा चुका है और प्रयागराज न्यायालय में वक्फ बोर्ड एक्ट, वरशिप एक्ट 1991 और लिमिटेशन एक्ट पर कई बार बहस हो चुकी है। कल 31 मई को भी अगले केसों पर बहस होगी।

# रमणरेती धाम में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**महावन (मथुरा)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रमणरेती धाम में साप्ताहिक अखबार उदंत मार्तंड के संपादक पंडित जुगल किशोर शर्मा की याद में सम्मान समारोह आयोजित किया गया मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण चौधरी कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद तेजवीर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सैकड़ो पत्रकारों को सम्मानित किया।समारोह की शुरुआत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गोविंदनंद महाराज एवम हरदेवानंद महाराज ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर की।

लक्ष्मी नारायण ने कहा कि आंदोलन से लेकर वर्तमान समय में भी लोकतंत्र में महत्व पूर्ण योगदान है पत्रकारिता समाज का आइना है। राज्य सभा सांसद तेजवीर सिंह चौधरी ने कहा कि चौथा स्तंभ मजबूत तो लोकतंत्र मजबूत जब भी मीडिया पर पाबंदी लगी है लोकतंत्र खतरे में पड़ा है लोकतांत्रिक व्यवस्था



में पत्रकारिता का अहम योगदान है। आयोजन उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट अतुल कुमार जिंदल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय डिजिटल युग मे भी प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया महत्वपूर्ण और विश्वनीय स्तंभ है प्रांतीय महामंत्री ने कहा कि पत्रकारों को पत्रकारिता करते समय अपनी जान जोखिम में हो जाती है इसलिए पत्रकार सुरक्षा कानून जरूरी है वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन तथा पत्रकारिता कर रहे पत्रकारों के लिए सरकारी मानदेय जरूरी है। समारोह में सैकड़ों पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र लक्ष्मी नारायण केबिनेट मंत्री एवम तेजवीर सिंह चौधरी राज्य सभा सांसद द्वारा प्रोत्साहित एवम सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बलदेव नगर पंचायत मुरारी लाल अग्रवाल,गोकुल नगर पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित,मीडिया प्रभारी अंकुर कुलश्रेष्ठ, डॉक्टर भूपेंद्र चौधरी, जगदीश पाठक, कमल अग्रवाल, जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान, राजेश पाठक, अनुज उपमन्यु, डिंपल गोयल, राज गुप्ता, साहूकार शर्मा, संजय पंवार, प्रिंस चौधरी, विपिन अग्रवाल, अमित शर्मा, रवि पांडे, बीएस छौंकर, उमेश जटवानी, नीरज चौधरी, सुनील अनंत, एकदास महाराज, चंद्रेश अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह आदि रहे। संचालन सुधाकर उपाध्याय ने किया।

## भूखों को भोजन कराने वाला मानवता: देवदूत

**मथुरा।** अलीगढ़ के इगलास क्षेत्र के गांव दिसबार निवासी देशराज सिंह सोलंकी उर्फ दिवाकर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक सराहनीय कार्य किया। उन्होंने श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति के सहयोग से 151 प्रभुजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कराई। इस नेक पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों और वृद्ध लोगों को सम्मान और देखभाल प्रदान करना था। भोजन प्रसादी का वितरण मुरलीवाला की टीम के सदस्यों ने मालगोदम्म रोड़ स्टेशन काली मंदिर धोली प्याऊ स्टेशन मथुरा छावनी मथुरा के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। समिति के अध्यक्ष शिव कुमार सोनी ने बताया कि दिवाकर जी ने अपने जन्मदिन को समाज के लिए कुछ सार्थक करने के अवसर के रूप में देखा। उन्होंने प्रभुजनों के लिए भोजन प्रदान करने का विकल्प चुना, जो अक्सर समाज में उपेक्षित होते हैं। संस्था द्वारा कराए जा रहे पुण्य कार्यो को समाज के लोगों का सहयोग मिल रहा है। वहीं संस्था की टीम की सामाजिक जिम्मेदारी की भावना की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी कर रहे हैं।

# दस दिवसीय एन सी सी शिविर का रंगारंग समापन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आर्मी एरिया के कैप्टन मनोज पांडे पी वी सी कॉम्प्लेक्स मथुरा में कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय के तत्वाधान में चल रहे 11 यू.पी. वाहिनी एनसीसी के 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का बड़ी ही कुशलता के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय ने कैडेटों से कहा कि हमें कम पर अच्छे मित्र बनाने चाहिए जो हमारा किसी भी परिस्थिति में मनोबल न गिरने दें। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने चरित्र का निर्माण करना चाहिए। अपनी तुलना किसी से न करे क्योंकि आप अद्वितीय हैं। हमेशा हम ये ध्यान रखना है कि विख्यात होने के बजाय सम्मान और प्रतिष्ठा के लिए अग्रसर हों। उन्होंने कैडेटों के उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में उन्होंने सभी एनसीसी अधिकारियों, जे सी ओ, पी ई तथा समस्त लोगों का कैंप में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

समापन समारोह में कैंप के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओ में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पुरस्कृत किया गया। समापन सत्र के दौरान कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें इन्होंने अपने हुनर और कला को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बिखेरा। कैडेटों ने कार्यक्रम में एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन का बहुधा प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कमांडिंग ऑफिसर 106 मीडियम रेजिमेंट कर्नल कार्तिक वीरमणि, ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। कैडेटों ने देशभक्ति गीतों के साथ-साथ पंजाबी, हरियाणवी, पहाड़ी, दक्षिण भारती की नृत्य विधा आदि का समूचा प्रदर्शन किया और उल्लास का वातावरण बनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कल्चर प्रोग्राम इंचार्ज लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक, लेफ्टिनेंट हरिओम सिकरवार, जी.सी.आई गायत्री सोरोंत एवं सी.टी.ओ नंदिनी सुगंध देख रेख में हुआ।

# आर प्रज्ञानानंद ने क्लासिकल शतरंज में रचा इतिहास, वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को दी मात



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने क्लासिकल शतरंज में वर्ल्ड चैंपियन मैग्रस कार्लसन को शिकस्त देकर इतिहास रच दिया है। प्रज्ञानानंद ने ये जीत नॉर्वे चेस टूर्नामेंट 2024 में 29 मई को दर्ज की है, जो नोर्वे के स्टावेंजर में चल रहा है।

18 वर्षीय प्रज्ञानानंद ने वर्ल्ड चैंपियन मैग्रस कार्लसन को उनके ही घर में जाकर हराया है। सफेद मोहरों से खेलते हुए भारतीय स्टार ने पिछले साल के एफआईडीई वर्ल्ड कप विजेता कार्लसन को कांटे की टक्कर में हराया था। इसी के साथ भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टूर्नामेंट के ओपन सेक्शन में एकल बढ़त हासिल कर ली है।

क्लासिकल शतरंज को धीमे शतरंज के रूप में भी जाना जाता है और इसमें खिलाड़ी को चाल चलने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और आम तौर पर एक खिलाड़ी के पास कम से कम एक घंटे का समय होता है। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा की बहन आर वैशाली भी महिला वर्ग में शीर्ष पर चल रही हैं। उनके भी 5.5 अंक हैं।

अमेरिका के हिकारू नाकमूरा ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ क्लासिकल बाजी ड्रॉ रहने के बाद आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी जीतकर डेढ़ अंक हासिल किए। नाकामूरा अंक तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चौथे दौर में प्रज्ञानानंदा से भिड़ेंगे।

## भारत ने टी20 विश्व कप से पहले आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष स्थान कायम रखा

टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण के विजेता भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी चरण से पहले पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा। भारत के 264 रेटिंग अंक हैं। दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज अपने खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप से पहले शानदार फॉर्म में आने से चौथे स्थान पर पहुंच गयी। 2012 और 2016 चरण की विजेता टीम दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 की जीत से न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से आगे है। दक्षिण अफ्रीका सातवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं 2021 चैम्पियन आस्ट्रेलिया 257 अंक से दूसरे स्थान पर है, गत चैम्पियन इंग्लैंड 254 अंक से तीसरे और वेस्टइंडीज उससे दो अंक पीछे 252 अंक पर है। न्यूजीलैंड के 250 अंक हैं जबकि पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका दोनों के 244 अंक हैं। पाकिस्तान दशमलव की गणना में दक्षिण अफ्रीका से आगे है। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों ने दो जून में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ टूर्नामेंट का आगाज करने से पहले घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया जिसका उन्हें रैंकिंग में फायदा मिला। ताजा अपडेट में बांग्लादेश और अमेरिका के बीच श्रृंखला तथा इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच चल रही श्रृंखला के मैच के नतीजों को भी जगह दी गयी।

# 18 महीने बाद भारतीय टीम के साथ खेलेंगे ऋषभ पंत, कहा भारत की जर्सी पहनना अलग एहसास



ऋषभ पंत 18 महीने बाद भारतीय टीम के साथ नजर आ रहे हैं। दिसंबर 2022 में भयानक कार एक्सीडेंट के बाद पंत पहली बार भारतीय टीम में शामिल हुए हैं और इंटरनेशनल क्रिकेट खेलेंगे। वे भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 में नजर आने वाले हैं, जिसकी तैयारी में वो जुट गए हैं।

भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 18 महीने बाद भारतीय टीम के साथ नजर आ रहे हैं। दिसंबर 2022 में भयानक कार एक्सीडेंट के बाद पंत पहली बार भारतीय टीम में शामिल हुए हैं और इंटरनेशनल क्रिकेट खेलेंगे। वे भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 में नजर आने वाले हैं, जिसकी तैयारी में वो जुट गए हैं। वह भारतीय टीम के साथ बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेलेंगे और इसके लिए वह प्रैक्टिस भी कर रहे हैं। वहीं उन्होंने इस दौरान कहा कि भारत की जर्सीस को पहनना और टीम में वापसी करना उनके लिए एक अलग एहसास है।

ऋषभ पंत न्यूयॉर्क में टीम इंडिया के पहले नेट सेशन में नजर आए। उन्होंने कई गेंदबाजों का सामना किया और अपनी फीलिंग भी बताई। उन्होंने पहले सूर्यकुमार यादव से भा बात की थी कि हम एनसीए में मिले थे, जहां उनका रिहैब चल रहा था। बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में उन्होंने वापसी को लेकर कहा कि, इंडियन जर्सी में टीम के साथ वापसी करना एक अलग एहसास है। ये वह चीज है, जिसे मैंने बहुत मिस किया है। मुझे लगता है कि साथियों को देखना, मीटिंग करना और टाइम बिताना अच्छा लगा।

वहीं पंत ने आगे कहा कि, खिलाड़ियों के साथ मजे करना और बातें करने में मजा आया। हम अलग-अलग देशों में क्रिकेट खेलने के अभ्यस्त हैं, लेकिन यहां चीजें अलग हैं। हम पहली बार न्यूयॉर्क में नए विकेट्स पर खेलेंगे, ये एक नया चैलेंज है। क्रिकेट दुनियाभार में ग्रो हो रहा है और यूएसए में भी हम ऐसा देख पा रहे हैं। नए पिच और नया सेटअप तैयार हुआ है और मौसम भी अलग है तो हम इसके आदी हो रहे हैं। मैं चाहता हूं कि मैं इस टूर्नामेंट में वापसी करते हुए छाप छोड़ सकूं। इसी के लिए तैयारी कर रहा हूं। पंत ने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच नवंबर 2022 में खेला था।

# भारत-पाकिस्तान मैच पर आतंकी साया! न्यूयॉर्क में पुख्ता की गई सुरक्षा व्यवस्था

इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन ने भारत और पाकिस्तान के बीच अगले महीने न्यूयॉर्क में होने वाले टी20 विश्व कप मैच के खिलाफ एक धमकी जारी की है। न्यूयॉर्क के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि वे सुरक्षा बढ़ा रहे हैं। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उन्होंने न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को उन्नत सुरक्षा उपायों में संलग्न होने का निर्देश दिया है, जिसमें कानून प्रवर्तन की उपस्थिति, उन्नत निगरानी और संपूर्ण स्क्रीनिंग प्रक्रियाएँ शामिल हैं।

न्यूयॉर्क शहर की सीमा से लगे नासाउ काउंटी, जहां मैच होगा, के प्रमुख ब्रूस ब्लेकमैन ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम संभावित रूप से उत्पन्न होने वाली हर स्थिति से शीर्ष पर हैं। अब उस अंत तक, हमने कई सावधानियां बरती हैं। उन्होंने कहा कि हम हर धमकी को गंभीरता से लेते हैं। हर खतरे के लिए समान प्रक्रियाएँ हैं। हम खतरों को कम नहीं करते। हम अपने सभी सुरागों का पता लगा रहे हैं। इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन जिसे इसके नाम से जाना जाता है, आईएस ने एक ब्रिटिश चैट साइट पर नासाउ काउंटी के आइजनहावर पार्क में क्रिकेट स्टेडियम की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें ड्रोन उड़ रहे हैं, जिसमें दिनांक, 9/06/2024, भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख दिखा रहा है। न्यूयॉर्क के अधिकारियों ने आईएसआईएस पोस्ट को ÷विश्वसनीय खतरा नहीं बताया, साथ ही यह भी कहा कि वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं। सुरक्षा उपाय बढ़ाना और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए संसाधन प्रतिबद्ध करना। गवर्नर होचुल ने कहा हालांकि इस समय कोई विश्वसनीय सार्वजनिक सुरक्षा खतरा नहीं है, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रखना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा प्रशासन न्यूयॉर्कवासियों और आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संघीय कानून प्रवर्तन और नासाउ काउंटी के साथ महीनों से काम कर रहा है।

# जूनियर हॉकी: भारतीय पुरुष टीम ने शूट आउट में जर्मनी को हराया, महिला टीम ने ऑरेंज रूड से ड्रॉ खेला



भारत ने जूनियर हॉकी टीमों के यूरोप दौरे का समापन जर्मनी पर शूट आउट में पुरुष टीम की जीत के साथ किया जबकि महिला टीम ने ऑरेंज रूड क्लब के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को यहां ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश में नियमित समय में मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद पुरुष टीम ने पेनल्टी में 3-1 से जीत हासिल की।

गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने शूट आउट में गोल किए। इससे पहले नियमित समय में मुकेश टोप्पो ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल किया। भारतीय जूनियर पुरुष टीम नियमित समय में जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन मैच खत्म होने से चार मिनट पहले जर्मनी ने बराबरी हासिल कर ली जिससे मैच में रोमांच बढ़ गया और नतीजे के लिए शूट आउट का सहारा लेना पड़ा। यह जूनियर पुरुष टीम की दौरे के पांच मैचों में दूसरी जीत है। टीम ने 20 मई को एंटवर्प में अपने शुरुआती मैच में बेल्जियम को पेनल्टी के जरिए 4-2 (2-2) से हराया था। टीम को तीन हार का सामना भी करना पड़ा। टीम को बेल्जियम (2-3), ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश (4-5) और जर्मनी (2-3) के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। महिला टीम ने बुधवार को ऑरेंज रूड के खिलाफ ड्रॉ खेलने के अलावा दो जीत दर्ज की जबकि उसे दो हार का भी सामना करना पड़ा। ऑरेंज रूड के खिलाफ संजना होरो (18वें मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई। ऑरेंज रूड को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति ने दोनों हमलों को नाकाम कर दिया जिससे टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी।

ऑरेंज रूड ने तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर पर दो बार गोल करके 2-1 की बढ़त बनाई। भारत ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में स्कोर बराबर कर दिया जब अनीशा साहू (58वें मिनट) ने अंतिम क्षणों में गोल किया। भारत ने इससे पहले ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश (2-0) और बेल्जियम को 4-2 (2-2) से हराया था। उसे बेल्जियम और जर्मनी के खिलाफ शिकस्त भी झेलनी पड़ी।


# पीवी सिंधु को फाइनल में मिली करारी शिकस्त, स्पेन की कैरोलिना मारिन से हारी



पीवी सिंधु को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ 18.15 की बढत बनाने के बाद सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा। पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही सिंधु ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह मुकाबला 21.13, 11.20, 20.22 से गंवाया।

डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई बहस के बाद दोनों खिलाड़ी सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी। पहला गेम गंवाने के बाद दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन ने शानदार वापसी करते हुए लगातार छह अंक बनाये और 17.7 की बढत बना ली। इसके बाद सिंधू को वापसी का मौका नहीं देकर मैच को निर्णायक गेम तक खींचा। निर्णायक गेम में सिंधू ने बढत बनाई लेकिन मारिन ने वापसी करके जीत दर्ज की। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी।

# सनी देओल पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली का संगीन आरोप, निर्माता सोरव गुप्ता ने लगाए गंभीर आरोप




बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल को लेकर चौंकाने वाली खबर सामने आई है। गदर 2 के तारा सिंह पर धोखाधड़ी और झूठ बोलने का आरोप लगा है। बॉलीवुड निर्माता सोरव गुप्ता ने अभिनेता के खिलाफ धोखाधड़ी, जबरन वसूली और जालसाजी के चौंकाने वाले आरोप लगाए और उन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। सनडाउन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सोरव गुप्ता ने दावा किया कि 2016 में उन्होंने सनी देओल के साथ अपनी फिल्म के लिए लीड के तौर पर 4 करोड़ रुपये की फीस पर डील साइन की थी।

निर्माता सोरव गुप्ता ने कहा कि साल 2016 में सनी ने फिल्म साइन की थी और इसके लिए सनी ने उनसे 4 करोड़ रुपये भी लिए थे। सोरव ने आरोप लगाया कि उन्होंने 1 करोड़ एडवांस दिए थे जबकि 2.55 करोड़। लेकिन सनी ने फिल्म शुरू नहीं की और इसके बजाय उन्होंने पोस्टर बॉयज (2017) की शूटिंग शुरू कर दी।

सोरव ने आगे कहा कि साल 2023 में सनी ने उनकी कंपनी के साथ फर्जी एग्रीमेंट किया। फिल्म निर्माता ने आरोप लगाया, जब हमने एग्रीमेंट पढ़ा तो सनी ने बीच का पेज बदल दिया और फीस की राशि 4 करोड़ से बढ़ाकर 8 करोड़ कर दी गई। इतना ही नहीं, लाभ भी घटाकर 2 करोड़ कर दिया गया। निर्माता ने एग्रीमेंट पेपर में अचानक फीस की राशि 4 करोड़ से बढ़ाकर 8 करोड़ करने के लिए सनी देओल के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज कराया है।

सुनील दर्शन ने भी सनी पर लगाया आरोप सोरव गुप्ता के बाद फिल्म निर्माता सुनील दर्शन ने भी सनी पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गदर 2 अभिनेता ने ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूशन के लिए उनकी फिल्म अजय के अधिकार मांगे थे और केवल आधी राशि का भुगतान किया था। जैसे ही यह खबर सामने आई, सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। अभिनेता सनी देओल ने अभी तक इन दोनों मामलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# स्टेज पर एट्रेस को धका देने पर ट्रोल हुए नंदमुरी बालकृष्ण



तेलुगु सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसकी वजह से वे ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं। इस वीडियो में दिग्गज एक्टर फिल्म इवेंट में साउथ की एक्ट्रेस अंजलि को धक्का देते नजर आए। इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तेलुगु सुपरस्टार को ट्रोल किया जा रहा है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि बुधवार को अंजलि और नंदमुरी बालकृष्ण की अपकमिंग गैंग्स ऑफ गोदावरी की प्री-रिलीज आयोजित की गई थी। इस इवेंट में नंदमुरी बालकृष्ण और अंजलि के अलावा विश्वक सेन और नेहा शेट्टी भी शामिल हुए थे। इस इवेंट के दौरान नंदमुरी बालकृष्ण फिल्म की कास्ट और क्रुरू के साथ पोस्ट करने के लिए स्टेज पर चढ़ गए। सेंटर स्टेज पर आने की चाहत में सीनियर एक्टर ने अंजलि को धक्का दे दिया, जिससे सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे तेलुगु सुपरस्टार और अंजलि के वीडियो को लेकर आम लोग ही नहीं बल्कि कई सेलेब्स भी नाराज हैं। लोग एक्टर की हरकत पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

यह कार्यक्रम नंदामुरी की आने वाली फिल्म के प्रमोशन के लिए आयोजित किया गया था। जब अभिनेता और उनकी आने वाली फिल्म की पूरी स्टार कास्ट कार्यक्रम में प्रमोशन के लिए मंच पर पहुंची, तो सभी सितारे कैमरों के सामने पोज देने के लिए लाइन में खड़े थे। इसी दौरान उन्होंने आगे बढ़ने के लिए अंजलि को इतनी जोर से धक्का दिया कि अभिनेत्री बाल-बाल गिरते-गिरते बचीं। इस दौरान मंच पर मौजूद बाकी सितारे भी चौंक गए और अंजलि को देखने लगे। हालांकि अंजलि ने इस पर जोर से हंसी उड़ाई, लेकिन नंदामुरी की यह हरकत सोशल मीडिया यूजर्स की नजरों से बच नहीं पाई। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आते ही लोगों ने अभिनेता की आलोचना शुरू कर दी।

# शाहरुख खान और उनका परिवार अनंत राधिका की प्री-वेडिंग क्रूज पार्टी के लिए रवाना



शाहरुख खान अपने पूरे परिवार के साथ देश के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए इटली रवाना हो गए हैं। शाहरुख को मुंबई के प्राइवेट एयरपोर्ट कलिना पर उनकी पत्नी गौरी खान और तीन बच्चों (आर्यन, सुहाना और अबराम) के साथ देखा गया। गौरतलब है कि शाहरुख, रणबीर, रणवीर समेत कई बॉलीवुड सितारे अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट की क्रूज पार्टी में शामिल होंगे। इस पार्टी में सलमान खान, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट समेत कई सितारे पहले ही जा चुके हैं। अनंत राधिका की क्रूज पार्टी 1 जून तक चलने वाली है।

शाहरुख खान ने एयरपोर्ट पर पैप्स से बचते हुए अपने परिवार के साथ फ्लाइट पकड़ी। आर्यन खान और सुहाना खान एक ही कार में एयरपोर्ट पहुंचे, जिसमें उनकी मां गौरी खान और शाहरुख खान की मैनेजर पूजा ददलानी भी मौजूद थीं। आपको बता दें, अनंत-राधिका की क्रूज पार्टी 29 मई को शुरू हुई थी। इस पार्टी की शुरुआत वेलकम लंच से हुई, जिसमें कई इवेंट होस्ट किए गए। आज यानी 30 मई को TOGA पार्टी होगी, जिसमें मुकेश अंबानी अपनी पोती वेदा की ग्रैंड बर्थडे पार्टी भी होस्ट करेंगे। इस पार्टी का ड्रेस कोड प्लेफुल होगा।

आपको बता दें, पिछले साल सगाई करने के बाद अनंत-राधिका 12 जून को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस शादी में अंबानी परिवार ने नो-फोन पॉलिसी जारी की है।

# लंदन में विक्की कौशल के साथ फैन्स द्वारा वीडियो बनाने की कोशिश के बाद कैटरीना कैफ ने अपना आपा खोया



बॉलीवुड कपल कैटरीना कैफ और विक्की कौशल इन दिनों लंदन में हैं। हाल ही में इस कपल का एक वीडियो सामने आया, जिसके बाद कैटरीना की प्रेग्नेंसी की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया। हालांकि, इन दावों पर अभी तक न तो कैटरीना और न ही विक्की ने खुलकर कुछ कहा है। इसी बीच एक बार फिर यह कपल लंदन की सड़कों पर घूमता नजर आया। विक्की-कैटरीना का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें यह कपल लंदन की सड़कों पर साथ-साथ घूमता नजर आ रहा है। वीडियो में कैटरीना और विक्की हाथ में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। इस कपल को ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करते देखा जा सकता है। विक्की ने ब्लैक हुडी पहनी हुई है, वहीं कैटरीना ब्लैक जैकेट और जॉगर्स में नजर आईं। दोनों साथ में सड़क पार कर रहे थे, लेकिन जैसे ही कैटरीना ने देखा कि कोई फैन उनका वीडियो बना रहा है, तो उन्होंने विक्की को रोक दिया। फिर वे फुटपाथ पर कुछ कदम पीछे हट गए। दोनों का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

कैटरीना इस समय लंदन में अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं और खास बात यह है कि उनके पति विक्की कौशल भी वहां उनके साथ हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो कैटरीना कैफ आखिरी बार मेरी क्रिसमस में नजर आई थीं। इस फिल्म में कैटरीना के साथ विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में थे। इससे पहले कैटरीना कैफ सलमान खान के साथ सुपरहिट फ्रेंचाइजी टाइगर 3 में नजर आई थीं। वहीं, विक्की कौशल सैम बहादुर में नजर आए थे। विक्की की आने वाली फिल्मों की बात करें तो आने वाले समय में एक्टर रश्मिका मंदाना के साथ छावा, त्रिप्ति डिमरी के साथ बैड न्यूज और आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के साथ लव एंड वॉर में नजर आएंगे।

# जोश और जज्बे से भरपूर चंदू चैंपियन का दूसरा गाना जारी, कार्तिक ने साझा किया शूटिंग का अनुभव



कार्तिक आर्यन अभिनीत चंदू चैंपियन इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। कबीर खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म पिछले कई दिनों से लगातार सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर और पहला गाना निर्माताओं ने जारी किया था, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। वहीं, अब फिल्म का दूसरा गाना भी रिलीज कर दिया गया है। इस गाने का नाम तू है चैंपियन है, जिसमें कार्तिक आर्यन का शरीरिक बदलाव साफ नजर आ रहा है। अभिनेता ने इस फिल्म के लिए काफी कड़ी मेहतन की है, जो इस गाने में साफ झलक रहा है। अरिजीत सिंह और अमित मिश्रा की आवाज में रिकॉर्ड किया गया यह गाना प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक है। इसे आईपी सिंह ने लिखा है। वहीं, प्रीतम ने गाने को अपनी धुनों से सजाया है। इस गाने को कार्तिक आर्यन ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल से साझा किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, तू है चैंपियन को जब भी मैं देखता हूं, तो चंदू चैंपियन का पूरा सफर मेरे सामने आ जाता है... यह गाना सिर्फ शारीरिक बदलाव को ही नहीं दिखाता, बल्कि डेढ़ साल के मेरे भावनात्मक सफर को भी दिखाता है। इसकी वजह से मैं कई मायनों में एक बेहतर इंसान बन गया हूं। गाने के बारे में कार्तिक आगे लिखते हैं, यह अवधि पूरी तरह से समर्पण और फोकस को लेकर थी। वर्कआउट और जिम सेशन से कोई ब्रेक नहीं लिया, अपनी डाइट, स्विमिंग और बॉक्सिंग सेशन में कोई धोखाधड़ी नहीं की। उम्मीद है कि इस गाने का जादू आप पर भी वैसा ही असर करेगा, जैसा इसने मुझ पर किया है।

# पंचायत 3 की सह कलाकार सुनीता से जलती थीं नीना गुप्ता, बोलीं बिल्कुल अलग हैं हम दोनों...



नीना गुप्ता बॉलीवुड की उम्दा अभिनेत्रियों में से एक हैं। नीना ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। 28 मई को ओटीटी अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई वेब सीरीज पंचायत 3 को लेकर नीना गुप्ता लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस वेब सीरीज में नीना ने मंजू देवी का किरदार निभाया है। वैसे तो नीना हर एक किरदार में जान डाल देती हैं, लेकिन मंजू देवी के किरदार में नीना को दर्शक बहुत पसंद कर रहे हैं। सीरीज की वजह से नीना लगातार इंटरव्यू में व्यस्त हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान नीना ने पंचायत 3 में अपनी सह अभिनेत्री सुनीता को लेकर एक खुलासा किया है।

नीना गुप्ता और सुनीता राजवार काफी अच्छी दोस्त हैं। एक इंटरव्यू के दौरान नीना ने बताया कि वह अपनी दोस्त और सह अभिनेत्री सुनीता से काफी चिढ़ती थीं, क्योंकि एक समय पर सुनीता की वजह से नीना के हाथ से बेहतरीन रोल चला गया था। नीना ने कहा कि जब एक फिल्म निर्माता ने एक ही रोल के लिए नीना और सुनीता दोनों को संपर्क किया था, लेकिन बाद में उस निर्माता ने अभिनेत्री सुनीता राजवर को उस रोल के लिए फाइनल कर लिया था, तो इस बात पर नीना ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं सोचती रही कि अगर वह (निर्माता) मुझे कास्ट करने का इरादा नहीं रखती थीं, तो वह हम दोनों से क्यों संपर्क कर रही थीं। सुनीता और मैं बहुत अच्छी दोस्त हैं, लेकिन हम एक-दूसरे से बहुत अलग दिखते हैं। कोई हम दोनों से एक ही भूमिका के लिए कैसे संपर्क कर सकता है। हम दोनों में कोई भी समानता नहीं है। आगे नीना ने कहा, जब मैं किसी सह अभिनेता या दोस्त की वजह से कोई रोल खो देती हूं, तो मुझे अक्सर इस बात पर जलन महसूस होती है।

पंचायत 3 में नीना ने मंजू देवी का किरदार निभाया है, तो वहीं उनकी दोस्त और सह अभिनेत्री ने क्रांति देवी का किरदार निभाया है। सुनीता ने कई बेहतरीन फिल्मों और टीवी सीरियल्स में काम किया है। सुनीता की अदाकारी फुलेरा पंचायत में प्रधान की कट्टर दुश्मन माने जाने वाली क्रांति देवी (भूषण की पत्नी) ने पंचायत के तीनों सीजन में बेहतरीन अभिनय किया है। अपने अभिनय के दम पर सुनीत राजवार यानी क्रांति देवी ने दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई है। क्रांति देवी सीजन 2 से ही नया प्रधान बनने के सपना देख रही हैं। तो वहीं नीना यानी मंजू देवी उन्हें जीतने का एक भी मौका नहीं देती हैं।

# सोने के आभूषण को कमर से नीचे नहीं पहनना चाहिए

सोना जगत के पालनहार भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी को अति प्रिय है। सोने को माता लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। इसके लिए सोने के आभूषण पहनने से घर में सुख और समृद्धि बनी रहती है। हालांकि, सोने के आभूषण को कमर से नीचे नहीं पहनना चाहिए। अगर कोई महिला ऐसा करती है, तो धन की देवी मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं। धार्मिक मान्यता है कि जब मां लक्ष्मी नाराज होती हैं, तो घर में धन की कमी होने लगती है। घर में हमेशा मुसीबत बनी रहती है। लाख चाहकर भी इंसान खुश नहीं रह पाता है। सुख और समृद्धि में भी कमी आने लगती है। इसके लिए महिलाएं सोने की पायल नहीं पहनती हैं। ज्योतिषियों की मानें तो महिलाओं को कमर के नीचे स्वर्ण आभूषण नहीं धारण करना चाहिए। सनातन धर्म में सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं। इसके लिए महिलाएं हीरे-मोती, सोने और चांदी के आभूषण धारण करती हैं। वर्तमान समय में महिलाएं सोने और चांदी के गहने अधिक पहनती हैं। इन आभूषणों से सुहागिन महिलाओं की खूबसूरती और बढ़ जाती है। साथ ही घर में सुख और समृद्धि का आगमन होता है। धार्मिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार, आभूषण पहनना सेहत और सौभाग्य के लिए फायदेमंद होता है।



### वैज्ञानिक कारण

वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार, स्वर्ण आभूषण धारण करने से शरीर के तामपान में बदलाव होता है। स्वर्ण आभूषण शरीर के तापमान को बढ़ाते हैं, तो चांदी के आभूषण शीतलता प्रदान करते हैं। साथ ही शरीर का तापमान संतुलित रहता है। इसके लिए महिलाएं चांदी की पायल पहनती हैं। जानकारों की मानें तो सोने की पायल पहनने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी हो सकती है। अतः पैरों में सोने की पायल नहीं धारण करनी चाहिए। पैरों में सोने की अंगूठी भी नहीं पहननी चाहिए। इसके बदले में चांदी की अंगूठी पहनें।

## करें शादी की तैयारी, नहीं पड़ेगी वेडिंग प्लानर की जरूरत

शादी लड़के-लड़की के साथ ही परिवार के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा मौका होता है। शादी के बाद दो लोग और उनके परिवार एक हो जाते हैं। परिवारों के मिलन के इस खास मौके को लेकर धूमधाम से सेलिब्रेट करते हैं। हर दुल्हन ये चाहती है कि उसकी शादी यादगार बने। शादी का जश्न बहुत ही शानदार और मजेदार हो। शादी में आने वाले मेहमान उस समारोह की तारीफ करते न थकें। हालांकि इस तरह के शादी समारोह के लिए काफी तैयारियां करनी पड़ती है, साथ ही पैसा भी काफी व्यय करना पड़ सकता है। लोग शादी को किसी फिल्मी सितारे की तरह करना चाहते हैं लेकिन आम परिवारों के लिए इतना पैसा खर्च करना मुश्किल होता है। बजट में सेलिब्रिटी जैसी लैविश और यादगार शादी समारोह के लिए लोग वेडिंग प्लानर भी बुक करते हैं। वेडिंग प्लानर शादी में होने वाले तमाम कामकाज के झंझट से परिवार को मुक्त करते हैं, ताकि परिवार तैयारियों से दूर फंक्शन को एंजॉय कर सकें। लेकिन अगर आप वेडिंग प्लानर पर खर्च नहीं करना चाहते और शादी को उसी तरह से प्लान करना चाहते हैं, जैसे कोई प्रोफेशनल वेडिंग प्लानर करते हैं तो कुछ आसान तरीकों को अपना सकते हैं

### बजट करें तय

शादी से पहले बजट बना लें। शादी में कितना खर्च करना है, यह निर्धारित करके ही तैयारी करें। बजट के मुताबिक अलग अलग खर्च तय करें। जैसे खाने, डेकोरेशन, शॉपिंग, जगह और अन्य तैयारियों में कितना खर्च कर सकते हैं, बजट को उसके मुताबिक बांटें। एक बजट निर्धारित होने पर उससे अधिक व्यय की संभावना कम रहती है और आप उसी पैसे में सभी चीजों को एडजस्ट करते हैं।

### पहले से करें तैयारियां


शादी के लिए तैयारियां एक दो महीने पहले नहीं, बल्कि और अधिक जल्दी करनी चाहिए। पहले से ही वेन्यू, मेन्यू या अन्य वेंडर्स को बुक करने पर आपको पैसों में रियायत मिल जाती है, साथ ही कई विकल्प भी मिल जाते हैं। शादी से कुछ समय पहले जब आप जगह के लिए किसी लॉन या बैंकेट हॉल की तलाश में रहते हैं तो आपकी डेट के मुताबिक बुकिंग मिलना मुश्किल हो जाता है, वेंडर्स भी रेट बढ़ा देते हैं और जो चीजे कम दाम में थीं, उनकी रेट बढ़ जाता है। जब आप शादी के लिए किसी लॉन, गेस्ट हाउस, या होटल की बुकिंग कर रहे हैं तो अपनी लोकेशन के आसपास के सभी जगहों के बारे में डिटेल निकालें। कई वेंडर्स का विकल्प होने पर आप उसमें से अपने बजट के मुताबिक जगह का चयन कर सकते हैं। इसी तरह के केटरिंग में भी कई विकल्पों में से एक का चयन करें जो आपके बजट से कम का ही हो। हालांकि क्वालिटी का ध्यान रखें।

### जिम्मेदारी बांटे

सारे काम खुद पर न लें, बल्कि काम बांटे। आप अकेले सारे काम नहीं कर सकते हैं। परिवार में जो भी जिम्मेदार हों, उसके साथ जिम्मेदारी बांटें। शादी की लोकेशन से जुड़ी जिम्मेदारी, जैसे डेकोरेशन, सर्विसिंग और अन्य कामों की जिम्मेदारी देना, खानपान की जिम्मेदारी देना आदि। जब आप सभी में काम बांट देंगे तो जिम्मेदार व्यक्ति खुद को मिले काम के प्रति उत्तरदायी होता है और वह उस काम को बखूबी करने की कोशिश करता है।

# बार-बार मुंह सूखना हो सकता है गंभीर बीमारी का संकेत

मुंह के ड्राई होने के कई कारण हो सकते हैं। लेकिन इसके सामान्य कारणों में से एक दवाइयां भी हैं। वहीं उम्र से संबंधित मुद्दे या कैंसर के लिए विकिरण इलाज के दुष्प्रभावों से भी मुंह ड्राई होने लगता है। वहीं कुछ मामलों में यह बीमारी का रूप भी ले लेता है। जो सीधे लार नलिकाओं को प्रभावित करने का काम करता है। जिसके कारण मुंह सूखने लगता है। सांसों की बदबू, मुंह में सूखापन या चिपचिपापन या गले की खराश आदि की समस्या को नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो नीचे बताए गए उपायों को इलाज के तौर पर आजमा सकते हैं। जब मुंह में पर्याप्त मात्रा में लार नहीं बनती है तब मुंह ड्राई या जेरोस्टोमिया होता है। लार न बनने के कई कारण हो सकते हैं। वहीं गर्मियों में यह समस्या आम होती है। लेकिन कुछ लोगों में यह समस्या काफी गंभीर हो जाती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मुंह के शुष्क होने के कारण के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही इस समस्या से बचने के उपायों के बारे में बताएंगे। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं।



### खूब पानी पिएं

सूखे मुंह से छुटकारा पाने के लिए सबसे अच्छा उपाय है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। कई अध्ययनों के मुताबिक निर्जलीकरण मुंह सूखने में अहम योगदान देता है। जब मुंह में लार का सामान्य प्रवाह नहीं हो जाता, तब तक आप पानी की चुस्की लेकर मुंह में कीटाणुओं को दूर करने में मदद मिलती है।

### शुगर-फ्री गम

यदि आपका भी मुंह सूखता है तो इस स्थिति में इंडियन डेंटल एसोसिएशन बिना चीनी के च्युइंगम चबाने की सलाह देती है। इस दौरान करीब 15 मिनट तक च्युइंग गम चबाने से मुंह से भोजन के कणों के अलावा प्लाक आदि को साफ किया जा सकता है। इससे लार को बढ़ावा भी मिलता है।

### शुगर-फ्री कैंडीज

शुगर-फ्री कैंडी को थोड़े समय तक चूसने से मुंह को ड्राईनेस से राहत देता है। शुगर-फ्री कैंडीज में खांसी की गोलियां, मीठी गोलियां और अन्य मिठाइयां शामिल है। एक अध्ययन के मुताबिक मुंह की समस्या वाले सभी मरीजों को चीनी मुक्त मिठाइयों के सेवन की सलाह दी जाती है। खासकर इनका सेवन उन लोगों के लिए अच्छा माना जाता है, जिन्हें मुंह सूखने की समस्या या प्यास अधिक लगती है।

### एल्कोहल-फ्री माउथवॉश

माउथवॉश उत्पादों में अल्कोहल एक सामान्य चीज हैं। हालांकि यह मुंह की नमी को प्रभावित कर सकता है। मुंह को अनजाने में नुकसान पहुंचाए बगैर या इसे ज्यादा सुखाए बिना मुंह को हाइड्रेट रखने के लिए अल्कोहल-मुक्त माउथवॉश से गार्गल करना चाहिए।

### ह्यूमिडिफायर

ह्यूमिडिफायर कमरे में नमी जोड़ने का काम करता है। कई बार सूखी हवा में सांस लेने से मुंह सूखने लगता है। लेकिन नमी वाली हवा में मुंह कम सूखता है। खासकर सोने के दौरान भी यह समस्या देखने को मिलती है। इसके लिए आप अपने आसपास नमी बनाए रखें। इससे ड्राई मुंह को राहत मिलती है।

### धूम्रपान और शराब

धूम्रपान और शराब को छोड़ कर आप अपने शुष्क मुंह के लक्षणों से राहत पा सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक शराब और धूम्रपान का सेवन करते रहने से यह स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इस दौरान बार-बार प्यास लगना या मुंह सूखने लगता है।

### नाक से सांस लें

शुष्क मुंह के लक्षणों से बचने के लिए आपको नाक से सांस लेनी चाहिए। कई बार मुंह से सांस लेने के कारण भी मुंह सूखने की समस्या देखने को मिलती है। इसके अलावा मुंह से सांस लेने से कई अन्य गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं।

### दोपहर की झपकी के फायदे

लंच के बाद की नींद दिल के लिए अच्छी होती है। यह खासकर उन लोगों के लिए ज्यादा फायदेमंद होती है जिनको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होती है। या फिर जिन लोगों को पहले दिल से जुड़ी कोई प्रॉब्लम होती है। दोपहर की नींद से हार्मोनल बैलेंस सही रहता है। लंच के बाद



डायबिटीज, पीसीओडी और थायरॉइड के मरीजों को झपकी जरूर लेनी चाहिए। दोपहर की नींद से डाइजेशन में सुधार होता है। दोपहर की झपकी अपच, एक्ने, इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम और डैंड्रफ के लिए फायदेमंद है। लोगों का सोचना होता है कि दोपहर को नींद लेने से उन्हें रात में नींद नहीं आएगी। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि दोपहर की झपकी के बाद रात को अच्छी नींद आती है। बीमारी या वर्कआउट के बाद आपको थकान महसूस होने पर झपकी लेने से आपकी जल्द रिकवरी होती है। साथ ही इससे आपका वेट लॉस भी होता है। बचपन में अक्सर सभी को मम्मी-पापा और घर के बड़े दोपहर में खाना खाने के बाद कुछ देर सोने के लिए कहते थे। लेकिन उस दौरान ऐसा करना अच्छा नहीं लगता था। क्योंकि बचपन में मन खेल-कूद में लगने के कारण दोपहर को सोना नहीं चाहते थे। हालांकि बड़े होने के बाद लंच के बाद कुछ देर के लिए आराम करना या नींद लेना बहुत अच्छा लगता था। लेकिन अब इसके लिए समय नहीं मिलता है। ऑफिस हो या घर कुछ लोगों को दोपहर के खाने के बाद हल्की सी झपकी लेने की आदत होती है। वहीं कई बार इस आदत के कारण हमें शर्मिंदगी भी उठानी पड़ती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दोपहर के खाने के बाद झपकी लेना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इससे हमारे स्वास्थ्य को कई लाभ भी मिलते हैं। दोपहर की नींद से पूरा लाभ लेने के लिए आपका सही तरह से नींद लेना जरूरी है। अब आप सोच रहे होंगे कि नींद लेने का सही तरीका आखिर क्या होता है। तो आपको बता दें कि नींद लेने का भी तरीका होता है। इस बारे में डाइटीशियन और न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर ने जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि दोपहर की नींद से शरीर को क्या फायदा होता है और इसका सही तरीका क्या है।

### झपकी लेने का सही तरीका

अगर आप भी इन सारे फायदों को पाना चाहते हैं तो इसके लिए जरूरी है कि आप दोपहर की झपकी को सही तरह से लें। लंच करने के फौरन बाद नींद लेनी चाहिए। लंच के 1-2 घंटे बाद झपकी लेने की न सोंचे। दोपहर की नींद लेने के लिए पहले वामकुक्षी यानि की अपनी बांई ओर करवट लेकर लेटें। झपकी लेने के लिए फीटल पोजीशन यानी की बेबी पोजीशन में लेटें। दोपहर को 10-30 मिनट की नींद लें। अगर आपकी उम्र कम है या आप बीमार हैं तो इस दौरान 90 मिनट की नींद ले सकते हैं। दोपहर की नींद का सबसे सही समय 1 से 3 बजे के बीच का होता है।

### न करें ये काम

कुछ लोग शाम को 4-7 बजे के आसपास नींद लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो ऐसा करने से बचें। दोपहर के खाने के बाद कॉफी, चाय, चॉकलेट और सिगरेट का सेवन न करें। सोने के पहले फोन आदि का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। दोपहर में 30 मिनट से अधिक की नींद नहीं लेनी चाहिए। दोपहर की नींद के दौरान टीवी ऑन करके न सोएं।

# 6 महीने से ज्यादा समय तक आटे को स्टोर करके रख सकते हैं



अधिकतर लोग प्लास्टिक के डिब्बे या बोरे में आटे को स्टोर करते हैं। लेकिन यह लंबे समय तक आटा स्टोर करने के लिए सही नहीं है। इस तरह से आटे को रखने पर उसमें नमी आ जाती है। साथ ही यह जल्दी खराब होने लगता है। आटे को लंबे समय तक एल्यूमीनियम या स्टील के कंटेनर में स्टोर करना चाहिए। आटे को स्टोर करने से पहले इसको थोड़ी देर के लिए धूप जरूर दिखानी चाहिए। आटे से कीड़ों को दूर रखने के लिए नमक बेहतरीन काम करता है। आटे की मात्रा के अनुसार उसमें 1 या 2 चम्मच नमक मिलाकर इसको कंटेनर में स्टोर करना चाहिए। इससे स्टोर किया हुआ आटा महीनों फ्रेश रहता है। हर घर के डाइट में एक टाइम रोटी खाना तो फिक्स ही रहता है। हालांकि हर दूसरे दिन मार्केट से आटा खरीदना मुश्किल होता है। इसलिए अधिकतर लोग आटे को स्टोर करके रखते हैं। जिससे कि रोज-रोज आटा न खरीदना पड़े। लेकिन आटे में कीड़े लगने के कारण लोग इसको लंबे समय तक स्टोर नहीं कर पाते हैं। लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आसान सी ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। जिनके जरिए आप 6 महीने से ज्यादा समय तक आटे को स्टोर करके रख सकते हैं। साथ ही आप लंबे समय तक आटे को फ्रेश भी रख सकते हैं।

### आटे में मिलाएं नमक

आटे से कीड़ों को दूर रखने के लिए नमक बेहतरीन काम करता है। आटे की मात्रा के अनुसार उसमें 1 या 2 चम्मच नमक मिलाकर इसको कंटेनर में स्टोर करना चाहिए। इससे स्टोर किया हुआ आटा महीनों फ्रेश रहता है।

### तेज पत्ता

अगर आप आटे को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए उसमें नमक नहीं मिलाना चाहते हैं तो इसकी जगह पर आप तेज पत्तों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसा कि आप सभी को पता है कि तेज पत्तों की स्मेल काफी स्ट्रांग होती है। जिसके कारण आटे में कीड़े नहीं पड़ते हैं। जिस भी कंटेनर में आप आटे को स्टोर कर रहे हैं, उसमें 5-6 तेज पत्ते डालकर रख दीजिए। इससे आपका



आटा लंबे समय तक फ्रेश बना रहेगा। फ्रिज में करें स्टोरफ्रिज में आटे को लंबे समय तक स्टोर नहीं किया जा सकता है। लेकिन फिर भी आप आटे को कीड़े से बचाने व फ्रेश रखने के लिए फ्रीज का उपयोग कर सकती हैं। फ्रिज में आटे को एक एयर टाइट प्लास्टिक बैग में करके रखें। इस बात का ध्यान रखें कि उसमें नमी न पहुंचे। क्योंकि नमी पहुंचने पर यह खराब हो सकता है। अगर आप भी बल्क में आटा खरीदते हैं तो इसकी क्वालिटी और एक्सपायरी डेट देखना न भूलें। क्योंकि ज्यादा पुराना आटा लंबे समय तक स्टोर नहीं किया जा सकता है। ज्यादा पुराने आटे में जल्दी कीड़े लगने लगते हैं। आटे के पैकेट को एक महीने से ज्यादा पुराना नहीं खरीदना चाहिए।

### दलिया के लड्डू की रेसिपी काफी आसान है

दलिया का नाम सुनते ही कई लोगों का मुंह बन जाता है। क्योंकि हमें ऐसा लगता है कि दलिया सिर्फ बीमार लोगों के खाने की चीज है। लेकिन दलिया हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। क्योंकि दलिया में मैग्नीशियम, पोटैशियम, आयरन, जिंक, फाइबर फास्फोरस, थायमिन, फोलेट और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। दलिया को कई तरह से बनाया जाता है। कुछ लोग दलिया को मीठा बनाते हैं तो वहीं कुछ लोग दलिया में सब्जी और दाल आदि डालकर बनाते हैं।


अगर आपको भी दलिया की ये रिसिपीज बोरिंग लगने लगी हैं तो आप कुछ नया ट्राई कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दलिया लड्डू बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं। दलिया के लड्डू की रेसिपी काफी आसान है और आप इसे आसानी से घर पर बना सकती हैं।

सामग्री दलिया - 2 कप दूध - 3 कप घी- 4 बड़े चम्मच बादाम- 6 (बारीक कटे हुए) काजू- 7 (बारीक कटे हुए) चीनी - 1 कप

बनाने का तरीका

सबसे पहले दलिया को बाउल में निकाल लें और इसको धोकर साफ कर लें। फिर गैस पर पैन चढ़ाएं और गर्म होने पर पैन पर घी डालें। घी डालने के बाद पैन में दलिया डालें और इसको लगातार चलाकर अच्छे से भून लें। दलिया जब भूनते-भूनते हल्की ब्राउन हो जाए तो इसमें दूध डालकर ढक दें और करीब 15 मिनट के लिए पकाएं दूध सूखने के बाद इसमें चीनी या गुड़ का बुरादा डालकर पकाएं। दलिया को अच्छे से पकाने के बाद इस मिश्रण को ठंडा होने के लिए रख दें। फिर इसका छोटा-छोटा लड्डू बना लें। इस तरह से टेस्टी और हेल्दी दलिया के लड्डुओं को आप परिवार के अन्य सदस्यों को सर्व कर सकती हैं।

# महिलाओं को पीरियड्स बदलावों की वजह से कुछ दिक्कतें भी उठानी पड़ती हैं



पीरियड्स के शुरू होने और इसके खत्म होने के बाद दोनों ही स्थिति में महिलाओं के शरीर में कई हार्मोनल चेंजेस होते हैं। महिलाओं को इन बदलावों की वजह से कुछ दिक्कतें भी उठानी पड़ती हैं। वहीं अगर बात मेनोपॉज की यानि की उस स्थिति की करें, जब पीरियड्स बंद हो जाते हैं। ऐसे अमूमन 45 से 50 वर्ष के आसपास की महिलाओं में होता है। महिलाओं को मेनोपॉज से पहले पेरिमेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। मेनोपॉज वो स्थिति होती है जब महिलाओं में ओवुलेशन बंद हो जाता है। इसके बाद महिलाएं प्रेग्नेंट नहीं हो सकती हैं। पेरिमेनोपॉज यानी की मेनोपॉज से पहले पीरियड्स में अनियमितता देखने को मिलती है। शरीर में इस दौरान और भी कई लक्षण नजर आते हैं। यह लक्षण इस बात की ओर इशारा करते हैं कि मेनोपॉज का समय करीब है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस दौरान किसी भी महिला के शरीर में किस तरह के लक्षण दिखाई देते हैं।

### लक्षण

हॉट फ्लैशेज यानी की पूरे शरीर में गर्माहट महसूस होना

वजाइन में सूखापन

जोड़ों में दर्द होना

नींद ना आना

वजन में बदलाव होना

सिर में दर्द होना

पीरियड्स का अनियमित होना

### लक्षणों से निजात

कई बार यह लक्षण इतने ज्यादा दिखने लगते हैं कि महिलाओं को रोजमर्रा के कामों में मुश्किलें पैदा होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी पेरिमेनोपॉज यानी की मेनोपॉज से पहले के समय से गुजर रही हैं। साथ ही आपको भी शरीर में ऐसे लक्षण नजर आ रहे हैं तो एक छोटे से



काम को करके आप इन लक्षणों से काफी हद तक निजात पा सकती हैं। इसके लिए आपको अपनी डाइट में छोटा सा बदलाव करना होगा। इस दौरान आप गेंहू के आटे की जगह सोया के आटे की रोटी खाना शुरू कर दें। इससे आपको इन लक्षणों में राहत मिलेगी।

### सोया आटा

अब आपके मन में यह सवाल भी आ रहा होगा कि आखिर सोया आटे की रोटी ही क्यों खानी है। तो बता दें कि इस बारे में डाइटीशियन मनप्रीत ने जानकारी देते हुए बताया कि सोया आटे में आइसोफ्लेवोन्स की मात्रा अधिक पाई जाती है। पेरिमेनोपॉज के लक्षणों जैसे हॉट फ्लैशेज और वजाइन में सूखेपन से निजात दिलाते हैं।

सोया रोटी सामग्री

सोया आटा- 1 कप (70 प्रतिशत)

पानी- 1 कप

देसी घी- 1 चम्मच

गेंहू का आटा- 1/2 कप (30 प्रतिशत)

नमक- स्वादानुसान

### ऐसे बनाएं

सबसे पहले पैन में पानी डालकर इसको उबाल लें और फिर इसमें नमक और गी डालें इसके बाद उबलते हुए पानी में सोया के आटे को डालकर अच्छे से चलाएं। फिर ढक्कन से ढक दें। गैस बंद करने के बाद इसको 10 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब इस मिश्रण को बाहर निकाल कर उसमें गेंहू का आटा मिक्स कर अच्छे से गूंथ लें। फिर इसकी रोटी बनाकर तैयार कर लें।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिकवाली का दबाव, बिटकॉइन में मामूली तेजी, एथेरियम में गिरावट



**नई दिल्ली (हि.स.)।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गुरुवार को बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन समेत सिर्फ 3 आभासी मुद्राएं मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। एथेरियम समेत 7 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में हैं।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 67,881.25 डॉलर यानी 56.53 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 1.97 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,740.99 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य क्रिप्टो करेंसीज में से टेथर 0.05 प्रतिशत और यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीएनबी 0.91 प्रतिशत, सोलाना 1.77 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.67 प्रतिशत, डॉगकॉइन 3.61 प्रतिशत, टॉनकॉइन 0.22 प्रतिशत और कार्डानो 2.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.53 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 210.69 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट आई है। इस अवधि में कुल 8,211 करोड़ डॉलर यानी 6.84 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 9.21 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.63 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 52.93 प्रतिशत हो गई है।

## आरबीआई का 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी रहने का अनुमान

**मुंबई (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारुपन दिखाया है। रिजर्व बैंक ने अपनी इस रिपोर्ट में अप्रैल 2023 से मार्च 2024 की अवधि के लिए केंद्रीय बैंक के कामकाज को शामिल किया गया है।

रिजर्व बैंक ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.0 फीसदी में जोखिम दोनों तरफ समान रूप से संतुलित होंगे। ताजा रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त 2023-24 में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 7.6 फीसदी हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 7.0 फीसदी थी। ये लगातार तीसरे वित्त वर्ष में सात फीसदी या उससे अधिक रही है।

# थमी नहीं शेयर बाजार में गिरावट

## लगातार पांचवें दिन लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी

### निवेशकों को 1 दिन में हुआ 3.88 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली (हि.स.)।** चौतरफा बिकवाली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार रिकवरी करता हुआ नजर आया। थोड़ी ही देर बाद मुनाफावसूली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत और निफ्टी 0.95 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान बैंकिंग को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। आज सबसे अधिक गिरावट कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल और आईटी सेक्टर के शेयरों में देखी गई। इसी तरह एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल और हेल्थ केयर सेक्टर में भी 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.33 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 411.21 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 415.09 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.88 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,917 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,208 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,601 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 108 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,266 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 509 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,757 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर बढ़त के साथ और 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 6 शेयर हरे निशान में और 44 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 137.02 अंक फिसल कर 74,365.88 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण ये सूचकांक रिकवर करके 74,493.55 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में लगातार गिरावट आती गई।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2024: तंबाकू मुक्त भविष्य के लिए पहल

**कानपुर।** तम्बाकू का उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जो मौखिक गुहा, फेफड़े, जिगर, पेट, आंत, अंडाशय और कुछ प्रकार के ल्यूकेमिया सहित कई प्रकार के कैंसर का कारण बनता है। चौंकाने वाली बात यह है कि तंबाकू विश्व स्तर पर सभी कैंसर से होने वाली मौतों में से 25% के लिए जिम्मेदार है, जिससे प्रति वर्ष अनुमानित 2.5 मिलियन मौतें होती हैं। विशेष रूप से, केवल धूम्रपान ही सभी फेफड़े के कैंसर से होने वाली मौतों में से लगभग 85% के लिए जिम्मेदार है, जो वैश्विक स्तर पर तंबाकू के उपयोग को कम करने के लिए एकजुट प्रयासों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस (डब्ल्यूएनटीडी) हर साल 31 मई को विश्व स्तर पर मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तंबाकू के उपयोग के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और खपत को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की वकालत करना है। 2024 में, डब्ल्यूएनटीडी का विषय तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की रक्षा होगा, जिसका उद्देश्य युवाओं को हानिकारक तंबाकू उत्पादों और भ्रामक विज्ञापन प्रथाओं से बचाने के लिए मजबूत नियम लागू करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों को जुटाना है।

हालांकि वैश्विक तंबाकू उपयोग में 2000 में 1.36 बिलियन से लगभग 1.25 बिलियन 15 और उससे अधिक आयु के उपयोगकर्ताओं तक की गिरावट देखी गई है, यह कमी अपेक्षाकृत कम है। चिंताजनक रूप से, भारत में हर साल एक मिलियन से अधिक वयस्क तंबाकू के उपयोग के कारण मर जाते हैं, जो कुल मौतों का 9.5त्न है। भारत धूम्रपान और बिना धूम्रपान वाले तंबाकू के रूप में तंबाकू के उपयोग के दोहरे बोझ का सामना कर रहा है, जिसमें धूम्रपान तंबाकू के उपयोग की व्यापकता 10.38% और बिना धूम्रपान तंबाकू के उपयोग की व्यापकता 21.38त्न है। ये आंकड़े तंबाकू की खपत और इसके संबंधित स्वास्थ्य जोखिमों को संबोधित करने के लिए व्यापक उपायों की तत्काल आवश्यकता को उजागर करते हैं।

तंबाकू उद्योग द्वारा भ्रामक विज्ञापन प्रथाओं ने भी समस्या को बढ़ा दिया है, कमजोर युवाओं को लक्षित किया है और भ्रामक विपणन अभियानों के माध्यम से तंबाकू के उपयोग को ग्लैमरस बनाया है। सोशल मीडिया प्रभावितों और ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से तंबाकू उत्पादों का निरंतर प्रचार किशोरों में धूम्रपान के व्यवहार को सामान्य बना रहा है, जिससे युवा आबादी के बीच तंबाकू के प्रयोग और लत की दर में वृद्धि हो रही है।

रेजेंसी हेल्थ के वरिष्ठ सलाहकार सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. जितिन यादव ने जोर देकर कहा, युवाओं में तंबाकू का उपयोग खतरनाक रूप से उच्च है, जिससे उन्हें सीधे तौर पर कैंसर के बढ़ते जोखिम का सामना करना पड़ता है। यह उन लोगों की संख्या को कम करने के प्रयासों को कमजोर करता है जो कैंसर विकसित करते हैं और इससे मर जाते हैं। हमें अगली पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों और भ्रामक ऑनलाइन विज्ञापनों से बचाने और ग्राहक आधार को नवीनीकृत करने के उद्देश्य से उद्योग की आक्रामक रणनीति का मुकाबला करने का कर्तव्य है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2024 पर, विश्व भर के व्यक्तियों से युवाओं के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट होने का आग्रह किया गया है। इसमें मजबूत नियमों की वकालत करना, तंबाकू नियंत्रण पहलों को बढ़ावा देना और तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना शामिल है। साथ मिलकर, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए तंबाकू के नुकसान से मुक्त भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।

# जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने जियो फाइनेंस ऐप किया लॉन्च

**नई दिल्ली (हि.स.)।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने गुरुवार को जियो फाइनेंस ऐप को लॉन्च किया है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के बीटा वर्जन इस ऐप पर उपभोक्ता को डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई लेनदेन, बिल पेमेंट और इंश्योरेंस एडवाइजरी जैसी सर्विसेज मिलेंगी।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य वित्तीय सेवाओं को अधिक पारदर्शी, किफायती और सहज बनाना है। इसमें लोन, निवेश, बीमा, भुगतान और लेन-देन जैसी व्यापक पेशकशों के साथ हर वर्ग के लोगों के लिए एक ही मंच पर वित्त से संबंधित हर चीज शामिल है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह ऐप डिजिटल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेन-देन, बिल पेमेंट, बीमा सलाह जैसी सर्विस सहजता से उपलब्ध होगी। इसके साथ ही उपयोगकर्ता को सहज तरीके से विभिन्न खातों और बचत को देखने की सुविधा भी होगी। इसके अलावा इसके जरिए म्यूचुअल फंड पर लोन लेने की सुविधा भी मिलेगी।

कंपनी ने कहा कि इस पहल का मकसद हर वर्ग के लोगों के लिए एक ही मंच पर वित्त से संबंधित उत्पादों को उपलब्ध कराना और वित्तीय सेवाओं को अधिक पारदर्शी, किफायती और सहज बनाना है। यह पायलट आधार पर शुरू किया गया है। इसके तहत इसमें सुधार के लिए उपयोगकर्ता से सुझाव लिये जाएंगे। इसकी मुख्य विशेषताओं में 'जियो पेमेंट्स बैंक अकाउंट' सुविधा के साथ तत्काल डिजिटल खाता खोलना और सुव्यवस्थित बैंक प्रबंधन शामिल हैं।

# फोनपे पर अब लोन की भी सुविधा

PhonePe

**नई दिल्ली।** फोनपे ने आज अपने प्लेटफॉर्म पर लोन देने की सुविधाओं का विस्तार किया है। यह विस्तार छह मुख्य कैटेगरी - बाइक लोन, कार लोन, होम लोन, गोल्ड लोन, एजुकेशन लोन और म्यूचुअल फंड लोन में किया गया है। फोनपे ने भरोसेमंद बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और फिनटेक कंपनियों के नेटवर्क के साथ साझेदारी की है। 535+ मिलियन से अधिक रजिस्टर्ड यूज़र के साथ, फोनपे का लक्ष्य सुरक्षित लोन कैटेगरी में यूज़र को बिना किसी रुकावट के बेहतरीन अनुभव देना है। फोनपे ने कई प्रमुख लोन कंपनियों जैसे टाटा कैपिटल, एलएंडटी फाइनेंस, हीरो फिनकॉर्प, मूथूट फिनकॉर्प, डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस, होम फर्स्ट फाइनेंस, रुपी, वोल्ट मनी, ग्रेडराइट आदि के साथ साझेदारी की है। आने वाले हफ्तों में और भी ऋणदाता जोड़े जाएँगे। प्लेटफॉर्म पर इस समय 15 एक्टिव पार्टनर हैं, और अगली तिमाही तक इसे 25 तक बढ़ाने का लक्ष्य है। यूज़र अपने फोनपे ऐप पर मौजूदा 'लोन' सेक्शन के अंतर्गत लोन की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, अपनी इच्छा के अनुसार लोन कैटेगरी चुन सकते हैं, और फिर भिन्न लोन कंपनियों की सूची में से किसी लोन कंपनी को चुन सकते हैं। लॉन्च पर बोलते हुए, फोनपे लेंडिंग के सीईओ , हेमंत गाला ने कहा, ÷हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने कुछ बड़े बैंकों और हक्क्त्रष्ट के साथ मिलकर कई तरह के कैटेगरी में लोन

## स्काईस्कैनर ने सेविंग्स जनरेटर टूल लॉन्च किया, जिससे भारतीय यात्री अपनी गर्मी की यात्रा पर काफी बचत कर सकेंगे

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ट्रैवल मार्केटप्लेस, स्काईस्कैनर ने आज अपनी लेटेस्ट रिसर्च के परिणाम जारी किए, जिसमें सामने आया कि भारत में किफायत पसंद करने वाले यात्री गर्मियों में घूमने की तैयारी कर रहे हैं, और बेहतरीन डील्स तलाश रहे हैं। उन्हें बचत करने में मदद करने के लिए स्काईस्कैनर ने सेविंग्स जनरेटर लॉन्च किया है। यह एक मनी-सेविंग टूल है, जो भारतीय यात्रियों को गर्मियों की यात्रा पर बड़ी बचत करने में समर्थ बनाएगा।

वनपोल के साथ गठबंधन में स्काईस्कैनर की लेटेस्ट रिसर्च के डेटा से प्रदर्शित होता है कि 78 प्रतिशत भारतीय यात्री इन गर्मियों में घूमना चाहते हैं, लेकिन उनमें से 39 प्रतिशत द्वारा अभी बुकिंग की जानी बाकी है। साथ ही अभी तक बुकिंग न करने के सबसे बड़े कारणों में तारीखों (51 प्रतिशत) और स्थान (50 प्रतिशत) का निर्णय न हो पाना है। यह साफ है कि भारतीय यात्री सबसे अच्छा सौदा पाना चाहते हैं, और 47 प्रतिशत सबसे अच्छी डील तलाश रहे हैं, वहीं 20 प्रतिशत लास्ट-मिनट ऑफर का इंतजार कर रहे हैं।

इसके अलावा पूरे विश्व में #loudbudgeting के ट्रेंड के साथ 59 प्रतिशत भारतीय यात्री इस साल अपने समर गेटवे के बजट पर ज्यादा खुलकर बात कर रहे हैं। इन रूझानों को ध्यान में रखते हुए स्काईस्कैनर का सेविंग्स जनरेटर यात्रियों को हवाई जहाज की उड़ानों पर बचत करने और यात्रा के लिए सबसे अच्छे ऑफर प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

स्काईस्कैनर के डेटा एक्सपर्ट्स ने हजारों डेटा प्वाइंट्स एकत्रित किए हैं ताकि यात्रियों को सह समझने में मदद मिले कि वो इस साल और ज्यादा पैसे कैसे बचा सकते हैं। सेविंग्स जनरेटर यात्रियों को औसत मासिक मूल्य प्रदर्शित करता है और कुछ सबसे लोकप्रिय स्थानों की बुकिंग के सबसे अच्छे समय का अनुमान प्रदान करता है, साथ ही उन्हें इससे भी सस्ते स्थानों का सुझाव देता है।

## भीषण गर्मी में सलाहकार मुख्यमंत्री श्री अवनीश अवस्थी द्वारा प्याऊ सेवा का शुभारम्भ

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी में राहगीरों व नागरिकों को राहत देने के लिए उम्मीद संस्था द्वारा लखनऊ नगर निगम, लखनऊ विकास



प्राधिकरण व वीफा डेवेलपर्स के सहयोग से प्याऊ सेवा का शुभारम्भ यू. पी. दर्शन पार्क, गोमती नगर, लखनऊ से किया गया 7 इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री अवनीश अवस्थी ने इस प्याऊ का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस गर्मी में ज्येष्ट माह के बड़े मंगल के अवसर पर जगह-जगह भंडारे चल रहे हैं इन सब के बीच भीषण गर्मी में लोगों को जल की सबसे बड़ी समस्याएं होती है उम्मीद संस्था की यह पहल काफी सराहनीय है और जनता से अपील भी है कि भंडारे के अवसर पर कूड़े कचरे को ना फैलाएं नगर निगम लगातार आपकी सेवा में उपलब्ध रहता है उसका भी सहयोग करें इस अवसर पर नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम,इन्द्रजीत सिंह, वीफा डेवेलपर्स से श्री विपिन, जे. जे. बेकर्स से श्री अरविंदर सिंह कोहली, श्री रामकृष्ण व उम्मीद संस्था के पदाधिकारियों में श्री बलबीर सिंह मान, आराधना सिंह सिकरवार, हरप्रीत सिंह अरोरा आदि उपस्थित रहे पानी के साथ इस सेवा में गुड़ व बिस्कुट का वितरण भी किया जायगा 7 लखनऊ में इस सेवा को अन्य छः चौराहों पर विस्तारित किया जायेगा।

# रियलमी ने अपने आगामी एआई फ्लैगशिप किलर, रियलमी जीटी6 का टीज़र जारी किया

**नई दिल्ली।** भारत में सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने लंबे इंतजार के बाद हाल ही में अपनी जीटी सीरीज़ में लेटेस्ट स्मार्टफोन लॉन्च किया था। जीटी सीरीज़ में पिछला स्मार्टफोन दो साल पहले लॉन्च करने के बाद रियलमी द्वारा यह वापसी हाई-एंड मार्केट सेगमेंट पर उनका रणनीतिक फोकस प्रदर्शित करती है। रियलमी के फाउंडर एवं सीईओ, स्काई ली ऑल-न्यू जीटी 6 सीरीज़ के साथ हाई-एंड मार्केट में अपना महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ने के लिए दृढ़निश्चित हैं। फ्लैगशिप उत्पादों में उत्कृष्टता हासिल करने के दृढ़ निश्चय के साथ रियलमी का उद्देश्य युवाओं की जरूरतों को समझते हुए हर पहलू में उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर उत्पाद पेश करना है। जीटी 6 सीरीज़ इनोवेशन और क्वालिटी के प्रति रियलमी की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करेगी और स्मार्टफोन उद्योग में एक



अत्यधिक प्रतिष्ठित सीरीज़ बन जाएगी। महत्वाकांक्षा के साथ जीटी की वापसी हाई-एंड स्मार्टफोन बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बारे में बताते हुए रियलमी के फाउंडर और सीईओ, स्काई ली ने कहा कि रियलमी निडर भावना से इस बाजार में प्रवेश कर रहा है और अपनी परफॉर्मेंस की मौजूदा शक्ति के साथ एआई क्षेत्र में आधुनिकता लाने का लक्ष्य बना रहा है। यह रणनीतिक कदम रियलमी नंबर सीरीज़ की सफलता को आगे बढ़ाएगा और विभिन्न तरह के यूज़र्स को सेवा देने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करेगा।

**रियलमी एआई पॉपुलाईज़र होगा**

रियलमी एआई को स्मार्टफोन का भविष्य मानता है, जो संपूर्ण टेक परिदृश्य में परिवर्तन ला देगा। एआईजीसी के युग की शुरुआत बाजार के विस्तार की एक नई लहर शुरू करेगी, और एआई इनेबल्ड स्मार्टफोन वृद्धि के एक नए चरण में पहुँचेंगे। ग्लोबल मैग्ज़ीन से अपनी बातचीत के दौरान स्काई ली ने कहा ''इस उद्योग में प्रतिस्पर्धा केवल हार्डवेयर की बजाय हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और संपूर्ण टेक्नोलॉजिकल क्षमता की हो जाएगी। एआई सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा वाली विशेषता बन रहा है, एआई इमेजिंग, वॉईस और इंटरैक्शन भविष्य में एआई के विकास के तीन प्रमुख ट्रेंड होंगे।'' रियलमी स्मार्टफोंस के लिए मानव-केंद्रित एआई के नए दृष्टिकोण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उनका ''नैक्स्ट एआई'' दृष्टिकोण केवल एआई फीचर के इंटीग्रेशन से बढ़कर है। इसमें तीन क्षेत्रोंः इमेजिंग, एफिशियंसी, और पर्सनलाईज़ेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। रियलमी यूज़र इंटरफेस में इनोवेटिव विकास के साथ ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण पर काम कर रहा है, ताकि एआई फीचर्स युवा ग्राहकों के लिए ज्यादा आसान और यूज़र-फ्रेंडली हो सकें। रियल-वर्ल्ड की एप्लीकेशंस और इंटैलिजेंट एलगोरिद्म के मिश्रण तथा इन्ट्यूटिव यूआई डिज़ाईन पर बल देकर रियलमी यूज़र्स को सुगमता से एआई की शक्ति का अनुभव और स्वामित्व लेने में समर्थ बना रहा है।

# ट्रूकॉलर के एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन के पार पहुँची

**लखनऊः** पूरी दुनिया में अनजान नंबरों से आने वाले कॉल को वेरीफाई करने और अनचाहे संचार को रोकने के लिए सबसे बड़े




प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज बड़े गर्व के साथ अपने मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या के 400 मिलियन तक पहुँचने की घोषणा की है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में ट्रूकॉलर का दायरा बड़ी तेज़ी से बढ़ रहा है और इस साल 31 मार्च से अब तक इसके यूजर्स की संख्या में 10.1 मिलियन की बढ़ोतरी हुई है।

इसके बारे में बात करते हुए ट्रूकॉलर के सह-संस्थापक एवं सीईओ, एलन ममेदी, कहते हैं, ÷हमारे मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन तक पहुँच गई है और यकीनन यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। लेकिन हम इस बात को भी अच्छी तरह समझते हैं कि, ट्रूकॉलर जैसे समाधान अब पहले से कहीं ज़्यादा आवश्यक हो गए हैं। बदकिस्मती से आम लोगों के साथ-साथ व्यवसायों के लिए भी अनचाहे संचार, स्पैम और धोखाधड़ी की समस्या बढ़ रही है। नई-नई टेक्नोलॉजी के साथ-साथ धोखेबाज़ों के लिए लोगों को झांसा देकर पैसे कमाने के बढ़ते अवसर की वजह से यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। इसलिए हमने अपने ऐप को लगातार विकसित करना और नए फंक्शंस को शामिल करना जारी रखा है, ताकि हम अपने यूजर्स को फ़ोन कॉल या स्क्ब्स से पहले, उसके दौरान और उसके बाद सुरक्षा प्रदान कर सकें।÷ साल 2024 की पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार, ट्रूकॉलर उनके मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या औसतन 383.4 मिलियन दर्ज की गई थी, जबकि तिमाही के अंत में मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 389.9 मिलियन हो गई थी।

# भारतीय प्रौद्योगिकी शिक्षा में क्रांति लाने के लिए क्लासप्लस ने पोलारिस स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी लांच किया

**नई दिल्ली बेंगलूरू।** भारत में प्रौद्योगिकी शिक्षा में क्रांति लाने के लिए डिजाइन किए गए ऐतिहासिक बीटेक प्रोग्राम पोलारिस स्कूल ऑफ टेक्नोलाजी (पीएसटी) में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित है। क्लासप्लस के संस्थापक मुकुल रुस्तागी और भासवत अग्रवाल द्वारा स्थापित पीएसटी का लक्ष्य एक समग्र एवं अनूठे चार वर्षीय बीटेक प्रोग्राम के जरिए अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी पेशेवर तैयार करना है।

पोलारिस स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी विद्यार्थियों को कक्षा में सीखने और उद्योग में व्यवहारिक अनुभव के अनूठे मिश्रण की पेशकश कर रहा है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे गतिशील प्रौद्योगिकी उद्योग में कदम रखने के लिए पूरी तरह से तैयार हों। कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में विशेषज्ञता के साथ इस प्रोग्राम को प्रौद्योगिकी शिक्षा में उच्चतम मानकों को पूरा करने के लिहाज़ से डिजाइन किया गया है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र में गहरा अनुभव रखने वाले मुकुल रुस्तागी और भासवत अग्रवाल ने उद्योग की जरूरतों और पारंपरिक बीटेक प्रोग्राम के नए स्नातकों की नौकरी की तैयारियों के बीच मौजूद अंतर को पाटने के लिए पीएसटी लांच किया है। क्लासप्लस और पोलारिस स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के सह संस्थापक मुकुल रुस्तागी ने कहा, ÷पोलारिस में हम प्रौद्योगिकी नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सख्त अकादमिक सीख के साथ वास्तविक दुनिया के अनुभव को मिलाने का हमारा अनूठा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि हमारे स्नातक ना केवल कुशल हों, बल्कि उद्योग के लिए पूरी तरह से तैयार हों। हमारा मानना है कि पीएसटी भारत




और विश्व में प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए एक नया मानक तैयार करेगा।÷

पीएसटी में यह प्रोग्राम एक वर्क-इंटीग्रेटेड डिग्री मॉडल पर आधारित है जिसमें लाइव कोडिंग के 5,000 घंटों पर ध्यान दिया जाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि विद्यार्थी पहले दिन से ही व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करें। विद्यार्थियों को दूसरे साल से ही इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा जिससे उन्हें उद्योग में व्यवहारिक अनुभव मिलेगा। पीएसटी के शिक्षकों में आईआईटी से पढ़े अव्वल छात्र, प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज, सीटीओ और संस्थापक शामिल हैं जो विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

कक्षा से परे, संस्थान के भीतर ही इनक्यूबेटर पोलारिस टेक कंबिनेटर के जरिए विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की भावना पैदा करने का भी पीएसटी का लक्ष्य है जहां विद्यार्थी अपने टेक स्टार्टअप्स लांच कर सकते हैं और 10,000 डॉलर तक की सीड फंडिंग जुटा सकते हैं। इसके अलावा, विद्यार्थी अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों के सीटीओ के मार्गदर्शन में हैकॉथन और लाइव प्रोजेक्ट में हिस्सा ले सकते हैं और समान विचार वाले प्रौद्योगिकी पेशेवरों से जुड़ने के लिए वेब3, जेनएआई एवं अन्य प्रौद्योगिकी समुदायों में शामिल हो सकते हैं।

भारत के प्रौद्योगिकी केंद्र बेंगलूरू में स्थित पीएसटी विद्यार्थियों को अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों तक आसान पहुंच के साथ एक तल्लीनता भरे कैंपस का अनुभव लेने की पेशकश करता है। यह कॉरपोरेट कैंपस पेशेवर विकास के लिए एक अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराएगा जो अमेरिका स्थित मास्टर्स प्रोग्राम से प्रेरित है और जहां नेटवर्किंग, पाठ्यक्रम के केंद्र में है।

कुशीनगर में रक्षामंत्री ने विपक्ष पर जमकर किया प्रहार

# भाजपा सत्ता में आएगी तो एक राष्ट्र एक चुनाव व्यवस्था लागू करेगी

अवधनामा ब्यूरो



- मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा
- पाकिस्तान अपना वजूद बचाने के लिए दर दर भटक रहा

**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव के अन्तिम चरण में चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन गुरुवार को केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जूनियर हाईस्कूल रामकोला के खेल मैदान में कुशीनगर लोकसभा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित कर चुनावी माहौल गर्मा गए।

भीषड़ गर्मी में जनसभा आए उत्साहित लोगों को अपने से जोड़ते हुए कहा कि कितना अच्छा होता कि पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक-साथ सम्पन्न हो जाता। भारतीय जनता पार्टी अगले पांच वर्षो में वन नेशन वन इलेक्शन व्यवस्था लागू कर देगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि विगत दस वर्षो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले विदेशों में जब भारत के नेता बोलते थे तब कोई ध्यान नहीं देता था। लेकिन आज का भारत जब अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो सारी दुनिया कान लगाकर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है।यह बदलते भारत की नई तस्वीर है। श्री सिंह ने कहा कि जो काम पिछली कोई सरकारें नहीं की वो नरेन्द्र मोदी ने मात्र 10 वर्षो में कर दिया। पाकिस्तानी सांसद फजलुर्रहमान ने पाकिस्तानी संसद में स्वीकार कर लिया है कि भारत विश्व गुरु बन रहा है और पाकिस्तान अपनी बर्बादियों को बचाने के दर दर हांथ फैला रहा है। लेकिन समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को यह समझ में नहीं आ रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के मामले में 2014 से पहले भारत विश्व में 11 वें स्थान पर था मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बना है। आज विश्व के बड़े बड़े अर्थशास्त्री कह रहे हैं कि आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है।

राजनाथ सिंह ने दावा किया कि 2027 तक अमेरिका और चीन के बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा तथा 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा। और 2070 भारत दुनिया के सबसे अमीर देश बन जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि पहले पूरे देश में जगह जगह आए दिन आतंकी हमले हुआ करते थे। लेकिन अब आतंकी हमले लगभग समाप्त हो गए हैं। क्योंकि अब दुश्मन देश भी समझ गया है कि आज का भारत कमजोर नहीं है। अब भारत सीमा पर पलटवार भी करता है और जरुरत पड़ने पर सीमा पार भी वार करने से नहीं झिझकता है। कहा कि मुस्लिम आरक्षण पूरी तरह असंवैधानिक है भारत का संविधान धर्म आधारित आरक्षण की इजाजत नहीं देता है। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अलावा कोई देश की प्रगति नहीं कर सकता। केवल भारतीय जनता पार्टी ही देश का भला कर सकती है। इसलिए कमल को वोट देकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें। जनसभा को राज्यसभा सांसद आर पी एन सिंह, प्रत्याशी विजय कुमार दुबे, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय सहित तमाम नेताओं ने संबोधित किया।

# फतवा: हिंदुओं के दुकानों से सामान खरीदने व खेतों पर पानी देने पर लगी रोक

अवधनामा संवाददाता



- मामला पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के जाफरपुर महावां गांव का
- जमीनी विवाद के बाद गांव में बढ़ा तनाव

**कौशाम्बी।** एक छोटे से जमीनी विवाद के बाद गांव की मस्जिदों से जारी हुए फतवे ने गांव के सांप्रदायिक सौहार्द को तार तार कर दिया स्थिति यह हो गई कि गांव को लोगों को हिंदू दुकानदारों से सामान खरीदने के साथ खेतों में पानी देने से तक रोक दिया गया। जिसके चलते किसने की फैसले भी खराब हो रही है। यही नहीं गांव के हिंदू समाज के लोगों ने इस बात का भी डर जाहिर किया है कि उनके खिलाफ कभी भी कोई बड़ा हमला हो सकता है जिससे उनके समुदाय को नुकसान पहुंच सकता है।

मामला पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के जाफरपुर महवा गांव का बताया जा रहा है। स्थिति गांव की यह है कि गांव के हिंदू और मुस्लिम बिरादरी एक दूसरे से बात करने पर कतरा रहे मामले की जानकारी देते हुए गांव के महेश कुमार, विष्णु गुप्ता, छोटेलाल, राजेश लोधी और शिवचंद बताया कि गांव कल कर मस्जिद हैं और गांव में हिंदू और मुस्लिम की आबादी बराबर बराबर है एक मंदिर के पास की जमीन को लेकर विवाद भी हुआ था जिसमें प्रशासन ने निर्माण पर रोक लगा दिया था इसी के बाद गांव के दूसरे समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में बैठक कर एक फतवा जारी कर दिया जिसके बाद से गांव में हिंदू दुकानदारों की दुकान से खरीदारी रोक दी गई यही नहीं गांव में चार सरकारी नलकूप है गांव में प्रधान अल्पसंख्यक समुदाय का होने के चलते अब इन सरकारी नलकूपों के साथ गांव के प्राइवेट नलकूपों से भी हिंदू समुदाय के लोगों को पानी देना बंद कर दिया गया है। जिसके चलते किसानों की फैसले खराब हो रही हैं इस मौके पर बात करते हुए गांव के किस राजेश लोधी ने बताया कि जब वह अपने पास के नलकूप से पानी देने गए थे तो उन्हें नलकूप चालक मालिक ने बताया कि यदि मैं आपको पानी दे दूंगा तो मेरे बिरादरी के लोग मुझे धर्म से बाहर कर देंगे और 5000 का जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसलिए मैं पानी नहीं दे सकता। ऐसी ही गांव में दर्जनों कहानी तैर रही है जो गांव में धर्म विशेष के लोगों द्वारा हिंदुओं की प्रताड़ना की कहानी को बयां कर रही हैं। यही नहीं गांव की हिंदू समुदाय की महिलाओं ने भी अपने समुदाय पर कभी भी हमले और नुकसान की आशंका जाहिर करते हुए अपनी दर बयां कर रही थी। कुल मिलाकर गांव में इस सांप्रदायिक माहौल के चलते तनाव की स्थिति है।

इस मामले में जब दूसरे पक्ष से ग्राम प्रधान नसीर अहमद से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कि जब प्रशासन हमारी नहीं सुन रहा है तो यह है हमारा अधिकार है हम किसी के यहां से सामान खरीदे या ना खरीदें नलकूप हमारा है हम पानी दे या ना दें। कुल मिलाकर उन्होंने भी गांव में तनाव की बात कुछ स्वीकार किया। गांव में तनाव की स्थिति है।

## अनियंत्रित कार पलटी एक की मौत एक गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अमेठी गौरीगंज मार्ग पर गुरुवार को ताला के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में कार सवार एक युवक की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अमेठी गौरीगंज रोड स्थित ताला गांव के पास गुरुवार को गौरीगंज से अमेठी की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसा होते देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुँचे खुद रेस्क्यू कर गंभीर रूप से घायल दो युवकों को गाड़ी से बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुँचाया। जहाँ इलाज के दौरान 20 वर्षीय आयुष पाल पुत्र आदित्य पाल निवासी टिकरिया थाना गौरीगंज को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय प्रादुमय सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी बाबूपुर थाना गौरीगंज को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया है।

## कलश यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु



**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के सेमरा गांव में शुक्रवार से शुरू हो रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा को लेकर गुरुवार को महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। धम्मौर स्थित प्राचीन महेशनाथ मंदिर से पवित्र जल लेकर सैकड़ों महिलाऐं यज्ञ मंडप स्थल पर पहुंची जहां विधि विधान पूर्वक कलश स्थापित किया गया। शुक्रवार से शुरू हो रही भागवत कथा के पूर्व गांव की सैकड़ों महिलाओं ने पीत वस्त्र धारण कर भव्य कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से सरूवांवा सनहा परतोष होते हुए धम्मौर बाजार के रास्ते धरमैतेपुर गांव स्थित प्राचीन महेशनाथ मंदिर पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर पुनः कार्यक्रम स्थल सेमरा गांव पहुंची। कथा व्यास पं गंगा सागर तिवारी ने वैदिक विधि पूर्वक कलश पूजन कराया। इस अवसर पर मुख्य यजमान बाबूलाल त्रिपाठी रामराज त्रिपाठी अवधेश तिवारी राजू दूबे अश्विनी शुक्ल पप्पू सिंह कामता मणि त्रिपाठी राममणि त्रिपाठी श्याम मणि त्रिपाठी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## डीएम ने गो आश्रय का किया आकस्मिक निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को विकासखंड जगदीशपुर अंतर्गत अस्थाई गो आश्रय स्थल लोशनपुर बगाही का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों को हरा चारा पशु आहार आदि दिए जाने के संबंध में जानकारी ली तथा जिन गोवंशो की ईयर टैगिंग अभी तक नहीं हुई है उनकी ईयर टैगिंग कराने एवं बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल करने के निर्देश दिए साथ ही गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त शेड/छांव तथा पीने हेतु स्वच्छ पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कमजोर गोवशों पर विशेष ध्यान देने एवं गौशाला में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश केयरटेकर को दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने जनपद की समस्त गौशालाओं में गोवंशों हेतु हरे चारे की व्यवस्था शेड छांव की व्यवस्था पशु आहार पीने हेतु स्वच्छ पानी तथा जहां पर टीनशेड है उसके ऊपर पराली आदि डलवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रशिक्षण देकर कराया गया मॉकड्रिल



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अग्निशमन सेवा द्वारा गुरुवार को अवध हॉस्पिटल अमेठी आशीर्वाद नर्सिंग होम अमेठी आयुष्मान हॉस्पिटल मुशीगज निखिल हास्पिटल मुशीगज एवं वी-मार्ट अमेठी के कर्मचारीगण को अग्नि सुरक्षा व ग्रीष्मकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए एवं तापमान में हुई वृद्धि के संबंध में जागरूक किया गया एवं आग लगने के कारण व आग बुझाने के तरीकों के संबंध में जानकारी दी गयी तथा अग्निशमन उपकरणों के रखरखाव व उपयोग के संबंध में अग्निशमन अधिकारी अमेठी शिवदरस प्रसाद द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं मॉक ड्रिल कराया गया। सभी कर्मचारियों को फायर एक्सटिंग्यूशर चलाने अग्नि बुझाने आग से बचाव एवं अग्निशमन उपकरणों को चलाने पलायन मार्ग को बाधामुक्त रखने का निर्देश दिया साथ ही लू के प्रकोप एवं गर्म हवा से बचाव हेतु सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

## जनहित के कार्यों के बल पर हम जीतेंगे चुनाव: शशांक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** फाजिलनगर के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने लोगों से समर्थन मांगा और देवरिया लोकसभा के विकास को लेकर अपने रणनीति को साझा करते हुए बताया कि उनका सपना है कि नारायणी नदी पर एक जलमार्ग बने जिससे व्यापार के क्षेत्र में विकास हो, फूड प्रोसेसिंग पार्क बने जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो, देवरिया शहर को व्यवस्थित रूप से विस्तारित किया जाय। भ्रमण के दौरान उनके साथ भाजपा नेता नरेंद्र मिश्रा पप्पू, अंकित सिंह, राहुल मणि, विजय यादव, तेजबहादुर पाल, राहुल कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अखिलेश ने चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन किया रोड शो



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** इण्डिया गठबंधन से लोकसभा देवरिया के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह आज चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन रोड शो किया जो खुखुन्दू से प्रारम्भ होकर सोनूघाट, सिविल लाइंस, मालवीय रोड,रामपुर कारखाना, कंचनपुर, पथरदेवा, फाजिलनगर, हेतिमपुर, भटनी दादान, महुआडीह, बाल्टीकरा, पाण्डेय चक, बैतालपुर, गौरीबाजार, खरोह होते हुए वापस देवरिया चंडिका छात्रावास पर समाप्त हुआ तत्पश्चात भारी भीड़ के साथ शहर में पैदल यात्रा जलकल रोड, न्यू कॉलोनी, मोतीलाल रोड, सब्जी मंडी, नई बाजार, मोहन रोड, मालविया रोड होते हुए सुबास चौक पहुंचकर सुबास चंद्र बोस के मूर्ति पर माल्यार्पण कर एक सूक्ष्म संबोधन के साथ समाप्त हुआ यहां समर्थको को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पूरे चुनाव में सभी जाति, धर्म,संप्रदाय के लोगो द्वारा मिले अपार जनसमर्थन मिलने तथा यह चुनाव आमजनता ने स्वयं प्रत्याशी बनकर लड़ा है जिससे यह सिद्ध हो गया की यह चुनाव गठबन्धन भारी मतों से जीत रहा है अब सतर्कता के साथ बूथ पर तैनात रहकर अधिक से अधिक वोट पोल कराना हम सब की जिम्मेदारी है।

# कौशाम्बी के कसेन्दा गांव से हज पर निकले जफर अहमद दंपत्ति



अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** हमेशा चर्चा में रहने वाला गांव कसेन्दा इस बार अलग तरह की चर्चा में है गांव के ही जफर अहमद रोडबेज बस में कंडक्टर थे रिटायर होने के बाद इन्होनें पत्नी सहित हज पर जाने का फैसला किया।

जैसे ही इसकी खबर गांव को लगी गांव में एक हुजूम सा आ गया हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल बन गांव के सभी धर्म के लोग जफर अहमद व इनकी पत्नी इसरत जफर की विदाई में निकल पड़े मक्का मदीना मुस्लिमों का मरकज हमेशा से रहा ज्यारत करने के लिए सदियों से चल रही प्रथा की कड़ी में गुरुवार को पिपरी थाना क्षेत्र के ग्राम कसेन्दा निवासी जफर अहमद व इनकी पत्नी इसरत जफर मक्का मदीना की ज़्यारत करने के लिए निकले गांव के लोग फूल माला पहना कर इनके स्वागत व सम्मान में उमड़ पड़े वही कौशाम्बी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम की अगुवाई में भी दर्जनों लोगों ने हज की मुबारकबाद दी व फूल माला पहना कर जफर अहमद व इसरत जफर की बेहतरीन तरीके से विदाई की साथ ही गांव की खुशहाली तरक़्क़ी भाई चारे व मुल्क में अमन के लिए दुआ करने का निवेदन भी किया इस मौके पर कसेन्दा प्रधान सुखलाल यादव मो. साजिद जमशेद इब्राहिम इम्तेयाज अख्तर नरेंद्र यादव मैहर लाल सरवन यादव मजहर लाईक सैफ अजीम अशरफ कमर अमीर अहमद नफीस अहमद कमलेश कुमार मो खालिद लवकुश कुमार अमजद माजिद अली आरिफ अहमद सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

# आपका मत ही विश्व में भारत का मान बढ़ाएगा और विकसित राष्ट्र बनाएगा: रविंद्र कुशवाहा



अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी, देवरिया।** लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर से सांसद प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा आज सुबह भाटपार रानी नगर में जनसंपर्क किया भाजपा चुनाव कार्यालय से होते हुए दुर्गा मंदिर रोड स्टेशन रोड बेलपार ढाला मालवीय रोड रतसिया रोड आर्य चौक शिव मंदिर रोड बापू रोड सहित नगर के विभिन्न वार्डो में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क किया और राष्ट्र के विकास में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया उन्होंने विश्व में बढ़ती भारत की शक्ति के बारे में बताया कि आज हिंदुस्तान विश्व की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोजगार के क्षेत्र में रक्षा के क्षेत्र में विज्ञान के क्षेत्र में धरती से लेकर चांद तक भारत अपनी उपस्थित दर्ज कर रहा है जो की भारत के लिए गौरव की बात है आज का भारत सामने वाले से आंख मिलाकर बात करता है, आज भारत का मान पूरे विश्व में बड़ा है और यह आपकी मत की ताकत है नगर भ्रमण के दौरान स्थानीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा वरिष्ठ भाजपा नेता वएम एम पी जी कॉलेज के प्रबंधक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र कुशवाहा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जैसवाल सभासद राजेश गुप्ता व्यापार प्रकोष्ठ से जितेंद्र जायसवाल देवा मौर्य पवन कुमार राय संजय जयसवाल संतोष पटेल विशंभर पांडे शम्स परवेज सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीपशिखा ने गेट बायोटेक्नोलॉजी में 67वां रैंक प्राप्त कर भाटपाररानी क्षेत्र का नाम रोशन किया

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी देवरिया।** उपनगर के विंध्यवासिनी कॉलोनी वार्ड नंबर 5 के निवासी अरुण कुमार गुप्ता एलआईसी अभिकर्ता एवं डाक विभाग अभिकर्ता की पुत्री दीपशिखा ने गेट बायोटेक्नोलॉजी में ऑल इंडिया रैंक में 67 वा स्थान प्राप्त करके अपने माता-पिता एवं भाटपार रानी का नाम रोशन किया।

दीपशिखा की प्रारंभिक शिक्षा उपनगर के सेंट जोसेफ स्कूल से हाई स्कूल की परीक्षा प्रथम श्रेणी से इंटरमीडिएट की शिक्षा लखनऊ पब्लिक स्कूल लखनऊ से प्रथम श्रेणी से एवं बीएससी लाइफ साइंस से कालिंदी कॉलेज यूनिवर्सिटी आफ दिल्ली तथा एमएससी बायोटेक्नोलॉजी हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला से शिक्षा प्राप्त किया। दीपशिखा के इस उपलब्धि पर उनके पिता अरुण गुप्ता माता शारदा देवी दादा रमाशंकर गुप्ता दादी सुशीला देवी भाई अभिषेक गुप्ता आशीष गुप्ता बहन दिव्यांशी गुप्ता भाटपार रानी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार रामदरश गुप्ता अखिलेश गुप्ता पत्रकार प्रमोद गुप्ता पत्रकार असगर अली पत्रकार पवन कुमार गुप्ता पत्रकार चंदन कुमार गुप्ता पत्रकार संजय गुप्ता पत्रकार अशीष बरनवाल पत्रकार इरफान लारी पत्रकार मारकंडे गुप्ता समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता सुनील कुमार मद्धेशिया शहाबुद्दीन अंसारी जगदीश मद्धेशिया प्रेम मद्धेशिया धर्मेंद्र राय परमेश्वर पटवा रामानंद कुशवाहा डॉ अजीत चौहान राजेश वर्मा इंद्रभूषण श्रीवास्तव मुनीब शर्मा डॉक्टर कन्हैयालाल गुप्त किशन मोटिवेशनल स्पीकर उदय नारायण सिंह सम्यक आदि लोगों ने बधाई एवं दीपशिखा बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# तालाब में पानी भरवाने के नाम पर दोबारा सरकारी रकम निकालने की नई योजना तैयार

अवधनामा संवाददाता



- भीषण गर्मी के दृष्टिगत अमृत सरोवरों/तालाबों में पानी भरवानें के सीडीओ ने दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा कार्यालय कक्ष में भीषण गर्मी के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता नलकूप, अधिशासी अभियंता जल निगम एवं सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो तालाब पूर्व में भरवायें गये थे, तापमान ज्यादा बढ़ने से कुछ तालाब सूख गये हैं। उन तालाबों को पुनः भरवाते हुए अन्य नये तालाबों को भी पानी से भरवा दिया जाये, जिससे पशु-पक्षियों को इस भीषण गर्मी में परेशानी का सामना न करना पड़ें।तालाब में पानी भरवाने के नाम पर दोबारा सरकारी रकम निकालने की नई योजना तैयार होने लगी है जो की पहली बार तालाब में पानी भरवाने के नाम पर जिला अधिकारी ने निर्देश दिया था लेकिन जिलाधिकारी के निर्देश पर विभाग द्वारा तालाब में पानी नहीं भरा गया और सरकारी रकम खजाने से निकाल लिया और जिलाधिकारी को मीटिंग में बता दिया गया कि तालाब में पानी भर गया अब यह बताया कि गर्मी के चलते तालाब सूख गए हैं जबकि 90 प्रतिशत से अधिक तालाब में पानी नहीं भरवारा गया बिना पानी भरवाए सरकारी खजाने से रकम निकाल ली गई थी और जिलाधिकारी को गुमराह किया गया है अब फिर तालाब में पानी भरवाने के नाम पर दोबारा रकम निकालने की तैयारी शुरू है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी एवं सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सचिव, ग्राम पंचायतों से सर्वे करवाया जाय कि ग्राम पंचायतों के मुहल्लों में कितने हैण्डपम्प रिबोर कराने के योग्य हैं, खराब हैण्डपम्पों को तत्काल ठीक कराया जाय, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में परियोजनायें चालू हैं और पानी की आपूर्ति शुरू है, उससे अमृत सरोवरों एवं अन्य तालाबों में पाइप लगाकर पानी भरवा दिया जाय, इस कार्य का सत्यापन सचिव ग्राम पंचायतों से कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर सभी कार्यो को पूर्ण कराते हुए सूचना उपायुक्त (श्रम रोजगार) को उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई ने अवगत कराया कि किशुनपुर पम्प कैनाल 01 जून 2024 से संचालित हो जायेंगा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नहरों के आस-पास के तालाबों एवं गड्ढों को भरवा दिया जाय, जिससे पानी की वजह से किसी भी मवेशी या पक्षियों की मौत न हों।

## देश की जरूरतों को अवैध कमाई का जरिया बनाया कांग्रेस ने: पाठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने मतदान के दिन मतदान प्रतिशत कैसे बढ़े इसके लिए कार्यकर्ताओ के साथ चर्चा किया। इसके पूर्व कार्यकर्ताओ ने उनका बुके और अंग वस्त्र से स्वागत किया। चार दिन से देवरिया लोकसभा चुनाव के लिये पहुचे श्री पाठक की रणनीति से गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा में भारी भीड़ पहुची तो बूथों तक मतदाता सूची व मतदान पर्ची पहुचाने का काम पूरा हुआ वही प्रदेश उपाध्यक्ष ने लोकसभा के कई दर्जन प्रभावशाली लोगों के घर जाकर सम्पर्क किया और भाजपा को जिताने का भी आग्रह किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कार्यकर्ताओं से चर्चा में कहा कि इस चुनाव में विपक्ष पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। विपक्ष के पास न तो सांगठनिक ढांचा है न ही बूथों की संरचना।विपक्ष के पास केवल उपद्रवियों का गिरोह है जो हो हल्ला मचाता रहता है।मैं कह सकता हूँ कार्यकर्ताओं के मेहनत और काम के बलपर देवरिया लोकसभा भाजपा तीन लाख वोटों के अंतर से जितने जा रही है। कांग्रेस ने देश की जरूरतों को भी अपनी अवैध कमाई का जरिया बना दिया,वहीं मोदी देश को अत्याधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने में जुटे है। मतदान प्रतिशत बढ़े इसके लिये प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने कहा कि जो मतदाता पर्ची दी गयी है उसका घर-घर वितरण कल तक कराकर मतदान के दिन घर-घर सम्पर्क कर मतदान करने के लिये लोगों से कहे और बूथ तक ले जायें।

# फायर मॉक ड्रिल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सुल्तानपुर के 100 शय्या एमसीएच विंग परिसर में एक महत्वपूर्ण फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.एसके गोयल और डा.आरके यादव ने किया। कार्यक्रम में समस्त चिकित्सालय स्टाफ की भी सक्रिय भागीदारी रही।

मॉक ड्रिल का आयोजन चीफ फायर ऑफिसर और उनकी टीम द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य अस्पताल के स्टाफ को आग लगने की स्थिति में तत्परता से कार्य करने और मरीजों को सुरक्षित निकालने के लिए तैयार करना था। फायर मॉक ड्रिल की शुरुआत में चीफ फायर ऑफिसर ने आग से निपटने के विभिन्न तरीकों और उपकरणों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में सबसे पहले क्या करना चाहिए, कैसे अलार्म बजाना है, और किस तरह से आपातकालीन निकास का उपयोग करना है। इसके बाद एक सजीव मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें



अस्पताल स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया और आग से निपटने के विभिन्न तकनीकों का अभ्यास किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एसके गोयल ने इस अवसर पर कहा, ÷इस प्रकार की मॉक ड्रिल्स न केवल हमारे स्टाफ के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में उनके त्वरित और सही प्रतिक्रिया देने की क्षमता को भी सशक्त बनाती हैं। हम हमेशा अपने मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं और इस तरह की गतिविधियाँ हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती हैं। डा. आरके यादव ने भी इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए कहा, फायर सेफ्टी एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है, खासकर चिकित्सा संस्थानों में। आज की मॉक ड्रिल से हमें अपनी तैयारियों को परखने और सुधारने का अवसर मिला है। अस्पताल के कर्मचारियों और उपस्थित लोगों ने इस मॉक ड्रिल की सराहना की और इसे अत्यंत शिक्षाप्रद बताया। इस प्रकार के अभ्यासों से न केवल आग जैसी आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि वास्तविक स्थिति में अधिक सटीक और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में भी मदद मिलती है,इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सुल्तानपुर न केवल चिकित्सा सेवाओं में अग्रणी है, बल्कि सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन में भी अपनी उच्चतम मानकों का पालन कर रहा है।

## एक जून को अमहट में होगा आल इण्डिया महफिल का आयोजन

**सुल्तानपुर।** कर्बला गोराबारिक अमहट की तरफ से शनिवार को रात में 8 बजे एक आल इण्डिया महफिले मकासेदा शेरो शायरी का आयोजन जश्न-ए-सब्रो शुजाअत के नाम से कर्बला अमहट में किया गया है। जिसमें सबसे पहले महफिल की शुरूआत तलाबते कुरआन पाक से मौलाना अजादार हुसैन जौनपुर करेंगे। तकरीर मौलाना गजनफर अब्बास तूसी करेंगे।कार्यक्रम का संचालन डाक्टर अब्बास रजा नैयर जलालपुरी करेंगे।हिन्दुस्तान के प्रसिध्द शायर बेलाल काजमी, मारूफ सिरसवी,मीसम गोपालपुरी, हाशिम फिरोज आबादी, शबरोज कानपुरी, सुलतान सुरूर लखनवी, शमीम इलाहाबादी, बेताब हल्लोरी, फाजिल जरैलवी, चन्दन फैजाबादी, सुहैल बस्तवी आदि अपना कसीदा पेश करेंगे।

# अधिशासी अभियंता आतिश आनंद ने संभाला कार्यभार

- ओवरलोडिंग वाले ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा: एक्सईएन

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** दो दिन पूर्व शासन द्वारा अधिशासी अभियंता व एसडीओ, जेई को कार्य में लापरवाही बरतने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। शासन की कार्यवाही से बिजली विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। मंगलवार दोपहर को हेडक्कार्टर दक्षिणांचल से आए नवनियुक्त अधिशासी अभियंता आतिश आनंद ने कार्यभार संभालने के बाद एक्शन में दिखे। कुछ देर ऑफिस में कर्मचारियों के बिजली सप्लाई में सुधार के लिए बैठक की। आवास विकास कॉलोनी विद्युत केंद्र पर पहुंचे जहां उन्होंने 10 एमबीए के रखे ट्रांसफार्मर की ओवरलोडिंग को चेक किया। साथ ही सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि रोजाना की तरह सभी पावर वाले ट्रांसफार्मर को डेली चेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो दिन के अंदर विद्युत विभाग के सभी कर्मचारी व अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी फीडरो के क्षेत्र में रखे ट्रांसफार्मर के बारे में जानकारी ली जाएगी। जिस ट्रांसफार्मरो पर ओवरलोडिंग है, उन ट्रांसफार्मर को भी बदला जाएगा । साथ ही विभाग द्वारा अब नई बिजली केबिले भी डलवाई जा रही हैं ताकि रोजाना की तरह हो रहे फॉल्ट भी दूर हो सके। किसी भी हालात में बिजली चोरी को रोका जाएगा। जो भी बिजली चोरी करते पकड़ा जाता है। उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही कि जाएगी।

## दो चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने मूखबिर की सूचना पर दो चोरो को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी की एक बाइक, एक मोबाइल, दो चाकू बरामद किए है। जिन्हें पुलिस ने जेल भेजा है। थाना प्रभारी अनुज कुमार राणा के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान मूखबिर की सूचना पर दो चोर काशीराम कालौनी एटा रोड पर खड़े हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो घबराकर भागने लगे। तभी पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उनकी तलाशी लेने पर एक बाइक, एक मोबाइल, दो चाकू बरामद किया है। पकड़े गये चोरो ने अपने नाम सुशील उर्फ अमित पुत्र अतर सिंह दिवाकर निवासी नगला परमसुख थाना जैथरा जिला एटा, अनूप पुत्र जगदीश प्रसाद दिवाकर निवासी रुधू नगला बीच थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद बताया है। जिसे पुलिस ने दोनो चोरो को जेल भेजा है।

# एक युद्ध नशा के विरूद्ध

- नबाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ नोडल अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू मय पुलिस टीम द्वारा फिरोजाबाद शहर क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास नशीले पदार्थो की नाबालिग बच्चों/ छात्रों को बिक्री से रोकथाम हेतु 'एक युद्ध नशा के विरुद्ध' अभियान एवं जनपद में बालश्रम/ बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन की रोकथाम हेतु थाना क्षेत्र रसूलपुर, थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद क्षेत्रान्तर्गत बाल भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम उन्मूलन, मानव तस्करी, नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही थाना क्षेत्र में स्कूल/कॉलेज के पास दुकानों पर नशीले पदार्थो की चैकिंग की गई व पैंपलेट चस्पा करते हुए बाल श्रम उन्मूलन व बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन के सम्बंध में जागरुक किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत टीम द्वारा दुकानदारों/होटल ढाबा/फैक्टरी आदि के मालिकों को हिदायत दी गयी कि कोई भी बाल श्रमिक को कार्य पर न लगाये अथवा पकडे जाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# मतगणना के दिन सभी शान्ति व्यवस्था बनाएं रखें: डीएम

- अपने घरों में किसी बाहरी व्यक्ति को न ठहरने दें, रहेगी सघन चैकिंग
- कानून व्यवस्था बिगाड़ने पर होगी जेल



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** 4 जून को होने वाली मतगणना के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी जिसमें जिलाधिकारी ने निष्पक्ष मतगणना कराए जाने को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ाई से निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आग्रह व चेतावनी के साथ निर्देश दिए साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही। आगे सभी निर्देशित करते हुए कहा कि मण्डी समिति के आसपास रहने वालें लोग अपने घरो पर किसी बाहरी व्यक्ति को न ठहरने दें पुलिस सघन जांच रहेगी। यदि किसी ने भी कानून व्यवस्था बिगाडने की कोशिश की तो गुण्डा एक्ट व गैंगस्टार सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। जनपद में धारा 144 लागू है कहीं पर भी भीड एकत्रित नही होने पाए, अराजकता बर्दाश्त नही की जाएगी, ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। निष्पक्ष, पारदर्शी व्यवस्था व निर्वाचन आयोग के नियम-कानूनों का अक्षरशः पालन के साथ मतगणना कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध रहेगा।मण्डी समिति शिकोहाबाद में पुलिस व जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 04 जून को प्रातः 8 बजे से जनपद की पांचो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रारम्भ होगी। मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सभी प्रत्याषी व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना सम्बनधी सभी बारिकियों को बताते हुए सम्पूर्ण मतगणना प्रकिया की विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रत्याशियों से अपेक्षा की है कि अपने मतगणना एजेण्टो को कैंडिडेट हैण्डबुक मे दिए गए नियम व निर्देशों से भली-भांती अवगत करा दें कि वह अपने व्यवहार व आचरण को संयमित रखें। उन्होने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार का विजय जुलूस पूर्णतः प्रतिबन्धित है, इसके लिए सभी प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों को पहले से ही बताकर रखें। उन्होने सभी से कहा कि किसी भी तरह की अफ्वाह न फैलाए और न अफ्वाहो पर ध्यान दें। उन्होने स्पष्ट कहा कि सोशल मीडिया पर व अन्य किसी भी प्रकार से अफ्वाह फैलाने वालों पर सोशल मीडिया सेल मॉनिटरिग सिस्टम व खुफिया तंत्र से कडी निगरानी हो रही है और भ्रामक खबर व अफ्वाहे फैलाने वालो के विरूद्ध कठोर कायवाही की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा में दोहरा भुगतान करने वाला घोटालेबाज ग्राम प्रधान हुआ निलंबित, मचा हड़कंप




**कूरेभार,सुलतानपुर।** विकास खंड क्षेत्र कूरेभार की बनमई ग्राम पंचायत के विकास कार्यो में अनियमितता बरतने के आरोप में डीएम ने ग्राम प्रधान को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही पंचायत सचिव पर कार्रवाई का निर्देश भी दिया है। अंतिम जांच जिला प्रशिक्षण अधिकारी व एक्सईएन जलनिगम को सौंपी है। बनमई गांव निवासी ने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए शपथ पत्र के साथ डीएम से शिकायत की थी। डीएम ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उप कृषि निदेशक से जांच करवाई थी। जांच में पाया गया कि कई विकास कार्यो में प्रधान व पंचायत सचिव ने अनियमितता करते हुए वित्तीय चोट पहुंचाई है।संपर्क मार्ग के निर्माण में प्रधान व सचिव ने राज्य वित्त व मनरेगा, दोनों से मजदूरों का भुगतान कर दिया है।

### प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने तैयार किए अफगानी नस्ल के आम



**सुल्तानपुर।** अफगानिस्तानी नूरजहां नस्ल के आम की खुशबू और जायका अब जनपद के बल्दीराय तहसील क्षेत्र के नंदौली कस्बे में प्रगतिशील किसान जमील अहमद के बाग में मिलेगा,किसान जमील अहमद की माने तो नूरजहां नस्ल अफगानिस्तान से है वा-बास्ता है,इसकी लंबाई लगभग 1 फिट और एक आम का वजन 3.5 से 4.5 किलो का होता है,उन्होंने बताया की इसका बाजार भाव 12 सौ रुपए प्रति किलो है, प्रगतिशील किसान जमील अहमद ने बताया की भारत देश के कई राज्यों में इसकी खेती बढाने का प्रयास हो रहा है,क्योंकि नूरजहां दुर्लभ प्रजाति का है, इसकी देखभाल व रखरखाव में बहुत श्रम की जरूरत होती है,जमील अहमद ने बताया की नूरजहां नस्ल के अलावा भी हमने कई नस्लों के पौधे रोपे है,जिसमें फलों की शुरूआत हुई है, आने वाले समय में इसकी खेती किसानो के लिए लाभदायक होगी।

### अधिकारियों की टीम ने चित्तौरा व अनारकली झील का किया निरीक्षण



**बहराइच।** बहराइच दरगाह शरीफ पर आयोजित होने वाले वार्षिक जेठ मेले के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी तथा अधिशासी अभियन्ता, सरयू ड्रेनेज खण्ड प्रथम बहराइच द्वारा विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील एवं अनारकली झील का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायज़ा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सफाई कर्मियों द्वारा झीलों की साफ-सफाई की जा रही है। दर्शनार्थियों की सुरक्षा के मद्देनज़र मौके पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बैरीकेटिंग तथा जाल लगवा दिया जाय ताकि कोई भी व्यक्ति असुरक्षित न रहे। इस अवसर पर सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव तथा ब्लाक चित्तौरा सफाई कर्मी मौके पर मौजूद रहे।

# डीपीएस में बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ हुआ समर कैंप का समापन

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** दिल्ली पब्लिक स्कूल नौशहरा में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक एवं हास्य नाटक प्रस्तुति कर अपनी प्रस्तुति दी।

समापन समारोह का आयोजन डीपीएस स्कूल परिसर में किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में कमांडिंग ऑफिसर रंजन चक्रवर्ती, जेएस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव, निदेशिका डॉ. गीता यादव,प्रधानाचार्य जेरोमी थॉमस ने समन्वयक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर छात्र.छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें सबसे पहले छात्र.छात्राओं के द्वारा नृत्य एवं संगीत का समां बांधकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसके बाद छात्रों के द्वारा हास्य नाटक की प्रस्तुति ने लोगों को ठाहके लगाने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कई तरह के स्टॉल भी लगाए। कैंप में प्राप्त प्रशिक्षण की सुन्दर प्रदर्शनी लगाकर सभी का मन मोह लिया। कमांडिंग ऑफिसर ने कहा कि बच्चे समर कैंप में शामिल होकर अपनी मानसिक थकान को दूर करके पुनः उर्जावान बन सके। समरकैम्प की उपयोगिता को लेकर डीपीएस की निर्देशिका डा.गीता यादव ने कहा कि कैम्प का आयोजन सिर्फ मनोरंजन को ध्यान में रखकर नहीं किया गया,अपितु इसका उद्देश्य इस खाली समय में बच्चों को कुछ नया सीखने हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जेरोमी थॉमस ने समर कैम्प के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र.छात्राओं को इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## आगनबाड़ी केन्द्रों में 30 मई से 15 जून तक रहेगा ग्रीष्मकालीन अवकाश

**बहराइच।** तेज धूप एवं गर्मी के प्रकोप को देखते हुए जनपद के अन्तर्गत संचालित समस्त आगनबाडी केन्द्रों में 30 मई 15 जून 2024 ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 03 से 06 वर्ष के बच्चें आते है। बच्चों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाये जाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केन्द्रों में 30 मई से 15 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। डीएम ने बताया कि अवकाश अवधि में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को वजन, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार सामुदायिक गतिविधियों, वीएचएसएनडी सत्र, आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच, संदर्भन के साथ-साथ ड्राई राशन (टीएचआर) का वितरण तथा अन्य शासकीय एवं विभागीय कार्य नियमित रूप से सम्पादित किये जायेंगे।

# मतगणना के लिए आयोग द्वारा नामित किये गये तीन प्रेक्षक

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक नामित कर दिये गये हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 284-मटेरा व 286-बहराइच के लिए आई.ए.एस. अधिकारी अनिल राज राय को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईज़निंग आफिसर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी का मोबाइल नम्बर 9717279623 है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.) व 283-नानपारा हेतु आई.ए.एस. अधिकारी अमनदीप बंसल को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईज़निंग आफिसर जिला प्राबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह का मोबाइल नम्बर 8318473750 है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 285-महसी तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 कैसरगंज (आंशिक) अन्तर्गत 287-पयागपुर व 288-कैसरगंज के लिए एस.सी.एस. अधिकारी सुश्री रूपश्री के. को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईज़निंग आफिसर सहायक अभियन्ता, उ.प्र. लघु उद्योग निर्माण निगम लिमिटेड चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी का मोबाइल नम्बर 9450531248 व सिंचाई निर्माण मण्डल, कल्पीपारा बहराइच श्रीमती विजय लक्ष्मी अम्बेडकर का मोबाइल नम्बर 9305381719 है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** रामपुर थाना क्षेत्र के सिरौली गांव में 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। मृतका के भाई ने दहेज के लिए रस्सी से गला कसकर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नामजद चार लोगों को गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक जनपद जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार निवासी रामचंद्र साहू ने अपनी 22 वर्षीय बेटी सीमा की शादी 2 वर्ष पूर्व रामपुर थाना क्षेत्र के सिरौली गांव में राजकुमार गुप्ता के पुत्र अमित गुप्ता से किया था। सीमा का पति रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहता है। जिसके कारण सीमा भी बीते 6 माह से अपने मायके में रहती थी। एक हफ्ता पूर्व अपने ससुराल सिरौली आई थी। मृतका सीमा का पति भी रोजी-रोटी कमाकर बुधवार को घर आया, बुधवार की रात ही संदिग्ध परिस्थितियों में सीमा की मौत हो गई। परिजनों की माना जाए तो वह बीमार थी उसे दवा के लिए ले जा रहे थे कि उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मृतका के भाई संदीप साहू नेअपनी बहन की स्थिति को देखा तो उसके गले में निशान पड़ा हुआ था।

# नगर क्षेत्र में पर्दे के पीछे भूमाफियाओं द्वारा कराये जा रहे निर्माण को वैध माने, या अवैध

- नगर क्षेत्र में बेखौफ भूमाफियाओं द्वारा कराये जा रहे पर्दे के पीछे के निर्माण को आखिर जनता क्या माने, जिला प्रशासन व भूमाफियाओं का गठजोड़, या प्रशासन की लापरवाही

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** प्रदेश में जहां एक तरफ प्रदेश सरकार के मुखिया गोरक्षा पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ महाराज लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश के अधिकतर जनपदो में बाबा बुलडोजर की तारीफ करते नहीं थक रहे थे, वही दूसरी तरफ जनपद सुल्तानपुर का जिला प्रशासन की सरपरस्ती मे जिले के भूमाफियाओ बेखौफ न सिर्फ नगर क्षेत्र में शासन के आरबीओ एक्ट को धता बताकर सिर्फ नजराने के दम पर बिना नखूशा बड़े-बड़े भवन व कांप्लेक्स निर्माण ही नही करवा रहे हैं।बल्कि नगर के बेशकीमती जमीनों का करोडो में सौदा कर रहे है। जिले तैनात लेखपाल, कानूनगो, नियति प्राधिकारी जेई, एसडीएम सदर, अपर जिलाधिकारी राजस्व व भूमाफियाओ के आपसी गठजोड़ के भ्रष्टाचार के चलते कराह रहा जिला चीख-चीखकर अपनी दुर्दशा बयाँ कर रहा है। वैसे अगर देखा जाय, तो राजस्व विभाग का यह कारनामा आज जिले के लिए नया नहीं है, बल्कि यह परंपरा लगभग एक दशक पूर्व से चलती चली आ रही हैं। फर्क सिर्फ इतना है, कि जहाँ जिले मै तैनात पूर्व के राजस्व अधिकारी व उनके अधिनस्थ कर्मचारी भूमाफियाओ से नजराना लेकर उन्हें अवैध निर्माण की खुली छूट देते थे। किन्तु वर्तमान जिले मे तैनात राजस्व अधिकारियो व उनके अधिनस्थ कर्मचारियों द्वारा नजराना लेने के बाद निर्माण से पूर्व जिले के भूमाफियाओ के हाथ में जिला प्रशासन/राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जारी वह आदेश थमा दिया जाता है।जिसमे यह लिखा गया है, कि जबतक नगर के भूमाफियाओ द्वारा पूर्ण रूप से भवन व कांपलेक्स का अवैध निर्माण पूरा नहीं कर लिया जाता, तबतक नगर के सम्मानित/ माननीय भूमाफिया फ्रंट पर या तो पर्दा लगवाकर अवैध निर्माण करवाए, या फिर फ्रंट की दीवार को तबतक न तोडे, जबतक कि अंदर होने वाला अवैध निर्माण पूरा न करवा लिया जाय। ताकि होने वाले अवैध निर्माण पर किसी भी उच्चाधिकारी की निगाह न पड़ सके।

नगर के अमहट चौराहे से गभडिया पुलिस चौकी तक, मालगोदाम से डीएम तिराहे तक, डाकखाना पीपल वाली गली मे, नेशनल टाकीज रोड, चौक घंटाघर, पंचरास्ता, विनोवापुरी सहित दर्जनों जगह इसी प्रकार से अवैध निर्माण किए जा रहे हैं।

# जैन मंदिर में दस दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर शुरू



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन पद्मावती पुरवाल पंचायती मंदिर के सभागार में संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद एवं निर्यापक संत मुनिपुंगव सुधा सागर महाराज की मंगल प्रेरणा से स्थापित दिगंबर जैन श्रवण संस्कृति संस्थान, जयपुर के तत्वाधान में वहां से पधारे विद्वानों द्वारा दस दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर का प्रारंभ हुआ। इस दौरान धार्मिक शिक्षण शिविर के शुभारंभ ओमप्रकाश जैन, महेश चंद्र जैन उड़ेसर वाले, चित्र अनावरण कर्ता चंद्र प्रकाश जैन, दीप प्रज्वलनकर्ता मनोज प्रकाश जैन ने किया। इस अवसर पर पंचायत समिति के महामंत्री पांडेय जयन्त कुमार जैन ने बताया कि 30 मई से 8 जून तक प्रतिदिन धार्मिक शिक्षण शिविर लगेगा। जिसमें प्रातः 7.30 बजे से 9 बजे के मध्य छहढाला का वाचन एवं मध्यान्ह काल में 3 से 4 बजे के मध्य तत्वार्थ सूत्र की कक्षाएं रहेंगी। सायं काल 7 बजे से मंगल आरती एवं इष्टोपदेश ग्रंथ का वाचन होगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर भाग लेने की अपील की है। इस अवसर पर मुकेश चंद्र जैन, भीषम, प्रवीण जैन, बबली, प्रशांत जैन, अनिल जैन जैण्डिल, गौरव जैन, सुधीर जैन, प्रमोद जैन आदि के अलावा सैकड़ो की संख्या में जैन समाज के महिला-पुरूष एवं बच्चें मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड में स्क्रूटनी के लिए आए 29,555 आवेदन

- सबसे अधिक 12,206 आवेदक प्रयागराज में, सबसे कम 2596 बरेली में

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद में स्क्रूटनी के लिए 29,555 आवेदन आए हैं। आवेदन आने के बाद यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों में स्क्रूटनी की प्रक्रिया चल रही है। जून में इसे पूरी करने की तैयारी है। उसके बाद परिणाम जारी कर दिया जाएगा और फिर संशोधित अंक पत्र वितरित किया जाएगा। यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटर का परिणाम 20 अप्रैल को जारी कर दिया था। इस बार बोर्ड ने परिणाम जारी करने में रिकॉर्ड बनाया था। बोर्ड ने 12-12 दिनों में परीक्षा और मूल्यांकन का काम कराया था। उसके बाद 19 दिन तक लगातार काम करते हुए परिणाम जारी कर दिया था। परिणाम जारी करने के साथ ही स्क्रूटनी के लिए ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर दिए लिंक के जरिये लिए गए। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 55,25,342 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। इसमें से हाईस्कूल की परीक्षा में 27,49,364 और इंटर में 24,52,830 विद्यार्थी शामिल हुए थे। परिणाम आने के बाद कई विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल होने के बावजूद अनुपस्थित करने, विषय बदलने, कम अंक मिलने आदि की शिकायतें कीं। इसके आवेदन 14 मई तक लिए गए थे। अब उन्हीं आवेदनों के आधार पर स्क्रूटनी चल रही है। प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय में कुल 12,206 आवेदन आए हैं। इसमें हाईस्कूल के 2065 और इंटरमीडिएट के 10,141 हैं। इसके बाद वाराणसी में कुल 5,939 आवेदन आए हैं। इसमें से हाईस्कूल के 927 और इंटर के 5012 आवेदन हैं। मेरठ में कुल 5363 आवेदनों में से हाईस्कूल के 828 और इंटर के 4535 आवेदन हैं। गोरखपुर में आए 3451 आवेदनों में से हाईस्कूल के 468 और इंटर के 2983 आवेदन हैं। सबसे कम बरेली क्षेत्रीय कार्यालय में 2596 आवेदन आए हैं। उसमें से हाईस्कूल के 460 और इंटर के 2136 आवेदन हैं।

## जिला बचत विभाग कनिष्ठ सहायक की अनूठी पहल

**फिरोजाबाद/अवधनामा संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई सोच के साथ अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए कार्यालय जिला बचत विभाग कनिष्ठ सहायक सुशीला त्रिवेदी ने सेवानिवृत होने से एक दिन पहले सामाजिक संस्था जनआधार कल्याण समिति सचिव को 100 पौधे दान किए जिन्हें, प्लांटेशन की योजना बनाते हुए शीघ्र ही सुरक्षित स्थान पर लगाए जाएंगे जो सेवानिवृत होने वाले अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रेरणा प्रद है। उपनिदेशक बचत आगरा मंडल आगरा प्रभात मिश्र ने बताया कि पेड़ लगाना सिर्फ सजावट नहीं होती है बल्कि यह गर्मी के विरुद्ध एक आंदोलन का काम करती है। वृक्ष गर्मी के खिलाफ हमारी पहली पंक्ति के योद्धा है। हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर एक सुरक्षित भविष्य के निर्माण के लिए अग्रसर होना चाहिए। आज हम जो पौधा लगाते हैं ठंडे मौसम की गारंटी होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रवीन कुमार शर्मा, समाज सेविका एवं सेल्स मैनेजर आदित्य कैपिटल जिम्मी गुप्ता, आकाश कुमार सिंह, आलोक कुमार व फरहान उपस्थित रहे।

# मतगणना में लगे कार्मिकों एवं पर्यवेक्षकों को दिया गया विस्तृत प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना के दृष्टिगत जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय के निर्देशन एवं प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में मतगणना कार्य हेतु नियुक्त किये गये कार्मिकों एवं मतगणना, संकलन में लगे पर्यवेक्षकों को विस्तृत प्रशिक्षण डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार हमीरपुर में आयोजित किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतपत्रों की मतगणना हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर से लगाये गये 152 मतगणना कार्मिकों तथा मतगणना सुपर वाइजर, मतगणना माइको आब्जर्वर, मतगणना सहायक एवं मतगणना चतुर्थ सहायक व मतगणना डाक मतपत्र में लगे 56 कार्मिकों तथा मतगणना पर्यवेक्षक (डाक मतपत्र), मतगणना माइको आब्जर्वर (डाक मतपत्र), मतगणना सहायक प्रथम, मतगणना सहायक द्वितीय एवं मतगणना संकलन में लगे 06 पर्यवेक्षकों का प्रथम प्रशिक्षण दिनांक 30.05.2024 को ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम सभागार में प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक मतगणना एवं ई0बी0एम0 का विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से 05:00 बजे तक मतगणना सहायक (डाक मतपत्र) के कार्मिकों को कन्ट्रोल रूम में मतपत्रों की गिनती हेतु विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें सभी को अवगत कराया गया कि स्ट्रांग रूम से मशीन, काउंटिंग टेबल पर आने पर सर्वप्रथम मतगणना अभिकर्ताओं को दिखाएंए कि यह मशीन उसी बूथ की है जिस पर मतदान हुआ है। कंट्रोल यूनिट की सभी सील को तोड़ने से पहले मतगणना अभिकर्ताओं को अवश्य दिखाएं, इसके उपरांत टोटल का बटन दबाकर मशीन के टोटल को मतपत्र लेखा 17 सी से मिलान करें तथा स्वयं संतुष्ट होने के बाद अभिकर्ताओं को भी दिखाएं। इसके उपरांत रिजल्ट सेक्शन में जाकर रिजल्ट का बटन दबाए तथा उम्मीदवार वार परिणाम 17 सी भाग 2 पर नोट करें एवं सभी उम्मीदवारों के मतों का टोटल करने के उपरांत इस टोटल को मतपत्र लेखा से मिलान करें। यदि कोई मशीन ऑन नहीं होती है अथवा मशीन से संबंधी कोई और समस्या होती है तो एआरओ को सूचित करते हुए आगामी कार्यवाही करें।

यह भी बताया गया कि काउंटिंग के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन,चार्जर, स्मार्ट वॉच, केलकुलेटर एवं अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ में लेकर नहीं आएंगे। मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दिनांक 03 जून 2024 को आयोजित किया जाएगा, इसमें प्रत्येक दशा में सभी मतगणना कार्मिक प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। मतगणना तिथि दिनांक 04 जून 2024 को प्रातः 6:00 बजे सभी मतगणना कार्मिक प्रत्येक दशा में मतगणना स्थल मंडी समिति पर उपस्थित होकर कार्मिक पंडाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

प्रशिक्षण के समय अपर जिलाधिकारी न्यायिक, डॉ0 नागेन्द्र नाथ यादव ने मतगणना कार्मिकों से कहा कि मतगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें सावधानी पूर्वक कार्य करें, किसी प्रकार की त्रुटि न होने पाए। सभी मतगणना कार्मिक प्रशिक्षण में मतगणना कार्य को भली भांति पूर्वक समझ ले। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा, जिला बेंसिक शिक्षाधिकारी आलोक कुमार सिंह, परियोजना निदेशक साधना दीक्षित, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अरविन्द्र कुमार सिंह सहित मतगणना कार्मिक उपस्थित रहे।

# हाई वे में टकराए ट्राला और ट्रैक्टर चालक हुआ घायल



अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर।** गुरुवार की सुबह पौने 10 बजे कस्बा सुमेरपुर के शिवानी पैलेस के पास हाई वे 34 में आमने सामने से आ रहे ट्रैक्टर और ट्राला आपस में टकरा गए, जिसमे ट्राला का चालक घायल हो गया और ट्रैक्टर का चालक सुरक्षित बच गया,घटना के बाद हाई वे में जाम लग गया, पुलिस की डेढ़ घंटे की भारी मशक्कत के बाद जाम खुल सका। हाइ वे में कस्बे के अंदर शिवानी पैलेस के समीप ट्राला हमीरपुर से मौदहा की ओर जा रहा था जबकि ट्रैकर हमीरपुर की ओर जा रहा था, ओवर टेक करते समय दोनो की भिड़ंत हो गई, तो ट्राला आड़ा तिरछा होकर रह गया आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे तो देखा ट्राला चालक श्याम गुरमीत 37 वर्ष निवासी लखीमपुर खीरी गंभीर रूप से घायल हो गया था पुलिस घटना के बाद हाई ने जाम लग जाने से वाहनों की लम्बी कतार लग गई, जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं हाइड्रा की मदद से ट्राला को सड़क से हटवाया गया तब कही यातायात सामान्य हो सका।

# मतदान कार्मिक एवं माइक्रो आब्जर्वर का किया गया रैण्डमाईजेशन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं विधान सभा दुद्धी उप निर्वाचन, 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु मा. सामान्य प्रेक्षक श्रीमती जी. जया लक्ष्मी की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का तृतीय एवं माइक्रो आब्वजर्वर के ड्यूटी का रैण्डमाईजेशन किया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार उपस्थित रहें। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के मतदान कार्मिकों एवं माइक्रो आब्जर्वर के ड्यूटी का रैंडमाईजेशन किया गया, लो.स.सा.नि.,2024 व विधान सभा दुद्धी, उप निर्वाचन के लिए 1667 पीठासीन अधिकारी, 1667 मतदान अधिकारी प्रथम, 1667 मतदान अधिकारी द्वितीय व 1667 मतदान अधिकारी तृतीय हैं, इसी प्रकार से विधान सभा दुद्धी उप निर्वाचन के लिए अतिरिक्त 398 मतदान अधिकारी द्वितीय व अतिरिक्त 398 मतदान अधिकारी तृतीय और 131 माइक्रो आब्जर्वर का रैण्डमाईजेशन किया गया।

# कस्बे मे फास्ट फूड के नाम पर परोसी जा रही बीमारियां, विभाग मौन

अवधनामा संवाददाता




**सुमेरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में रेस्टोरेंट से लेकर गली चौराहो व ग्रामीण क्षेत्रों मे सजी फास्ट फूड की दुकाने लोगो की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही है, खाने पीने के शौकीन बच्चे , छोटी बड़ी दुकानो व रेस्टोरेंट आदि मे चमक धमक के बीच बिक रहे घटिया खाद्य पदार्थो को खाकर बीमार पड़ रहे है जिसमे चाऊमीन , फ्राई राईस , फिंगर , बर्गर , मोमोज , रोल इत्यादि शामिल है, राम लीला मैदान, बड़ी पुलिया के पास, रेलवे फाटक, नेहा चौराहा, थोक इमिलिया वार्ड नं 2, बस स्टॉप, देवगांव चौराहा पशु बाजार, कमलेश तिराहा सहित कई स्थानों में यह खाद्य सामग्री बेची जा रही है, दुकान क्या बेंच रहे हैं इससे बच्चो की सेहत पर क्या विपरीत प्रभाव पड़ रहा है इसकी पड़ताल जॉच करने मे खाद्य विभाग बिल्कुल संजीदा नही दिखा रहा है, विभागीय अधिकारियों से सेटिंग करके दुकानदार बेखौफ होकर घटिया समान बेच रहे है देखने मे सुन्दर सामान की लोग भी परख नही कर पा रहे है और उसके सेवन से बच्चे डायरिया व पेट से सम्बंधित कई प्रकार की घातक बीमारियो का शिकार हो रहे है तेल , मसाला से लेकर सभी सामग्री की गुणवत्ता का स्तर काफी खराब है घटिया खाद्य सामग्री के साथ वेज व नान वेज को एक ही बर्तन मे बनाया जाता है एक ही स्टीमर मे पक रहे वेज मोमोज प्लेट भी घातक है, ठीक से सफाई नही की जाती है कस्बा मे लगभग 40 से 50 फस्ट फूड की रेडी व दुकाने है साफ सफाई का हाल खराब होने के साथ साथ घटिया समाग्री भी प्रयोग की जाती है अधिकांश ठेली रेडी मे नाबलिक लड़के काम करते नजर आते हैं, रेडी पटरी दुकानदार सड़क किनारे तिराहा चौराहा मे जहां वाहनों के गुजरने से धूल उड़ती है वही पर अपना ठेला लगा कर प्रदूषित समाग्री बेच रहे है इस प्रकार से सभी चाइना आइटम से न जाने कितनी बीमारियां पैर पसार रही है और खाद्य विभाग आंखे बंद किए हुए है कस्बा के कुछ समाज सेवियो ने बताया की इस प्रकार से अगर ऐसे दूषित खाद्य पदार्थ को नई जनरेशन खान पान करेगी तो आने वाले भविष्य में बीमारियो की भरमार हो जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भैंस चराने गई वृद्धा की लू से हुई मौत

**भरुआ सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में बुधवार को भैंस लेकर खेतों में गई वृद्धा की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। शाम को चरवाहों की सूचना पर मृतका के पुत्र मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर गांव लाये। गांव में ही वृद्धा का अंतिम संस्कार किया गया। टेढ़ा गांव निवासी रामस्वरूप कुशवाहा की पत्नी रामबाई 70 वर्ष बुधवार को भैंसों को लेकर खेतों में चराने गई थी। शाम को गांव लौट रहे चरवाहों ने वृद्धा को खेतों में पड़ा देखकर परिजनों को सूचित किया। सूचना पाकर मृतका के पुत्र बरदानी, देवकरन आदि मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर गांव लाये। मृतका के पुत्र देवकरन ने बताया कि मां की मौत लू लगने से हुई है। गुरुवार को गांव में अंतिम संस्कार किया गया। ग्राम प्रधान नोखेलाल आदि ने मृतका के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना प्रदान की। क्षेत्र में लू की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या तीन हो चुकी है।

### बारह दिन से लापता युवक का सुराग नहीं

**भरुआ सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम पंधरी से 12 दिन पूर्व लापता युवक का पुलिस गुमशुदगी दर्ज होने के बाद सुराग नहीं लगा सकी है। पंधरी गांव निवासी भैरम ने बताया कि उसका पुत्र कल्लू 24 वर्ष का 19 मई को घर से लापता हो गया था। जिसकी गुमशुदगी 27 मई को दर्ज कराई गई थी। पुलिस अभी तक इसका सुराग नहीं लगा सकी है। पिता ने बताया कि उसका पुत्र मूकबधीर है। वह बोल नहीं सकता है। आशंका है उसको कहीं बंधक बना लिया गया है।

### इनकमिंग मशीन फुंकने से दो घण्टे बाधित रही तीन फीडरों की आपूर्ति

**भरुआ सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** भीषण गर्मी में पावर हाउस भी ओवरलोड के चलते धड़ाम हो रहे हैं। सुबह कस्बे की विद्युत सबस्टेशन में इनकमिंग नंबर दो फुंक जाने से कस्बा सहित तीन फीडरों की आपूर्ति ठप हो गई। पारा 48 डिग्री के इर्द-गिर्द होने से जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं विद्युत उपकरण धड़ाम होने लगे हैं। वृहस्पतिवार को सुबह 10:00 बजे अत्यधिक लोड के चलते विद्युत सबस्टेशन में लगी इनकमिंग दो फुंक जाने से सुमेरपुर,धनपुरा, कैनाल फीडर की आपूर्ति ठप हो गई। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। वही हाईवे किनारे शिवानी पैलेस के समीप रखे ट्रांसफार्मर में खराबी आने से सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आपूर्ति ठप रही। इससे मुहल्ले के लोग गर्मी से बिलबिलाते रहे। पावर हाउस के अवर अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर को देर शाम तक बदल दिया जाएगा।

### मुकदमा दर्ज न होने पर पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

**भरुआ सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** रात में सोते समय मकान की कुंडी बाहर से बंद करके आग लगाने के मामले में जांच के बाद मुकदमा कायम न करने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर कार्रवाई न होने पर पूरे परिवार को जान का खतरा बताकर न्याय की गुहार लगाई है। पचखुरा बुजुर्ग निवासी राजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 26 मई की रात जब वह परिवार सहित घर के अंदर सो रहे थे। तभी गांव निवासी सत्यम सिंह एवं संतोष सिंह ने एक अज्ञात के साथ मिलकर मकान की कुंडी बाहर से बंद करके आग लगा दी थी। पड़ोसियों के ललकारने पर सभी मौके से भाग गए थे। पड़ोसियों ने आनन फानन आग बुझाकर पूरे परिवार की जान बचाई थी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया है कि उसने घटना की तहरीर पुलिस को सौंपी थी लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है। आरोपी खुलेआम पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी देते घूम रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

### ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की दबकर हुई मौत

**राठ (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गाँव में खेत की बखराई करके लौट रहे मजदूर की ट्रैक्टर से दबकर मौत हो गई। वही ट्रैक्टर में सवार मृतक का भाई घायल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गांव निवासी सुखनंदन उर्फ मन्नी ने बताया कि बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने बड़े भाई हरगोविंद राजपूत (50) पुत्र लक्ष्मण के साथ खेत की बखराई करके ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे। तभी घर के ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रैक्टर में दबकर उसके भाई की मौत हो गई और वह घायल हो गया। बताया कि उसके भाई के पास एक बीघा जमीन थी। खेती व मजदूरी कर वह अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक अपने पीछे चार भाई श्रीपत सहाय, सुखनंदन, खेत सिंह, पृथ्वीराज रोता बिलखता छोड़ गया है। पुत्र की मौत पर मां भागवती का रो रोकर बुरा हाल है।

### चोरों ने घर में घुसकर 80 हजार की नकदी व मोबाइल किया चोरी।

**राठ (हमीरपुर)/अवधानामा संवाददाता।** नगर के चरखारी रोड महावीरन मंदिर के पास बुधवार की रात चोरों ने घर में घुसकर पेंट की जेब से 80 हजार रुपए और मोबाइल फोन पार कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चरखारी रोड सिकंदरपुरा महावीरन मंदिर के पास रहने वाले बाबूलाल कुशवाहा पुत्र गंगाराम कुशवाहा ने बताया कि बुधवार की रात चोर छत पर चढ़कर मकान के अंदर घुस आए। चोर अलमारी के अंदर रखे पेंट की जेब से 80 हजार रुपए और मोबाइल फोन चोरी करके ले गए। सुबह जब वह जागे तो अलमारी से रुपए गायब थे। बताया कि मोहल्ले में एक दुकान पर शराब बिक रही है। 12 बजे रात तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# फोर्स कल होगी रवाना भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा मतदान

अवधनामा ब्यूरो

- 16 कम्पनी सिपीएमएफ एक प्लाटून,पीएसी एक कम्पनी, एक प्लाटून
- पुलिस इंस्पेक्टर एस आई 314 कांस्टेबल हेड कांस्टेबल 2948 होमगार्ड 2329
- चार कंपनी लाइन ऑर्डर के लिए पीएसी एक्स्ट्रा



**सोनभद्र।** आगामी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व दुद्धी उप चुनाव विधानसभा को लेकर पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर जिले में भारी भरकम पुलिस फोर्स मौजूद पोलिंग बूथ की बनी लिस्ट कल होंगे फोर्स रावना। एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के दिशा निर्देश क्रम में आगामी लोकसभा चुनाव दुद्धी उप चुनाव विधानसभा के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले में पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स बाहरी फोर्स पहुंच चुकी है जिसमें 16 कम्पनी सिपीएमएफ ,एक प्लाटून,पीएसी एक कम्पनी, एक प्लाटून वही पुलिस इंस्पेक्टर एस आई 314 कांस्टेबल हेड कांस्टेबल 2948 होमगार्ड 2329 वही श्री सिंह ने बताया कि चार कंपनी लाइन ऑर्डर के लिए पीएसी एक्स्ट्रा रखा गया है वही सभी फोर्स कल अपने-अपने पोलिंग बूथ व संवेदनशील चिन्हित पोलिंग बूथ के लिए रवाना हो जाएगी शांति व्यवस्था के बीच आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए मतदान प्रक्रिया सकुशल संपन्न करने का कार्य करेंगे बीच-बीच में निगरानी को लेकर कई टीम में अतिरिक्त लगाई गई है जो संवेदनशील अति संवेदनशील जगह चट्टी चौराहों पर भ्रमण करती रहेगी इसी के साथ जिले के इंटेलिजेंट टीम एल आई ओ टीम को भी सतर्क कर दिया गया है शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए आम जनमानस से अपील भी की गई है मतदान स्थल पर आम जनमानस सहित मतदाता वह अन्य व्यक्ति कोई भी मोबाइल लेकर अंदर प्रवेश न करें जिसको लेकर विशेष तौर पर दिशा निर्देशित कर दिया गया है मतदान स्थल पर केवल कर्मचारी के पास ही मोबाइल होगी अन्यथा मतदान करने वाले लोगों के पास मोबाइल ले जाने के लिए रोक लगाया गया है।

### महोबा डिपो की बस के पहिये जाम यात्री हुए परेशान

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के तपोभूमि पुल में हाईवे पर महोबा डिपो के बस के पहिए जाम हो गए।जिससे बस पुल पर ही खड़ी हो गई। काफी इंतजार के बाद पीछे आई दूसरी बस से सवारियों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। कस्बे के तपोभूमि के पास पुल पर कानपुर की ओर जा रही महोबा डिपो की बस पहिये अचानक जाम हो गए। जिससे यह अचानक बीच सड़क पर ही खड़ी हो गई। इसमें सवार यात्री चिलचिलाती गर्मी में बस से उतरकर सड़क पर खड़े हो गए। और काफी देर इंतजार के बाद पीछे से आई दूसरी बस में इन सवारियों का बैठाकर गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

### कार्मिकों को मतदान दिवस 01 जून को सवैतनिक अवकाश किया जाये प्रदान

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी /जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के निर्देशानुसार झारखण्ड राज्य 04 चरणों में 13 मई, .2024, 20मई,2024 25मई,2024, एवं 01 जून,2024 तथा 31 Cande4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन 20 मई, 2024 को होना है एवं बिहार राज्य में 19, 24, अप्रैल, 2024, 07मई, 2024, 13मई, 2024, 20मई,2024 एवं 25 मई, 2024 तथा 195- Agiaon स्ट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन 01 जून,.2024 को होना है। उन्होंने बताया कि झारखण/विहार राज्य के निवासी मतदाता जो उत्तर प्रदेश में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठान/ दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/ व्यवसाय में नियोजित हैं को मतदान दिवस 19, 26 अप्रैल, 2024 को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जनपद सोनमद्र के सभी निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/ दुकान, औद्योगिक उपक्रम एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया जाता है कि झारखण्ड/ बिहार राज्य निवासी प्रत्येक कामगार को जो उनके प्रतिष्ठान में कार्यरत है मतदान दिवस 01 जून,2024 को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाये।

# ईवीएम की निगरानी हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाये सुनिश्चित

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम निर्गत किया गया है, जिसके के तहत 01 जून,2024 को मतदान तथा 04 जून,2024 को मतगणना होना निर्धारित है, मतदान के लिए ई0वी0एम0 मशीनें राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज, लोढ़ी सोनभद्र में बने स्ट्रांगरूमों में सुरक्षित रखी गयी है। ई0वी0एम0 की सुरक्षा हेतु त्रिस्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है और मतगणना राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज में सम्पन्न करायी जायेगी। उन्होंने सभी गणना प्रांगणों में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रांगणों के अंदर प्रवेश को रोकने के लिए तीन स्तरीय घेरा बन्दी प्रणाली स्थापित की जाय। प्राथमिक सुरक्षा घेरा का प्रारंभ 100 मीटर की परिधि के आस-पास होगा, जो की पैदल मार्ग के रूप में निर्धारित किया जाएगा। इस परिधि के अंदर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस निर्धारित क्षेत्र की उचित वैरिकेडिंग की जानी चाहिए। प्राथमिक प्रवेश बिंदु पर पहुँचने वालों की पहचान की जाएगी। उम्मीदवारों/गणना अभिकर्ताओं और गणना के अधिकारियों की पहचान को भी प्राथमिक प्रवेश के स्तर पर पूरी तरह से सत्यापित किया जाएगा। फोटो आई-कार्ड के बिना किसी भी व्यक्ति को प्राथमिक सुरक्षा घेरा के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। 2 द्वितीय स्तर एवं मध्य घेरा मतगणना परिसर के गेट पर रहेगा। संबंधित राज्य की राज्य सशस्त्र पुलिस द्वारा दूसरे सुरक्षा घेरे में व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति देने से पहले उचित तलाशी ली जानी चाहिए। माचिस, हथियार और अन्य ज्वलनशील वस्तुएं आदि सामान अंदर नहीं जाना चाहिए। तलाशी केवल राज्य पुलिस बल के जवानों द्वारा किया गया जायेगा। महिलाओं की तलाशी केवल महिला पुलिस कर्मियों द्वारा की जायेगी। महिला होम गार्ड, उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि मोबाइल/आई-पैड, लैपटाप और इसी तरह के इलेक्ट्रानिक मतगणना हॉल के अंदर उपकरण या कोई रिकार्डिंग उपकरण नही ले जाया जायेगा। मीडिया कर्मियों को मोबाइल मीडिया कक्ष तक तथा अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों को मोबाइल जमा केन्द्र तक ले जाने की अनुमति होगी। द्वितीय स्तर पर तैनात बल भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी काउटिंग हॉल के बाहर नहीं घूम रहा है। मोबाइल फोन या अन्य संचार उपकरण इसका उपयोग केवल मतगणना केन्द्रों पर निर्दिष्ट कमरों से ही किया जा सकता है। तृतीय स्तर और सबसे भीतरी घेरा मतगणना हॉल के दरवाजे पर होगा। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) द्वारा होगा। इस स्तर पर भी उचित तलाशी की व्यवस्था होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित सामान मतगणना हॉल के अंदर नहीं ले जाया जायेगा।

# स्कूली बच्चों हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा - 2024 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीएसआर विभाग द्वारा सुहासिनी शिशु मंदिर स्कूल, गहिलगढ़ में अध्यनरत छात्र/छात्राओं हेतु स्वच्छता थीम पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग सैकड़ो बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं स्वच्छता पर आधारित खूबसुरत पेंटिंग बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। तत्पश्चात एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा एक माह के लिए आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 में शामिल सभी बालिकाओं हेतु भी स्वच्छता पर आधारित पेंटिंग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छता विषय पर आधारित इस पेंटिंग प्रतियोगिताओं में सभी बालिकाओं नें बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबन्धक (सीएसआर एवं आर एंड आर) श्री महताब आलम, कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल व सीएसआर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# राजीनामा न करने पर मृतक के परिजनों को मिल रही धमकी

**राठ (हमीरपुर)।** करीब एक पखवारे पूर्व रंगदारी कायम करने के लिए आधा दर्जन युवकों की मारपीट से दलित युवक की मौत हो गई थी। मृतक की मां ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन आरोपित राजीनामा न करने पर धमकी दे रहे है। पीड़िता ने पुलिस महानिदेशक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के ददरी गांव निवासी तुलसिया ने बताया कि उसके 25 वर्षीय पुत्र मुकेश की 9 मई को गांव की निशा व उसकी मां शिला ने बुलाया और घर ले गए थे। जहां पर पहले से घात लगाए बैठे गांव के महिलाओं सहित आठ लोग ने हथौड़ा व कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से मारपीट कर दी थी। खून से लथपथ पुत्र मुकेश को घर के बाहर फेंक गए थे।घायल मुकेश को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से उरई, झांसी और फिर ग्वालियर रेफर किया गया था। जहां 14 मई को ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उसने गांव की निशा, शीला, मातादीन, मलखान, गोविन्द, पप्पू, देवीदीन, औड़ेरा गांव निवासी अरविंद के विरुद्ध बालवा, मारपीट और हरजन एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था।

# आज होगी पोलिंग पार्टी रवाना

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** पोलिंग पार्टी रवाना स्थल राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किये स्थलीय निरीक्षण पोलिंग पार्टी रवाना स्थल पर की गयी तैयारियों का लिये जायजा वही लोकसभा सामान्य निर्वाचन, विधान सभा दुद्धी, उप निर्वाचन, 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज पोलिंग पार्टी रवाना स्थल राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी का स्थलीय निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल पर लगाये जा रहे टेंटेज, साईनीज बोर्ड, वाहन पार्किंग आदि व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लिये, इस दौरान उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि पोलिंग पार्टियों को समय से मतदान केन्द्रों के लिए प्रस्थान करने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाये, जिससे कि समय से सभी पार्टियां अपने निर्धारित पोलिंग बूथ पर पहुंच जाये, उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में लगे कार्मिकों हेतु पड़ रही गर्मी के दृष्टिगत पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये और स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों की टीमें भी मौके पर मौजूद रहें, इस दौरान उन्होंने कहा कि वाहनों के पार्किंग की समुचित तरीके से व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, जिससे कि जाम आदि की समस्या का सामना न करना पड़े। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) सुभाष चन्द्र यादव, डी0सी0 मनरेगा रमेश यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# भ्रष्टाचार में 'आप' के एक दर्जन नेता जेल और बेल पर हैं: योगी

- आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ ही खड़ी हुई थी, लेकिन अपने लक्ष्य से भटक गई'
- पंजाब के युवाओं को ड्रग माफिया की चपेट में देखकर रोता है मेरा हृदय: योगी'
- दिल्ली में साथ और पंजाब में आरोप-प्रत्यारोप कर रही है कांग्रेस और आम आदमी पार्टी': मुख्यमंत्री योगी
- योगी आदित्यनाथ ने किया वादा, भाजपा सरकार बनने पर पंजाब को 48 घंटे में माफिया मुक्त करेंगे'



अवधनामा ब्यूरो

**लुधियाना/लखनऊ।** इस चुनाव में एक तरफ सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण व विरासत का सम्मान करने वाली भारतीय जनता पार्टी है तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन है। आम आदमी पार्टी अब दागी पार्टी बन चुकी है। यह देश का पहला राजनीतिक दल है, जिसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई है। आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ी हुई थी, लेकिन इसके एक दर्जन नेता भ्रष्टाचार के मामले में ही आज जेल-बेल पर हैं। यह पंजाब की भावना के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पंजाब ने समृद्धि के नए मानक गढ़े हैं, लेकिन अब यहां माफिया हावी हो गए हैं। पंजाब का युवा सुरक्षा करने के बाद अपना पसीना बहाकर हरित क्रांति के सपने को साकार करता था। पंजाब के कारण भारत सोने की चिड़िया कहलाने का हकदार था पर आज यहां के युवाओं को ड्रग माफिया की चपेट में देखकर मेरा हृदय रोता है। पंजाब की स्थिति देखकर दुख होता है कि कांग्रेस और आप इसे कहां लेती गई। यह दिल्ली में मिलकर लड़ेंगे और पंजाब में आरोप-प्रत्यारोप करेंगे। पूरे इंडी गठबंधन का यही हाल है। इनका देश से कोई लेना-देना नहीं है।

उक्त बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने लुधियाना लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रवनीत सिंह बिट्टू और फतेहगढ़ से प्रत्याशी गेजाराम के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मैं और रवनीत सिंह बिट्टू साथ सांसद थे। वे भले ही दूसरी पार्टी में थे, लेकिन राम मंदिर, देश और पंजाब के विकास की चर्चा करते थे। मैं यूपी का चुनाव छोड़कर लोकसभा चुनाव की अंतिम जनसभा लुधियाना में करने आया हूं। अगर ऐसे युवा के लिए कांग्रेस और आप के मन में सम्मान नहीं है तो पंजाब के लिए भी सम्मान नहीं है। दोनों पार्टियां देश को आतंकवाद की आग में झोंक रही हैं। अराजकता पैदा करना चाहती हैं।

योगी ने कहा कि हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि जिस पंजाब की धरती से गुरु नानक देव ने जाकर अयोध्या में तत्कालीन राम मंदिर का दर्शन किया था। गुरु गोविंद सिंह ने निहंगों की फौज भेजी थी। गुरु गोविंद सिंह महराज ने राम जन्मभूमि के लिए राम अवतार के नाम पर सर्ग लिखा था। गुरुओं के संकल्प को मोदी जी के नेतृत्व में पूरा करने में हमें सफलता प्राप्त हुई है। इसलिए पूरा देश फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार-400 पार कह रहा है। 400 पार की बात सुनकर कांग्रेस और आप को चक्कर आता है, क्योंकि इनके पास इतनी सीटों पर लड़ने की क्षमता ही नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस को सत्ता की इतनी लालसा थी कि गुरु नानक देव की पावन स्थली करतारपुर साहिब को यह लोग भूल गए थे। मोदी जी ने करतारपुर कॉरिडोर बनाकर भारत के गौरव को बढ़ाया और गुरु परंपरा को सम्मान दिया। सनातन की ढाल बनकर गुरु तेगबहादुर ने शहादत दी थी।

# मृतकों एवं उनके परिवारों पर टूटे दुख के पहाड़ पर उच्च न्यायालय का मरहम

प्रदेश के विशालतम जनपद, लखीमपुर खीरी की निघासन तहसील में दशकों पूर्व बने पोस्टमार्टम हाउस के क्रियाशील न होने के दृष्टिगत जनमानस को हो रही गंभीर असुविधा का प्रकरण पहुंचा उच्च न्यायालय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** जनपद के जनसेवी अधिवक्ता मोहम्मद हैदर ने दाखिल करी जनहित याचिका। माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में न्यायमूर्तिद्विय राजन रॉय एवं ओम प्रकाश शुक्ल के समक्ष हुई सुनवाई । माननीय न्यायालय ने लिया याचिकाकर्ता के अनुरोधों का संज्ञान एवं उक्त पोस्टमॉर्टम हाउस के क्रियाशील न होंने का सरकार से पूछा कारण। याचिकाकर्ता ने माननीय न्यायालय से दूरस्थ तहसीलों से शवों को ज़िला पोस्टमॉर्टेम हाउस लाने, ले जाने हेतु शव वाहन नियुक्त करने के अनुरोध के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी , खीरी से।उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने और वाहनो की वर्तमान अवस्था का आंकलन कर उक्त व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया। माननीय न्यायालय ने सरकार की इस आपत्ति को नकारा , कि जनपद में पर्याप्त मानव संसाधन नहीं हैं। असामयिक एवं अप्राकृतिक आपदाओं में मृत्यु होने से टूटे हुए परिवारों की समस्याओं से आहत होकर मोहम्मद हैदर अधिवक्ता ने दाखिल की थी याचिका। याचिका दाखिल करने से पूर्व प्रकरण में मोहम्मद हैदर ने लगभग 4 वर्षों से किया था शोध एवं एकत्रित की थी वस्तुपरक जानकारी जो उनकी वृहद जनहित याचिका में उल्लिखित थी। शीघ्र चालू होगा निघासन का पोस्टमॉर्टेम हाउस।

# मदरसतुल वायेज़ीन लखनऊ में जलसा-ए-ताज़ियत मुनअक़िद

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** इमाम अली रज़ा अ0स0 के रौज़े के खादिम इस्लामिक गणराज्य ईरान के राष्ट्रपति आयतुल्लाह सैयद इब्राहीम रईसी र0अ0, ईरान के विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियान, तबरीज़ के इमाम जुमा आयतुल्लाह सैयद मुहम्मद अली आले हाशिम और दूसरे शहीदों की शहादत पर नुमायंदगी जामेअतुल मुस्तफा अल आलमिया हिंद की ओर से मदरसतुल वायेज़ीन लखनऊ में ताज़ियती जलसा मुनअक़िद हुआ। ताज़ियती जलसा का आग़ाज़ तेलावत क़ुरआन करीम से हुआ, मौलाना सफदर हुसैन जौनपुर ने तक़रीर की, आल इंडिया शिया पर्सनल ला बोर्ड और मजलिसे उलमा शिया कालेज लखनऊ के सिक्रेट्री मौलाना यासूब अब्बास, मदरसा अनवारुलउलूम प्रयागराज के प्रिंसिपल मौलाना सैयद जवाद हैदर जवादी, हौज़ा ए इल्मिया हज़रत ग़ुफरान मआब र0अ0 लखनऊ के प्रिंसिपल, इमाम जुमा लखनऊ मौलाना सैयद रज़ा हैदर ज़ैदी, मौलाना मोहसिन तक़वी इमाम जुमा शिया जामा मस्जिद दिल्ली, जामेअतुल मुस्तफा अल आलमिया के हिंदुस्तान में नुमायंदे हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लेमीन आक़ाए रज़ा शाकिरी ने तक़रीर की और अपने ख़्यालात पेश किये। आखिर में आयतुल्लाह सैयद हमीदुलहसन ने मजिस को खेताब किया। जलसे में लखनऊ के मदरसों के जिम्मेदारों, टीचर्स, स्टूडेंट, लखनऊ शहर कि शिया मसाजिद के इमामे जमाअत, उल्मा, मुबल्लेग़ीन, इसी तरह लखनऊ शहर के करीब के जिलों और शहरों से उल्मा, मुबल्लेग़ीन ने शिरकत की।

## पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सातवें चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 403-दुद्धी (अजजा) विधानसभा उप निर्वाचन हेतु 01 जून, 2024 को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए 31 मई, 2024 (शुक्रवार) को मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सातवें चरण में प्रदेश के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 63-महराजगंज, 64-गोरखपुर, 65-कुशीनगर, 66-देवरिया, 80-राबर्ट्सगंज (अ0जा0) तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) की सीट प्रदेश के 11 जनपद महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर तथा सोनभद्र में आते है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आर्थिक व सामरिक रूप से हुआ मजबूत: केशव

- देश में आतंकवाद व नक्सलवाद का खात्मा हुआ
- किसान को सम्मान निधि मिलती रहेगी

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी/लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को वाराणसी के मडुआडीह, वाराणसी के मंगलम् वाटिका तथा वाराणसी के शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के बागेश्वरी मंडल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मतदाताओं से संवाद किया।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक व सामरिक रूप से मजबूत हुआ है। देश में आतंकवाद व नक्सलवाद का खात्मा हुआ है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने कमल के फूल का बटन दबाया तो काशी में बाबा विश्वनाथ के भव्य कॉरिडोर का निर्माण हुआ। जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त हो गई। नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही पाक अधिकृत कश्मीर में भी तिरंगा फहराएगा। नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही 5 साल गरीब को राशन मिलता रहेगा। किसान को सम्मान निधि मिलती रहेगी। तीन करोड़ गरीबो को पक्का घर मिलेगा तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क इलाज की आयुष्मान योजना से जोड़ा जाएगा।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी का सर्वांगीण विकास किया है, सड़क मार्ग हो, वायु मार्ग हो, रेल मार्ग हो या जल मार्ग कोई ऐसा क्षेत्र नहीं बचा जिसका विकास न हुआ हो। इसलिए काशी की जनता इस बार नरेन्द्र मोदी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएगी।

## एकेटीयू से संचालित इंजीनियरिंग और तकनीकी कॉलेजों को बन्द करने की मांग

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी व नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर एकेटीयू से संचालित इंजीनियरिंग और तकनीकी कॉलेजों को 1 जुलाई तक बन्द करने की मांग की है। नेताद्वय ने अपने पत्र में लिखा कि तमाम स्कूल, कॉलेज विशेष रूप से इंजीनियरिंग कॉलेज और तकनीकी कॉलेज इस भीषण गर्मी में सत्र पूरा न कर पाने की वजह से अनवरत चलाए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में इन कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थान आना पड़ता है। भयंकर गर्मी की वजह से छात्र-छात्राएं हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं। नेताद्वय ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि कॉलजों को बन्द कर दिया जाए। नेताद्वय ने आज की तारीख से 1 जुलाई तक एकेटीयू से संचालित इंजीनियरिंग और तकनीकी कॉलेजों को बन्द करने की मांग की।

# मंडल मंत्री आरएन गर्ग ने हॉस्पिटल के रूप रेखा का किया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

- पीने के ठंडे पानी हेतु वाटर कूलर की व्यवस्था करवाई

**लखनऊ।** एन ई रेलवे मजदूर यूनियन की ओर से मंडल मंत्री आर एन गर्ग ने बादशाह नगर रेलवे हॉस्पिटल पहुँच कर हॉस्पिटल के रूप रेखा का औचक निरीक्षण किया । मौसम के मिजाज को देखते हुए इस भीषण गर्मी में उन्होंने हॉस्पिटल के विभिन्न वार्डो में लगे उपकरणों का निरीक्षण किया ,मौके पर खराब पड़ी एसी की शिकायत सीएमएस से की इसके बाद दवा वितरण काउंटर पर लंबी कतारों को कम करने हेतु प्रशासन से बात की, जिससे बीमार एवं वृद्ध लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। तत्पश्चात हॉस्पिटल में कार्यरत स्टाफ से मिलकर उनके कार्यानुभवों को जाना एवम किसी भी प्रकार की समस्या के निवारण हेतु आश्वासन दिया। हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिवार के सदस्यों से मिलकर हॉस्पिटल में मिल रही सुविधाओं के विषय मे भी जानकारी ली एवं सीएमस से मिलकर मरीजों के गुणवत्तापूर्ण इलाज एवं सुविधाओं की बढ़ोतरी के लिए विचार विमर्श किया तथा यूनियन की तरफ से हरसम्भव सहायता हेतु आश्वाशन दिया। गोमती नगर कैरेज डीपो के कर्मचारियों ने लंबे समय से व्याप्त पीने के पानी की समस्या हेतु एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री आर एन गर्ग और शाखा मंत्री सफदर हुसैन से अपनी समस्या को बताया। बादशाहनगर के शाखा मंत्री सफदर हुसैन के अथक प्रयासों से तेज गर्मी के मौसम को देखते हुए शाखा मंत्री ने तत्परता से कार्य को संज्ञान में लेकर पीने के ठंडे पानी हेतु वाटर कूलर की व्यवस्था करवाई। जिससे गोमती नगर डिपो के कर्मचारी बहुत खुश है।

# बिना भय राष्ट्रहित में करें मतदान: अली जफर

- मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

अवधनामा ब्यूरो



**घोसी/लखनऊ।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डा. इंद्रेश कुमार के निर्देशन में मंच के कार्यकर्ता व पदाधिकारी देश के सर्वांगीण विकास के साथ साथ आपसी भाईचारा बना रहे। हमारी संस्कृति सुरक्षित रहे राष्ट्र का विकास निरंतर गति से होता रहे और भविष्य में ना रुके इस निमित्त संपूर्ण जिलों में भ्रमण कर रहे हैं। उसी क्रम में आज कुर्थी जाफर पूरा के मोहल्ला हुसैनाबाद मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में एक बैठक मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित लोगों के बीच में हुई जिसमें मुख्य वक्ता डॉ अनील सिंह और डा. अली जफर रहे। अली जफर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सतवें और आखरी चरण के लिए एक जून को घोसी लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। चुनाव शान्ति पूर्ण व सकुशल संपन्न कराना हम सबकी प्राथमिकताओं में है। आप सभी लोग बिना डर व भय के अपने घरों से निकलिए और मज़बूत भारत के निर्माण के लिए अपना मत राष्ट्रहित में समर्पित कीजिए। डा. अनील सिंह ने कहा कि हम सबकी पहली ज़िम्मेदारी है कि एक भी व्यक्ति मतदान करने से छूटने न पाए सबको मतदान कराना है। इस मौके पर हाफिज राजीउद्दीन, इजहारुल हसन, महफूज़ , मोहम्मद तकी, आगा जरजीस, आकिब, जाफरी, सिबतैन, मुहम्मद शहवार, मस्जुद असगर आदि लोग उपस्थित रहे।

## अब तक 1,86,83,001 प्रचार सामग्री हटायी गयी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,86,83,001 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यशाला आयोजित



- डॉ. मुकेश मतानहेलिया ने तंबाकू उद्योग की उन खतरनाक रणनीतियों पर प्रकाश डाला, जो युवाओं और बच्चों को लक्षित करती हैं।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में आज बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी), उत्तर प्रदेश और यू.पी. वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन (यूपीवीएचए) द्वारा किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), श्वसन चिकित्सा विभाग, पल्मोनरी पुनर्वास केंद्र, तंबाकू निषेध क्लिनिक, और ड्रग रेसिस्टेंट टीबी केयर के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के सहयोग से किया गया। यह कार्यक्रम केजीएमयू के श्वसन चिकित्सा विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। कार्यशाला में तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र के प्रतिष्ठित वक्ताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें एनटीसीपी, यूपी के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश मतानहेलिया; केजीएमयू के श्वसन चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. सूर्य कांत; एनटीसीपी के राज्य सलाहकार सतीश त्रिपाठी; केजीएमयू, लखनऊ के श्वसन चिकित्सा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अंकित कुमार; और यूपीवीएचए के कार्यकारी निदेशक विवेक अवस्थी शामिल थे। डॉ. मुकेश मतानहेलिया ने तंबाकू उद्योग की उन खतरनाक रणनीतियों पर प्रकाश डाला, जो युवाओं और बच्चों को लक्षित करती हैं। उन्होंने तंबाकू छोड़ने की कठिनाई को रेखांकित किया, लेकिन जोर देकर कहा कि यह लगातार प्रयासों से संभव है। इसके बाद, अगले वक्ता डॉ सूर्य कान्त ने बताया कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से विश्व में हर साल जहाँ 80 लाख लोग दम तोड़ देते हैं वहीं भारत में इससे हर साल 13.5 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

# मदरसा परीक्षाओं में भी छात्राओं ने बाजी मारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी-मौलवी (सेकेण्ड्री), आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री), कामिल और फाजिल परीक्षाओं का परिणाम गुरुवार को जारी हुआ। प्रदेश में इस वर्ष 1,14,723 छात्रों ने मदरसा बोर्ड की परीक्षा दी थी, जिसमें से 88.5 प्रतिशत कुल 1,01602 परीक्षार्थी सफल घोषित हुए। मदरसा परीक्षाओं में भी अन्य बोर्डो की भांति ही छात्राओं ने बाजी मारते हुए 90.3 प्रतिशत सफल हुई, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.7 प्रतिशत रहा। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने मदरसा परीक्षाओं में सफल परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं बोर्ड के सदस्य कमर अली ने परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी मायूम न हों और लगन और मेहनत से तैयारी कर अगले वर्ष अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हों। उन्होंने सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह हैं इस वर्ष के टॉपर मदरसा बोर्ड की मुंशी-मौलवी (सेकेण्ड्री) परीक्षा में इस वर्ष झांसी के असद खान वारसी प्रथम स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर देवरिया की अफीफा परवीन और और तीसरे पर भी देवरिया की लाडली खातून ने सफलता प्राप्त की।

# पत्रकारिता है लोक कल्याण का काम: दिनेश दूबे

- पत्रकार एसोसिएशन ने मनाया पत्रकारिता दिवस, प्रेस क्लब में आयोजित हुआ समारोह



अवधनामा ब्यूरो

**सुलतानपुर/लखनऊ।** पत्रकारिता लोक कल्याण का काम है। हम सभी रचनात्मक और सकारात्मक पत्रकारिता करें। खबरों को तथ्यों की कसौटी पर कस कर ही पेश करें।

यह बातें वरिष्ठ पत्रकार दिनेश दूबे ने कहीं। वह हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार एसोसिएशन द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार सम्मेलन को बतौर अध्यक्ष सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्य अतिथि लखनऊ से प्रकाशित एक समाचार पत्र के सम्पादक मोहम्मद आलम रिजवी ने कहा थके हारे परेशान व्यक्ति की बात सही जगह पहुंचाना पत्रकारिता का काम है। पत्रकार गांव की बात सरकार तक पहुंचाते हैं। पत्रकारिता समाजसेवा है। पत्रकार बनना आसान नहीं है। पत्रकार जनता का मसीहा है।

विशिष्ट अतिथि जिला सूचना अधिकारी डॉ.धीरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि पत्रकार खबरों की गुणवत्ता बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें। पत्रकारिता करने वालों पर कभी कोई संकट नहीं रहा है। समारोह का संचालन कर रहे राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि हिन्दी का पहला दैनिक समाचार पत्र उदन्त मार्तंड नारद जयंती के दिन प्रकाशित हुआ था। इस पत्र के सम्पादक ने महर्षि नारद को ही अपना अखबार समर्पित किया था। संयोग से उस दिन तीस मई थी। कालांतर में हमने नारद जयंती को भुलाकर तीस मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाना शुरू कर दिया। स्वागत अम्बरीष मिश्र व आभार ज्ञापन पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अवधेश शुक्ला ने किया।इस अवसर पर आशुतोष मिश्र, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, विनोद पाठक, सर्वेश सिंह, सुधा सिंह, आमिल सिद्दीकी, सर्वेश सिंह, अरुण जायसवाल, डॉ.हरिश्चंद्र श्रीवास्तव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संगठन के महासचिव के के तिवारी, कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, मीडिया प्रभारी बृजेश शुक्ला, इम्तियाज रिजवी, अनिल द्विवेदी, दीपक मिश्रा, पीर मोहम्मद, उदय मिश्रा, नीतेन विश्वास, मोनू श्रीवास्तव, धर्मेंद्र त्रिपाठी, इम्तियाज खान, प्रेम वर्मा, परमानंद मिश्रा समेत जिले भर से आये सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।

# सभ्यता की रक्षा के लिए 'नया दौर' हमारा प्रतिनिधित्व करता रहे हैं: आरिफ नकवी

अवधनामा ब्यूरो

- आधुनिक काल में उर्दू भाषा के इतिहास को भी 'नया दौर' में अच्छी तरह से खोजा जा सकता है: प्रो. रेशमा परवीन
- 1955 से चल रहा 'नया दौर' आज भी जनमानस की साहित्यिक सेवाओं में लगा हुआ है: डॉ. मूसा रजा

**मेरठ/लखनऊ।** उर्दू विभाग, सीसीएसयू एवं इंटरनेशनल उर्दू स्कॉलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम 'अदबनुमा' के अंतर्गत 'न्यू एज लिटरेरी सर्विसेज' विषय पर अपने अध्यक्षीय भाषण में जर्मनी के सुप्रसिद्ध लेखक श्री आरिफ नकवी ने कहा कि आज 75 वर्ष से अधिक का लम्बा समय बीत चुका है और 'नया दौर'अभी भी महान भूमिका निभा रहा है। यह पत्रिका उर्दू की आवाज़ है और एक ऐसी आवाज़ है जिसने शांति, दोस्ती, भाईचारा, गुणवत्तापूर्ण साहित्य को बढ़ावा दिया है। पर कदम उठाना मुश्किल हो जाता है। सभ्यता की रक्षा के लिए 'नया दौर' हमारा प्रतिनिधित्व करता रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सईद अहमद सहारनपुरी ने पवित्र कुरान की तिलावत से की। कार्यक्रम की सरपरस्ती उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. असलम जमशेदपुरी ने की, इरफान आरिफ, जम्मू और शाहे जमन मेरठ ने शोध लेखक के रूप में भाग लिया। जबकि वक्ता के रूप में आयुसा की अध्यक्ष प्रो. रेशमा परवीन ने भाग लिया, डॉ. इरशाद सयानवी ने परिचय दिया, धन्यवाद ज्ञापन सैयदा मरियम इलाही और संचालन रिसर्च स्कॉलर इलमा नसीब ने किया।इस अवसर पर उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. असलम जमशेदपुरी ने कहा कि 'नया दौर' एक ऐसी पत्रिका है जिसका उर्दू में अपना अलग स्वरूप है। हम इस पत्रिका के सभी संपादकों को 75 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हैं। यह एक दस्तावेज़ है जो आधुनिकतावाद, उत्तर आधुनिकतावाद और प्रगतिवाद के युग में काम आया। कार्यक्रम में पढ़े गए आलेखों में शाहे ज़मन ने '21वीं सदी में नये युग की साहित्यिक सेवाएँ', डॉ. मूसा रज़ा ने 'साहित्य की सबसे मूल्यवान पूँजी- नया दौर' और इरफ़ान आरिफ़ ने 'नए युग की साहित्यिक सेवाएँ' का संबंध व्यक्त किया। नया दौर नये युग की आवाज है। भारतीय शहर लखनऊ की पत्रिका को सरकार द्वारा जनता तक अच्छी तरह से पहुंचाया गया है। इसका पहला अंक 'नया दूर' 1955 में प्रकाशित हुआ था।